सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 44.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-346 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 28 मई 2024

19 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# तूफान रेमल से हाहाकार

## बंगाल में छह तो बांग्लादेश में 10 की मौत, 394 उड़ानें रद्द

**चक्रवात**

**कोलकाता।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' ने पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में तबाही मचा दी है। प्रभाव के कारण बांग्लादेश के निचले तटीय इलाकों से लगभग 800,000 लोगों को निकाला गया। चक्रवात रविवार देर रात पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा क्षेत्र के पास पहुंचा। सोमवार की सुबह तेज हवा के साथ भारी से बहुत भारी बारिश हुई। बांग्लादेश का अधिकांश हिस्सा प्रभावित हुआ। बंगाल में 2 और बांग्लादेश में 10 की मौत हुई है और 394 उड़ानें प्रभावित हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि चक्रवात रेमल उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने से पहले कुछ समय तक लगभग उत्तर की ओर बढ़ता रहेगा और धीरे-धीरे एक चक्रवाती तूफान में कमजोर हो जाएगा। एएआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि खराब मौसम के कारण कोलकाता जाने वाली आठ उड़ानों को गुवाहाटी, गया, वाराणसी और भुवनेश्वर जैसे अन्य हवाईअड्डों पर डायवर्ट करना पड़ा है। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक सी पट्टाभि ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसी भी बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं हुआ है। जलभराव की कोई समस्या नहीं हुई क्योंकि हमने पानी निकालने के लिए कुशल पंपों का इस्तेमाल किया। असम और त्रिपुरा समेत पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में चक्रवात रेमल की वजह से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। असम के असम के चिरांग, गोलपाड़ा, बक्सा, दीमा हसाओ, कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा के लिए रेड अलर्ट और धुबरी, दक्षिण सलमारा, होजाई और पश्चिम कार्बी आंगलोंग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



**15000 घर हुए क्षतिग्रस्त**

**असम-त्रिपुरा समेत कई राज्यों में भारी बारिश के आसार**

> पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेमल से प्रभावित सुंदरबन और अन्य तटीय इलाकों की स्थिति का जायजा लिया। सीएम ने मुख्य सचिव से फोन पर बात कर मृतकों और घायलों की संख्या तथा हुए नुकसान और राहत कार्यों की जानकारी ली। बनर्जी ने सोशल मीडिया पर कहा कि चक्रवात से राज्य को काफी नुकसान हुआ है।

### राजकोट हादसे पर गुजरात हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को लगायी फटकार

# हमें अब आप पर विश्वास नहीं

**टिप्पणी**

- **गेमिंग जोन सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा है**
- **क्या आप अंधे हो गए, ढ़ाई साल से चल रहा था गेम**

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट गेम जोन हादसे पर राज्य सरकार को फटकार लगाई है। स्वतः संज्ञान लेने के बाद गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस बीरेन वैष्णव और देवेन देसाई की बेंच ने कहा कि 28 लोगों की मौत हत्या से कम नहीं है।

हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सरकार और उससे जुड़े हुए तंत्र पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट अग्निकांड पर 26 मई को स्वतः संज्ञान लिया था और कहा था कि यह मानव निर्मित त्रासदी हैं। हाईकोर्ट ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, राजकोट समेत अन्य नगर निगमों के वकील मौजूद हैं। राजकोट गेम जोन हादसे को लेकर गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई जारी है। याचिकाकर्ता और सरकार के वकील की तरफ से दलीलें पेश की जा रही हैं। राज्य सरकार की तरफ से दोनों अपर महाधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य सरकार में निर्माण के लिए जीडीसीआर नियमों का पालन करना होगा। किंतु, जीडीसीआर के नियम महज दिखावा हैं। इन नियमों का कभी पालन नहीं किया गया है। स्वतः संज्ञान लेने के बाद गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस बीरेन वैष्णव और देवेन देसाई की बेंच ने कहा कि 28 लोगों की मौत हत्या से कम नहीं है। सिस्टम सारा पैसा इकट्ठा कर क्या करता है?

**28 लोगों का मरना हत्या से कम नहीं**



राजकोट गेम जोन में भी कोई अनुमति नहीं ली गई। आवेदक के वकील निर्माण के मामले में जीडीसीआर के नियमों पर भी अपना पक्ष रखा। कहा कि जीडीसीआर में क्या नियम हैं और किन नियमों का पालन किया जाना चाहिए। 28 लोगों का मरना हत्या से कम नहीं है। जो नियम बनाए गए हैं, उनका पालन कराने में सक्षम विभाग असफल है। क्या कदम उठाए गए? इसकी पहुंच कैसे हुई?

# मैं भागूंगा नहीं, नौ जून को कर दूंगा सरेंडरः केजरीवाल

**रिपोर्ट**

- **केजरीवाल को होल्टर मॉनीटर पहनना होगा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर मेडिकल जांच के लिए अंतरिम जमानत की अवधि एक सप्ताह और बढ़ाने का अनुरोध किया है।

केजरीवाल ने दाखिल अर्जी में डॉक्टर की सलाह संलग्न करते हुए कहा है कि हिरासत के दौरान उनका छह-सात किलो वजन कम हुआ है और अचानक घटे वजन व सेहत संबंधी अन्य दिक्कतों को देखते हुए उन्हें पेट-सीटी (पीइटी-सीटी)स्कैन सहित कई चिकित्सीय जांचे कराने की जरूरत है जिसमें पांच - सात दिन का समय लगेगा। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि मेडिकल जांचों को देखते हुए उनकी अंतरिम जमानत की अवधि एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी जाए और उन्हें 2 जून के बजाए 9 जून को समर्पण करने की इजाजत दे दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने गत 10 मई को केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए एक जून तक सशर्त अंतरिम जमानत दी थी और दो जून को दोबारा समर्पण करने का आदेश दिया था।



> डॉक्टर ने उन्हें पूरे शरीर का पेट-सीटी स्कैन कराने को कहा है ताकि किसी तरह की मेलेग्नेंसी (कैंसर) न होना सुनिश्चित हो। इसके साथ ही होल्टर मानीटर टेस्ट करना होगा जिसमें उन्हें कुछ दिनों के लिए होल्टर मॉनीटर पहनना होगा जो उनकी रोजाना की गतिविधियों को चिन्हित करके हृदय में किसी तरह की गड़बड़ी न होने का पता लगाएगा। इन सब जाचों में पांच-सात दिन लगेंगे।

# आरक्षण देश की अखंडता के लिए चुनौतीः योगी

### मुस्लिम आरक्षण को लेकर कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के दलों में मची होड़ खतरनाक : सीएम

**पलटवार**

- **सपा मुस्लिम तुष्टिकरण की हदें पार करने वाली पार्टी, कांग्रेस का इतिहास भी है दागी**
- **कर्नाटक में ओबीसी के आरक्षण में कांग्रेस ने लगाई है सेंध**

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के दलों पर एक बार फिर हमला बोला है।

इस मामले में कांग्रेस का इतिहास दागी बताते हुए तथा समाजवादी पार्टी को तुष्टिकरण की हद पार करने वाली पार्टी करार देते हुए उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान की मूल भावना के विपरीत और पूरी तरह असंवैधानिक कृत्य है। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को अगर थोपने का प्रयास हुआ तो यह देश की अखंडता के लिए चुनौती होगी। सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए घोसी संसदीय क्षेत्र रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने मुस्लिमों को आरक्षण देने को लेकर विपक्षी दलों में मची होड़ को खतरनाक बताते हुए कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है। भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान सभा में इसका पुरजोर विरोध किया था। इसके बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के उसके सहयोगी दलों में मुस्लिम आरक्षण देने की होड़ लगी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास तो इस मामले में बहुत ही दागी रहा है। केंद्र में यूपीए सरकार के समय कांग्रेस ने 2006 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र कमेटी गठित कर आरक्षण में ओबीसी का हिस्सा काट करके मुसलमानों को देने का कुत्सित प्रयास किया था। इसी तरह कांग्रेस ने जस्टिस राजेंद्र सच्चर की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर कुछ मुस्लिम जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कर अनुसूचित जाति के आरक्षण में सेंध लगाने का घिनौना प्रयास किया था। दोनों ही मामलों में भाजपा और एनडीए ने विरोध किया था। कांग्रेस की जब आंध्र प्रदेश में सरकार थी तो उसने ओबीसी के आरक्षण में से मुसलमानों को आरक्षण दे दिया था। जबकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने मुसलमानों की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाई है।



**ओबीसी, एससी-एसटी आरक्षण को सुरक्षित रखेगी भाजपा**

सीएम योगी ने कहा कि देश धर्म के आधार पर ही विभाजित हुआ था। इसलिए बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि देश के अंदर धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार का आरक्षण नहीं होना चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति को आरक्षण भारत के संविधान के द्वारा दिया गया है। मंडल आयोग की सिफारिश के आधार पर ओबीसी को आरक्षण का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एससी-एसटी व ओबीसी के आरक्षण को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी प्रकार के मुस्लिम आरक्षण का विरोध करती है। मुस्लिम आरक्षण असंवैधानिक है। अगर इस प्रकार की कुप्रथा को थोपने का प्रयास होगा तो यह देश की अखंडता के लिए चुनौती होगी।

### पहला बड़ा मंगल आज

**लखनऊ।** धार्मिक मान्यता के अनुसार, मंगलवार के स्वामी श्री रामदूत हनुमानजी हैं। इसलिए हर मंगलवार को इनकी पूजा विशेष रूप से का जाती है। लेकिन सभी मंगलवारों में से ज्येष्ठ मास में आने वाले मंगलवार बहुत ही महत्वपूर्ण माने गए हैं। इन्हें बड़ा मंगल और बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। ऐसे में ज्येष्ठ के महीने में 4 बार बुढ़वा मंगल मनाया जाएगा। 28 मई के दिन पहला बड़ा मंगल होगा, इसके बाद 4, 11 और 18 जून को बड़ा मंगल है। शास्त्रों के अनुसार ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दिन ही भगवान श्रीराम और हनुमान जी की पहली बार भेंट हुई थी। इसी वजह से इस महीने में पड़ने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। इस दिन की महिमा भी बहुत बड़ी है, माना जाता है कि इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से जीवन की सभी दुख-तकलीफें दूर हो जाती हैं। माना जाता है कि बड़ा मंगल को पर्व के रूप में मनाने की शुरुआत यहीं से हुई थी।

# धर्म के आधार पर देश में आरक्षण नहीं आने देंगेः शाह

**जवाब**

**शकील अहमद**

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को कुशीनगर पहुंचे यहां उन्होंने उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन को अपने निशाने पर रखा।

तथागत भगवान बुद्ध, सूर्य मंदिर सिधुआ बाबा, खिरकिया माई, बुढ़िया माई को नमन करते हुए गृहमंत्री ने दावा किया देश की जनता ने तय कर लिया है कि अगले 5 साल नरेन्द्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। 6 चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। 5 चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। 4 जून को मोदी जी, भाजपा और एनडीए की विजय निश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना, राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि इवीएम के कारण हम हारे हैं। और हार का ठीकरा भी खड़गे साहब पर फूटेगा। घमंडिया गठबंधन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये झूठ के आधार पर जीने वाले लोग हैं। इन्होंने कहा है कि हम मुस्लिम आरक्षण देंगे। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को भुगतना पड़ेगा। अगर गलती से भी ये जीत गए, तो पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित का आरक्षण छीनकर ये मुसलमानों को देने का काम करेंगे। इन्होंने (इंडी गठबंधन) कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां (बंगाल) हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। मगर आप चिंता मत कीजिए, न ये जीतने वाले हैं और न हम ऐसा होने देंगे। जब तक नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। सपा और कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मामले को अटका कर बैठे थे जबकि मोदी जी ने 5 साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। मोदी जी ने सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, बल्कि औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया काशी विश्वनाथ का मंदिर भी बनाया और सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है।

(संबंधित खबर पेज-13 पर)



- **गठबंधन पर जमकर बरसे गृहमंत्री**
- **सत्ता में ये लोग आ जायेंगे तो पिछड़ों, दलितों का आरक्षण मुस्लिम को दे देंगे**

**पीओके भारत का है हम इसे लेकर रहेंगे**

> कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। अरे राहुल बाबा आपकी पार्टी एटम बम से डरती होगी, हम भाजपा वाले नहीं डरते। आज मैं यहां से कहकर जाता हूं कि पीओके भारत का था, है और हम इसे लेकर रहेंगे। श्री शाह ने कहा कि ये घमंडिया गठबंधन परिवारवादियों का गठबंधन है। उसके दलों के अध्यक्षों का लक्ष्य अपने बेटे-बेटी और भतीजों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है। इस चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाले दो शहजादे राहुल बाबा और अखिलेश यादव हैं। वहीं दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद जिनपर 25 पैसे का भी आरोप नहीं है, ऐसे हमारे नेता नरेन्द्र मोदी जी हैं। ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। समाजवादी पार्टी की ही सरकार थी जिसने कारसेवकों पर गोलियां चलाईं थी। आप रामभक्तों पर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को वोट दे सकते हो क्या?

# 31 को एसआईटी के सामने पेश होंगे प्रज्वल रेवन्ना

**आरोप**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से सासंद और जेडी-एस से निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों के बाद कर्नाटक की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। बता दें कि 27 अप्रैल को रेवन्ना विदेश चले गए थे। ठीक एक महीने बाद प्रज्वल रेवन्ना का कहना है कि वह 31 मई को सुबह 10 बजे मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने पेश होंगे।

रेवन्ना ने कहा 'मैं 31 मई की सुबह 10 बजे व्यक्तिगत रूप से एसआटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मैं जांच में एसआईटी की मदद करूंगा और खुद पर लगे आरोपों का जवाब दूंगा। मुझे अदालत पर पूरा भरोसा है।' हासन सासंद के अनुसार उन्हें भगवान, अपने समर्थकों और अपने परिवार की दुआओं पर पूरा भरोसा है। प्रज्वल ने कहा 'मुझ पर भरोसा रखें, मैं एसआईटी के सामने पेश होकर इस मामले को समाप्त करने की पूरी कोशिश करूंगा।' हालांकि, प्रज्वल के स्वदेश लौटने को लेकर उनके परिवार की तरफ से तत्काल कोई पुष्टि नहीं की गई है। बता दें पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन शोषण का आरोप है। वह हासन लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी हैं। हासन लोकसभा क्षेत्र में मतदान के ठीक एक दिन बाद, 27 अप्रैल को प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।



# बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट से झटका, जमानत याचिका खारिज

**मारपीट**

- **हाईकोर्ट जाएंगे केजरीवाल के करीबी**

**नई दिल्ली।** अदालत ने सोमवार को स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। तीस हजारी कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने यह आदेश पारित किया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके बाद उन्हें पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

24 मई को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के आवास पर कुमार ने उनके साथ मारपीट की। बिभव कुमार के वकील ने अदालत को बताया कि वह बिना बुलाए मुख्यमंत्री आवास पर आई और जबरन घर में घुस गई। अदालत को बताया गया कि उन्हें किसने बुलाया था। क्या उन्हें बुलाया गया था। वकील ने सवाल उठाया कि मालीवाल ने उसी दिन पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई और उनकी जांच दिल्ली के किसी सरकारी अस्पताल में क्यों नहीं कराई गई, बल्कि एम्स में कराई गई। कहानी को सही साबित करने के लिए सब कुछ पहले से ही योजनाबद्ध था। इन सबके बीच दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि मालीवाल को सीने और गर्दन पर मारा गया और घसीटा गया, इस दौरान उनका सिर टेबल से टकरा गया था।

**सोशल मीडिया पर निशाना बनाया जा रहा : मालीवाल**



स्वाति मालीवाल ने व्यक्तिगत रूप से अदालत को बताया कि आप नेताओं और उनकी सोशल मीडिया टीम की ओर से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यू-ट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि घटना पर वीडियो प्रकाशित करने के बाद से उन्हें जान से मारने और बलात्कार की धमकियां मिल रही हैं। मालीवाल ने कहा कि अगर बिभव कुमार को बाहर आने दिया गया, तो उनके और उनके परिवार की जान को गंभीर खतरा हो जाएगा।

**मौसम** | **दिल्ली का तापमान 45 पार, गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल**

# गर्मी कुछ तो रहम कर...

**आफत**

- **भीषण गर्मी का बढ़ रहा है सितम**
- **अधिकतर इलाकों में भीषण लू की स्थिति बनी**

**नई दिल्ली।** राजधानी में झुलसाने वाली गर्मी कहर बरपा रही है। भीषण लू से लोग परेशान हैं। गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल दिखे। दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, चार साल बाद 27 मई के दिन पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। इससे पहले 2020 में इस दिन अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिल्ली शहरी केंद्रों में मुंगेशपुर, नजफगढ़ व नरेला इलाके में 48 डिग्री सेल्सियस के पार पारा पहुंचा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए लू का रेड अलर्ट जारी किया है। ऐसे में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस जाने का अनुमान है। भीषण गर्मी का सितम बढ़ रहा है। आलम यह है कि एसी, कूलर व पंखे भी जवाब दे रहे हैं। सोमवार को सुबह से चिलचिलाती गर्मी देखने को मिली। गर्मी से बचने के लिए लोग सुबह से ही अपने घरों में कैद रहे। दोपहर से पहले ही गर्मी से लोगों के पसीने छूटने लगे। जो लोग बाहर थे, वह छाया की तलाश में दिखे। सुबह से ही गर्म हवा के थपेड़े चलते रहे। अधिकतर इलाकों में भीषण लू की स्थिति बनी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस के साथ 29.3 डिग्री दर्ज किया गया।

**आगरा और झांसी का पारा 47 के पार**

- **लखनऊ में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर रहा**

पूरा यूपी गर्मी और लू की चपेट में है। नौतपा लगने के बाद पारा लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई है। सोमवार को दोपहर दो बजे ही आगरा और झांसी का तापमान 47 के पार हो गया। इसमें और बढ़ोत्तरी भी हो सकती है। इधर राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के इलाकों में दोपहर 12 बजे से ही तापमान 43 पार कर गया। मौसम विभाग के अनुसार आज यूपी के कुछ जिलों में इस सीजन का सर्वाधिक तापमान रिकॉर्ड हो सकता है। गर्मी से झुलसा देने वाले हालात पूरे उत्तर प्रदेश में हैं। रविवार को राज्य के ज्यादातर हिस्सों में चढ़ा हुआ पारा प्रचंड गर्मी का अहसास करा रहा था। झांसी 47.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। जबकि आगरा में पारा 46.8 और कानपुर में 46.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।



## जनपद स्तरीय क्रिकेट टीम में चयनित हुये अभय सिंह





*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** ''जो होता है होने दो, पौरुषहीन कथन है यह, जो हम चाहेंगे वो होगा, इन शब्दों में जीवन है, इन पंक्तियों को चरितार्थ कर दिखाया स्थानीय विद्यालय टी.पी.आर.एस. एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में शारीरिक शिक्षा के अध्यापक अमन वर्मा ने। मोहमदी क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। आवश्यकता है अमन वर्मा जैसे अनुभवी कोच की। सही दिशा में सही समय पर मेहनत और लगन से किया गया प्रयास उन्नति के मार्ग को प्रशस्त करता है। वर्ष 2021 में अमन वर्मा ने 'टी.पी.आर.एस. क्रिकेट एकेडमी' का शुभारम्भ किया था। इसी क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी अभय सिंह ने जनपद स्तरीय क्रिकेट टीम में चयनित होकर आज पुनः एक बार मोहमदी जनता को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। कोच अमन वर्मा ने खिलाड़ियों में मेहनत, लगन और अनुशासन के बीजारोपड़ कर जनपद स्तरीय क्रिकेट टीम में इससे पूर्व वैष्णव आनन्द गुप्ता व शुभम सोनी चयनित किए जा चुके हैं। आज विद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल है।

विद्यालय प्रबन्धक आनन्द कुमार गुप्ता (एडवोकेट) ने चयनित खिलाड़ी अभय सिंह को मीठा खिलाकर ढेरों बधाइयो एवं शुभकामनाएं प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव ने चयनित खिलाड़ी की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने की शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम के मध्य टी.पी.आर.एस. क्रिकेट एकेडमी के कोच अमन वर्मा ने सकारात्मक उर्जा से अपने समस्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी को और अधिक मेहनत करनी है क्योंकि अब आपको प्रदेश स्तर की टीम में चयनित होना है।

मैं आपके श्रम बिन्दुओं को व्यर्थ नही जाने दूंगा। एक दिन आप सभी सम्पूर्ण देशवासियों को गौरव प्रदान करने का हेतु बनें। इन खुशी के क्षणों में विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने चयनित खिलाड़ी को अनन्त मंगल शुभकामनाएँ और बधाईयाँ प्रदान की।

## पत्नी को बिदा कराने गये युवक को उसके ससुरालीजनों ने पीटा

**लखीमपुर खीरी।** फूलबेहड कोतवाली क्षेत्र के गौरा घोसियाना निवासी एक युवक की ससुराल धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के बगहा घोसियाना में है। युवक अपनी पत्नी को विदा कराने तीन दिन पूर्व ससुराल पहुंचा तो ससुरालीजनों ने उसे बंधक बनाकर कर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची यूपी 42 पुलिस ने उसे छुडाया। युवक ने आरोपी ससुरात्रियों के विरुद्व तहरीर दी है। थाना फूलबेहड क्षेत्र के गौरा घोसियाना गांव निवासी सहाबुद्दीन अपनी पत्नी को बिदा कराने कोतवाली क्षेत्र के बगहा घोसियाना मजरा गुलरिया तालुके अमेठी तीन दिन पहले आया था। पत्नी की विदाई को लेकर कुछ कहासुनी हो गई। आरोप है इसी बीच ससुरात्रियों ने सहाबुद्दीन को बंधक बनाकर पीटा और कमरे में बंद कर दिया। तभी पीड़ित ने बंद कमरे से ही यूपी 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे कमरे से निकाला। इस दौरान आरोपी फरार हो गए। यूपी 112 पुलिस पीड़ित को कफारा पुलिस चौकी लाई जहां उसके अपने साले महमूद और हकीकत निवासी बगहा घोसियाना थाना धौरहरा के विरूद्ध बंधक बनाकर कर पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

## मोहम्मदी नगर पालिका में छः इंडिया मार्का हैंड पम्प खराब होने से राहगीरों को पेयजल की काफी किल्लत

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** जहां एक ओर सरकार द्वारा हर घर नल हर घर जल योजना चलाकर हर गली मोहल्ले में पानी की किल्लत न हो चलाई जा रही है। भले ही देश के प्रधानमंत्री जनता के लिए हर सुविधा मुहैया कराने की बात कहते हो अगर इसका आधा भी धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है और न ही पेयजल जैसी गम्भीर समस्या पर जनप्रतिनिधि ही ध्यान दे रहे है। अगर जनप्रतिनिधि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनओ पर आधा भी ध्यान दे दे तो आमजन मानस की सारी समस्या ही खत्म हो जाये। अगर इसी तरह चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब सरकार की हर योजनाओ का लाभ आमजन मानस को शायद ही मिल सके। सरकार के आदेश जुबान से निकलकर अधिकारियों की फाइलों में तब्दील हो जाते हैं जिसके चलते जनता को सरकार की मंशा के अनुसार योजना का लाभ नहीं मिल पाता। बताते चलें कि लखीमपुर खीरी जिले की मोहम्मदी नगर पालिका में छः इंडिया मार्का हैंड पम्प खराब होने से राहगीरों को पेयजल की काफी किल्लत का सामना करना पड़ रहा। जब हमारे संवाददाता ने नगरवासियों की सूचना पर नगर में खराब हैंडपंपों की जानकारी की तो हकीकत नगर पालिका की कुछ और ही बयां कर रही थी किसी हैंड पंप में हत्था नहीं तो किसी हैंड पम्प में जानवर बंधे दिखाई दिए तो कहीं तालाब ने अपने में हैंडपंप को समाहित कर लिया। गोला मार्ग पर लखीमपुर बस स्टेण्ड के पास लगा हैण्डपम्प, मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा में सड़क किनारे लगा हैण्डपम्प, रामलीला मंच के पास लगा हैण्डपम्प, इस्लामाबाद मार्ग पर लगा हैण्डपम्प, ब्लाक के पास लगा हैण्डपम्प एवं सीओ आफिस के पास संतोषी माता मन्दिर के पास लगा हैण्डपम्न काफी दिनो से खराब पड़े और यह हैण्डपम्प नगर के मुख्य



स्थानो पर है जहां से सैकड़ो लोगो का आना जाना लगा रहा है फिर भी इन हैण्डपम्पो को नगर पालिका द्वारा आज तक ठीक नहीं कराया गया। जब इस सम्बन्ध में पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा से उनके मोबाइल पर जानकारी की गयी तो उन्होने बताया कि अभी तक इस प्रकार की कोई सूचना लिखित रूप से मेरे पास नहीं आयी और न ही मेरे संज्ञान में है आपके द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई है खराब हैण्डपम्पो को तत्काल ठीक कराया जायेगा। जब अधिशाषी अधिकारी से इन खराब पड़े हैण्डपम्पो के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन कवरेज एरिया से बाहर बताता रहा जिस कारण अधिशाषी अधिकारी गुंजन गुप्ता का पक्ष नहीं जाना जा सका।

## लॉकडाउन में बंद टेंपो को मिलेगा 2 साल का एक्सटेंशन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर के एलपीजी लिक्विड पेट्रोलियम गैस एवं पैट्रोल से चालित ऑटो रिक्शा चालकों ने यातायात प्रभारी निरीक्षक एवं आरटीओ विभाग से जुड़ी अपनी समस्याओं को लेकर संभागीय परिवहन अधिकारी देवमणि भारतीय से भेंट की और अपनी समस्याओं के संबंध में मांग पत्र सौंपा। आरटीओ ने ऑटो चालकों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं का विधि संगत समाधान सुनिश्चित शीघ्र करने के साथी कोविड-19 संक्रमण को लेकर किए गए लॉकडाउन के दौरान ऑटो चालकों को शासन से आदेश मिलने पर 2 साल का अतिरिक्त एक्सटेंशन अतिरिक्त वृद्धि देने का मानवीय आधार पर करने का आश्वासन दिया। आरटीओ देवमणि भारतीय ने टेंपो चालकों के प्रतिनिधिमंडल को कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशो के अनुसार सभी टेंपो चालक निर्धारित चालक यूनिफार्म पहन कर ही टेंपो का संचालन करें।

प्रभावित एलपीजी एवं पेट्रोल चालित ऑटो चालकों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे नीतू सिंह, राकेश कुमार, रवि कुमार कमल एवं मोहसिन आदि ने आरटीओ को अपनी समस्याओं से रूबरू कराते हुए बताया की सभी टेंपो चालको ने एक मुश्त 15 साल का टैक्स आरटीओ विभाग में जमा कर रखा है लेकिन इसके बाद भी टेंपो चालको को ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि प्रभारी निरीक्षक यातायात एवं उनके स्टाफ का अमला घंटाघर सहित महानगर के कई प्रमुख चौराहों पर एलपीजी में पेट्रोल से चलने वाले ऑटो रिक्शा को रोककर उनके पीछे लगे डालो को जबरन वेल्डिंग कराकर बंद कराया जा रहा है।

## मतगणना कार्मिकों/माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार रायबरेली में होनी है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मतगणना कार्य में लगाए गए समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये है कि मतगणना गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही समस्त मतगणना कार्मिको/माइक्रो आब्जर्वर को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है।

जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने बताया है कि समस्त मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम हॉल में 30 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार समस्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम हॉल में 03 जून 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली 11:00 से 01:00 बजे तक द्वितीय पाली 02:00 बजे से 04:00 बजे तक मतगणना कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतगणना कार्मिकों एवं माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण स्थल पर समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ एवं शुद्ध शीतल पेयजल तथा पानी हेतु पर्याप्त संख्या में गिलास व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री तथा प्रशिक्षण हेतु पर्याप्त कुर्सी और मेज की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि से एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराये जाये। मतगणना कार्मिको की उपस्थिति लेने हेतु आडिटोरियम के सामने बरामदे में 10 काउंटर, जिसमें 01 मेज व 02 कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। मतगणना कार्मिकों/माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी कोई निर्देश अथवा निर्देश पुस्तिका उपलब्ध करायी जानी हो, तो प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराये जाने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराया जायें। प्रशिक्षण तिथियों में प्रशिक्षण स्थल पर ध्वनि रहित जनरेटर (ईंधन सहित) की व्यवस्था हो जिससे प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित होने में कोई गतिरोध उत्पन्न न हो सके। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक स्टेशनरी आदि पर्याप्त मात्रा में आचार्य, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान/सहायक प्रभारी अधिकारी-प्रशिक्षण को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें।

## जनपद की सीमा में घूमते जिला बदर को पुलिस ने दबोचा

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने 01 जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए वांछित, वारण्टी व जिलाबदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज जिला बदर अभियुक्त शाहरुख पुत्र मझझन उर्फ रियासत निवासी मौहल्ला डेरा ईलाहीपुरा को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त शाहरुख को उप्र गुण्डा अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत न्यायालय द्वारा जनपद की सीमाओं से छः माह लिए निष्कासित किया गया था। अभियुक्त शाहरुख जनपद सहारनपुर में मौजूद मिला। अभियुक्त का यह अपराध धारा 10 गुण्डा अधिनियम की हद को पहुचंता है।

## तीन साल की बेबी रेशमा की हुई बुखार से मौत

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सोमवार को 42 डिग्री सेल्सियस तापमान होने से हर कोई बेहाल दिखा। वहीं गर्मी में बच्चों को कई रोगों से चपेट में ले लिया है। जिले में अब तक बुखार से तीन बच्चों की मौत हो चुकी है। रविवार की देर रात भी बुखार से पीड़ित बेहोशी की अवस्था में जिला अस्पताल लाई गई बेबी रेशमा (तीन साल) निवासी डिहुआ धौरहरा की मौत हो गई। बुखार से पीड़ित 12 बच्चे भर्ती हैं। इनका उपचार चल रहा है। सोमवार को ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार रही।

## बस और मैजिक की हुई टक्कर, मैजिक चालक और पांच सवारियों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर चहमलपुर गांव के पास तेज रफ्तार यूटिलिटी वाहन मैजिक आगे निकलने की होड़ में ओवरटेक करते वक्त रोडवेज की अनुबंधित बस से भिड़ गया। इससे मैजिक चालक रिजवान और पांच सवारियों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वाले चार लोग लखीमपुर और दो बहराइच जिले के रहने वाले थे। बस दोपहर लखीमपुर से बहराइच जा रही थी, जबकि मैजिक वाहन लखीमपुर आ रहा था। करीब दो बजे दोनों वाहन जैसे ही चहमलपुर के पास पहुंचे, तभी मैजिक के ओवरटेक करने की वजह से दोनों आमने-सामने भिड़ गए। मैजिक के परखचे उड़ गए। चालक रिजवान केबिन में ही फंस गया। केबिन काटकर उसे निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चार सवारियों ने भी दम तोड़ दिया। बस और मैजिक सवार लोगों के बीच चीख पुकार मच गई।

## पुराने रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**लखीमपुर खीरी।** जिले के नीमगांव थाना क्षेत्र के बाछेपारा गांव में पुराने रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया। मारपीट के दौरान घर में घुसकर फायरिंग करने का भी आरोप है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की शिकायत की है। मारपीट, पथराव और फायरिंग का वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक युवक तमंचे से फायरिंग करते दिख रहा है।

## सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन की युवकों ने कर दी चेन पुलिंग,रेलवे पुलिस ने तीन लोगों को पकड़कर किया चालान

**कौशाम्बी।** जिले में कुछ युवकों ने ट्रेन नंबर 04116? अम्बेडकर नगर स्पेशल डाउन सुपर फ़ास्ट ट्रेन में अचानक चेन पुलिंग कर दी और ट्रेन से उतर गए,अचानक रुकी ट्रेन को देख रेलवे प्रशासन दौड़ पड़ा,यह ट्रेन कानपुर की तरफ से प्रयागराज जा रही थी, जिसका स्टापेज प्रयागराज था।रेलवे पुलिस ने चेन पुलिंग मामले में तीन युवकों को पकड़ लिया और पूछताछ के बाद लिखापढ़ी कर उनका चालान कर दिया।

घटना रेलवे स्टेशन भरवारी के पास की है जहा कुछ युवकों ने भरवारी उतरने के लिए 04116 सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन को चैन पुलिंग कर रोक लिया और उतरने लगे। इस दौरान ट्रेन 10 मिनट तक मेन लाइन पर खड़ी रही। ट्रेन रूकने की जानकारी पर पहुंची आरपीएफ पुलिस ने ट्रेन से उतरे हुए यात्रियों से पूछताछ की और उचित जवाब न मिलने के चलते पुलिस ने तीन यात्रियों को पकड़कर लिखापढ़ी कर उनका चलान कर दिया।

आरपीएफ चौकी प्रभारी भरवारी सुरेन्द्र पासवान ने बताया कि चैन पुलिंग के मामले में स्पेशल ट्रेन से उतरने वाले आरोपी अनूप कुमार पुत्र श्रीचंद निवासी ग्राम- धन्नी, थाना संदीपन घाट, अजय कुमार पुत्र श्री चंद , विनोद कुमार पुत्र सुबई लाल निवासी ग्राम अस्तुल्लाहगंज थाना संदीपन घाट को पकड़ कर पूछताछ करने पर उनके द्वारा यह बताये जाने पर की वे लोग ही चैन पुलिंग किए हैं सभी का सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया गया है।

## बरियावा गांव की बंजर जमीन पर बने आलीशान घर

**कौशाम्बी** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा की बंजर जमीन पर दर्जनों लोगों ने आलीशान घर बना लिया है मामले की जानकारी राजस्व कर्मियों को होने के बाद सरकारी जमीन पर घर बनाने वाले लोगों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है सरकारी जमीन पर घर बनाने पर सरकार बुलडोजर चलाने की बात कर रही लेकिन अधिकारी सरकारी जमीन खाली कराने को तैयार नहीं है लोगों ने बताया कि बरियावन गांव की सरकारी बंजर भूमि पर गांव के बिरेन्द्र कृषणानंद कुट्टी लाल बाके लाल पूर्व ग्राम प्रधान सजीवन शिव मूरत सहित कई लोगों ने कब्जा कर लिया है और सरकारी जमीन पर पक्के घर बना लिए हैं कई लोगों के घर तो आलीशान बने हुए हैं लोगों ने बताया कि यह गरीब लोग नहीं है किसी के पास ट्रैक्टर है तो किसी के पास लाखों रुपए की कमाई है सरकार का कहना है कि सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाए लेकिन कई वर्ष पूर्व हुए कब्जे के मामले में राजस्व कर्मियों ने अभी तक अधिकारियों को सूचना देकर के बंजर जमीन के अवैध कब्जे को हटाने का प्रयास नहीं किया है।

## जीपीए के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*
*(आलोक अग्रवाल)*

**सहारनपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा के आह्वान पर स्थानीय अम्बाला रोड स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारो, बुद्धिजीवियों, व्यापारियों, ओद्योगिक व सामाजिक व्यक्तियों ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 37वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये और गोष्ठी में पत्रकारों की एकजुटता पर बल दिया।

जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है व पत्रकार का उत्पीड़न ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन नही होने देगा यही नही उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर का यह सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है तथा इस संगठन में 400 सौ से अधिक पत्रकार जुड़े है, श्री तनेजा ने संस्था के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल की प्रतिमा पर माल्यार्पन भी किया। मंचासीन प्रबुद्ध समाजसेवी व पंजाबी समाज के मुख्य संरक्षक महेंद्र तनेजा ने संस्था के द्वारा पत्रकारों के लिए किये गए कार्यो के लिए उन्हें साधुवाद दिया और संस्था के सभी सदस्यो को भी बधाई दी। वही प्रबुद्ध समाजसेवी विश्वजीत सिंह पुंडीर ने भी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बालेश्वर लाल जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा द्वारा पत्रकारो के लिये किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार इस समाज की रीढ़ है तथा पत्रकार की वजह से ही आज समाज सुरक्षित भी है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय महामंत्री सरदार जसवंत सिंह बत्रा ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि आज सहारनपुर जनपद में संस्था पत्रकारो की सशक्त आवाज है। प्रमुख समाजसेवी व पंजाबी समाज के अध्यक्ष पाली कालड़ा ने भी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी सदस्यो को अपनी ओर से साधुवाद दिया। श्रद्धांजलि सभा के अंत मे जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मण्डल अद्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार आलोक अग्रवाल को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि आलोक अग्रवाल के संस्था में आने से संस्था को मजबूती मिलेगी तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया इसी कड़ी में उपस्तिथ ब्यापार मंडलो, समाज सेवियों व पत्रकारो ने आलोक अग्रवाल को फूल मालाओं और पटक पहना कर उनका स्वागत किया।


## पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा कर तीन आरोपी दबोचे



*अवधनामा संवाददाता*

**बिहारीगढ़।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की बाईके व अन्य कल पुर्जे बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन शातिर वाहन चोरों कौसर पुत्र कामिल, शहनवाज पुत्र नूरहसन, अयान पुत्र इनाम निवासीगण कुरड़ी खेड़ा थाना बिहारीगढ़ को गांव कोठडी बहलोलपुर रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की दो बाईक, चार बाईको के इंजन व अन्य पार्टस आरोपी कौसर की कोठड़ी बहलोलपुर स्थित बाईक रिपेयरिंग की दुकान से बरामद कर लिये। पूछताछ में वाहन चोरों ने बताया कि वह तीनों कौसर, शाहनवाज, अयान अपने उस्ताद के साथ मिलकर बिहारीगढ़, चिलकाना, मिर्जापुर, फतेहपुर, बेहट व सहारनपुर शहर से रेकी करके अलग-अलग स्थानों से बाईक चोरी करके उनके पार्टस अलग-अलग करके बाजार व राह चलते कबाड़ियों को बेच देते है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उदयन सभागार में बाढ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में अधिशासी अभियन्ता,सिचाई जगदीश लाल ने बताया कि विगत वर्षा में तहसील मंझनपुर एवं सिराथू की लगभग 48 गॉव बाढ से प्रभावित रहें है। जनपद में कुल 25 बाढ चौकियॉ एवं 173 नाव (छोटी एवं बडी को मिलाकर) उपलब्ध है तथा 16 गोताखोर है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में वर्षा के समय अगर बाढ की सम्भावित स्थिति होती है तो सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने से सम्बन्धित गतिविधियों/कार्यवाहियों को क्रियान्वित करने के लिए पूर्व से ही कार्ययोजना बनाना सुनिश्चित करें। उन्होने उप जिलाधिकारियों को राजस्व विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही यथा- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, प्रभावित लोगों को राहत साम्रगी आदि उपलब्ध कराने एवं बाढ राहत शिविर के लिए स्थल चिन्हित करने आदि की कार्ययोजना समय से बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही छोटी एवं बडी को मिलाकर उपलब्ध 173 नावों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए कि कितनी नावें वर्तमान में संचालन की स्थिति में है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को समय से टेन्डर के कार्यो को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी से सम्भावित बाढ के दृष्टिगत फसल की क्षति के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पुलों के नीचे नदियों पर जाल लगाकर कचरा रोकें: नगरायुक्त बारिश से पहले पांवधोई व ढमोला नदी की सफाई पर जोर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पांवधोई व ढमोला नदी में बहकर आने वाले कचरे को एकत्रित कर बाहर निकालने के लिए नगरायुक्त संजय चौहान ने कुछ पुलों व पुलियाओं के नीचे जाल लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वर्षाकाल से पहले दोनों नदियों की सफाई पर जोर देते हुए कहा कि नदियों के पानी से कोई क्षेत्र जलमग्न न हो। उन्होंने मैप के माध्यम से दोनो नदियों की स्थिति, उनमें पानी आने के स्त्रोत की जानकारी लेते हुए अधिकारियों के साथ विचार मंथन किया।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज नगर निगम के स्वास्थय व जलकल विभाग के अलावा उद्यान विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पांवधोई नदी व ढमोला नदी की सफाई के उपायों एवं संसाधनों पर विचार विमर्श किया। नगरायुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु में दोनों नदियों के पानी के कारण जिन क्षेत्रों में पानी भर जाता है उन क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है। उन्होंने नदियों में आने वाले कचरे को आगे जाने से रोकने के लिए पांवधोई नदी व ढमोला नदी में कुछ पुलों व पुलियाओं के नीचे जाल लगाने का सुझाव दिया ताकि वहां एकत्रित कचरे को निकाल कर उसका निस्तारण किया जा सके।

नगरायुक्त ने कहा कि नदियों की सफाई के अभियान में उद्यान विभाग का भी सहयोग लेकर नदी में गिर रहे या झुक आये पेड़ों की कंटाई-छंटाई करायी जाए। नदियों में जैव उपचार व पादप उपचार का कार्य भी हमें करना है, इसलिए बहकर आने तथा लोगों द्वारा डाले गए कचरे की पुलों एवं पुलियाओं के नीचे फिजीकल टैऔपिंग आवश्यक है। पांवधोई समिति से जुड़े डॉ.वीरेन्द्र आज़म ने पांवधोई की सफाई के लिए पूर्व में निगम द्वारा चलाये गए अभियानों की



जानकारी देते हुए नगरायुक्त को बताया कि नदी में जेसीबी व टैऔक्टर ट्रालियां उतारने के लिए रपटे भी बने हुए है। नगरायुक्त ने मैप के माध्यम से जानकारी लेते हुए कहा कि एक-दो दिन में वह दोनों नदी क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे ताकि सफाई अभियान की ठोस योजना बनायी जा सके। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व एस के तिवारी, महाप्रबंधक जलकल बी के सिंह, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, नगर स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, जेडएसओ राजीव चौधरी व मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल और चंद्रपाल के अलावा सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बिना तालाब खुदाई दरहा गांव में निकाल लिया गया मनरेगा से मजदूरी

**कौशाम्बी।** खंड विकास अधिकारी नेवादा और जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा तालाब में पानी भरे जाने के मामले को लेकर जिला अधिकारी को लगातार गुमराह किया जा रहा है मुख्य विकास अधिकारी भी खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी के फर्जी आंकड़ों पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं 25 दिन पहले जिला अधिकारी की मीटिंग में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गांव गांव के तालाब में पानी भर दिया गया है लेकिन हकीकत यह है कि बरसात को अभी लगभग 20 दिन बचे हैं लेकिन अभी भी 80 प्रतिशत ग्राम पंचायत के तालाब में पानी नहीं भरा गया है जबकि खजाने से बजट निकाल लिया गया है और बरसात का इंतजार किया जा रहा है जिससे बरसात होते ही तालाब में पानी भर जाएगा और उनके झूठे रहस्य पर पर्दा पड़ जाएगा लेकिन अधिकारियों द्वारा तालाब में पानी भरने के मामले में जिलाधिकारी को गुमराह करने के बाद भी अभी तक संबंधित ग्राम प्रधान पंचायत सचिव खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई है।

# गोरखपुर की उपलब्धियों में जुड़ा एक और मेडिकल कॉलेज का नाम

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर की उपलब्धियों में एक और मेडिकल कॉलेज का नाम जुड़ गया है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में स्थापित हो रहे इस मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) का भूमि पूजन सोमवार को गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी, भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, एवं केके कंस्ट्रक्शन के निदेशक जगदीश आनंद की उपस्थिति में किया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन के बाद योगी कमलनाथ ने हॉस्पिटल का शिलान्यास किया। भूमि पूजन एवं शिलान्यास के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने बताया कि यह मेडिकल कॉलेज तीन चरणों में बनकर तैयार होगा। पहले, दूसरे और तीसरे चरण में 600-600 यानी कुल मिलाकर 1800 बेड का अस्पताल बनेगा। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय में स्थापित यह मेडिकल कॉलेज गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सीएम योगी इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के अनुसार पहले वर्ष इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सौ सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। इसे दूसरे चरण में 150 और तीसरे चरण में 250 सीटों तक विस्तार किया जाएगा।

इस मेडिकल कॉलेज के शुरू हो जाने से न सिर्फ पूर्वांचल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्रों को अपने घर के पास गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध होगी बल्कि गोरखपुर-बस्ती-आजमगढ़ मंडल से लेकर पश्चिमी बिहार और नेपाल की तराई तक के लोगों को 1800 बेड का अत्याधुनिक सुपरस्पेशलिटी सुविधाओं से लैस चौबीसों घंटे सेवा देने वाला एक नया अस्पताल भी मिल जाएगा। कुलपति डॉ. वाजपेयी ने बताया कि यह वाराणसी और लखनऊ के बाद गोरखपुर में निजी क्षेत्र का पहला मेडिकल कॉलेज होगा। साथ ही एम्स गोरखपुर और बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के बाद शहर का यह तीसरा बड़ा चिकित्सा संस्थान होगा।

कुलसचिव डॉ राव ने उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना और रोल मॉडल के रूप में इसके विकास के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की दो कमेटियां सहयोग दे रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कमेटी प्रख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय महेश्वरी की अध्यक्षता में बनाई गई है।

### तत्कालीन राष्ट्रपति ने किया था विवि का उद्घाटन

उल्लेखनीय है कि महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय का उद्घाटन 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। अब मेडिकल कॉलेज और 1800 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल का सपना भी साकार होने जा रहा है। पहले सत्र में 100 सीटों के साथ शुरू हो रहे मेडिकल कॉलेज के पास 450 बेड का गोरखनाथ चिकित्सालय पहले से है। जल्द ही इसमें 1800 बेड का नया अस्पताल भी जुड़ जाएगा जिसके आधार पर मेडिकल कॉलेज में सीटों का विस्तार होगा।

**महायोगी गोरखनाथ विवि में 100 सीटों से शुरू होगा एमबीबीएस कोर्स**

## बाइक सवार युवक की डम्पर से कुचलकर मौत

**फर्रुखाबाद।** जनपद में दो बाइकों की भिडंत से एक बाइक सबार मिष्ठान विक्रेता युवक की डम्फर से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पंहुचे परिजनों नें कार्यवाही की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस नें परिजनों को कार्यवाही का भरोसा दिया, जिसके बाद परिजन शव उठानें को राजी हुए। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम तुर्कीपुर निवासी 20 वर्षीय युवक शोफियान पुत्र शमशाद गाँव में ही मिठाई की दुकान चलाता था। शनिवार को वह छिबरामऊ के ग्राम विरतिया स्थित अपनी ननिहाल में एक विवाह समारोह में शामिल होनें गया था। जहाँ से सोमवार को शोफियान बाइक से लौट रहा था। जैसे ही युवक थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम गढिया ढिलाबल रेलवे अंडर पास के निकट पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की भिडंत हो गयी। जिससे वह पास से निकल रहे डम्पर के नीचे आने से कुचल गया गया। बाइक सबार मौके पर बाइक छोड़कर भाग गया। सूचना पर मृतक के परिजनों ने मौके पर आकर हंगामा कर जाम लगानें का प्रयास किया।

## वर्ल्ड इमरजेंसी डे पर इमरजेंसी ट्रामा केयर विषय पर एक सीएमई आयोजित किया गया

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** वर्ल्ड इमरजेंसी डे''के अवसर पर, सोसाइटी ऑफ एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन (एस.ए.टी.ई.एम.) ने विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के सहयोग से इमरजेंसी ट्रामा केयर विषय पर एक सी.एम.ई. आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं संस्थान की उपचारिकाओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई इस अवसर पर संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक कर्नल डॉ. (प्रो.) पी.एस. सिंह, सर्जरी के विभागाध्यक्ष डा0 के.के. अग्रवाल, डॉ. सौरव शुक्ला, विभागाध्यक्ष, ऑर्थोपेडिक्स विभाग, डॉ. एस.एस. नाथ, डॉ. एस.एस. त्रिपाठी, डॉ. लोकेंद्र गुप्ता, डॉ. संजीत बोस, डॉ. राजीव गुप्ता. अन्य गणमान्य व्यक्ति व मेडिकल छात्र उपस्थित थें। स्वागत भाषण संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक कर्नल डॉ. (प्रो.) पी.एस. सिंह ने इस सी.एम.ई. में उपस्थित सभी लोगो का स्वागत किया तथा अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीत बोस ने विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में आपातकालीन विभाग में आने वाले ट्रॉमा रोगियों और रोगियों के प्रबंधन की वर्तमान परिदृश्य और रोगियों की शीघ्र देखभाल के परिदृश्य पर परिचय दिया तथा संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने उद्घाटन भाषण दिया, जो विवेकानन्द अस्पताल के आपातकालीन विभाग की स्थापना के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा अस्पताल अपने मरीजों को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के रूप में ऐसी उन्नत सुविधा कम कीमत पर प्रदान कर रहा है। इसके बाद ट्रॉमा रोगियों के प्रारंभिक मूल्यांकन पर व्याख्यान राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. (प्रो.) एस.एस. नाथ ने दिया। तदोपरान्त भारत में एक्यूट ट्रॉमा केयर और प्रोटोकॉल और आपातकालीन चिकित्सक की भूमिका पर पैनल चर्चा हुई जिसमें डॉ. एस.एस. त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, आपातकालीन चिकित्सा, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ, डॉ. लोकेंद्र गुप्ता, विभागाध्यक्ष, आपातकालीन चिकित्सा, मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, डॉ. के.के. अग्रवाल, विभागध्यक्ष, जनरल सर्जरी विभाग, वी.पी.आई.एम.एस., लखनऊ और डॉ. सौरव शुक्ला, विभागाध्यक्ष, ऑर्थोपेडिक्स विभाग, वी.पी.आई.एम.एस., लखनऊ ने भाग लिया।

## धूमधाम से मनाया गया ग्रा.प.ए. संस्थापक की 37वीं पुण्यतिथि



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील अध्यक्ष हरिगोविन्द चौबे के नेतृत्व में मनाया गया ग्रा0प0ए0 संस्थापक की 37 वीं पुण्य तिथि । विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 27 मई को ग्रापए के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की 37वीं पुण्य तिथि का आयोजन किया गया। सहजनवा तहसील अध्यक्ष हरगोविंद चौबे, तहसील मुख्यालय पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने बताया कि बाबू बालेश्वर लाल जी एक क्रांतिकारी पत्रकार थे ऐसे महापुरुष की पत्रकारिता छेत्र में ज़रूरत है बाबू बालेश्वर लाल जी एक ऐसे पत्रकार थे जो की गरीबों के मसीहा बनकर रहते थे कभी भी गलत का साथ नहीं दिए दो मिनट का मौन रखकर सभा को समापन किया गया। उक्त अवसर पर सहजनवा तहसील अध्यक्ष हरिगोविंद चौबे, प्रधान प्रवासी जी, बरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ मिश्रा,अशोक चौधरी, पी0एन सेंट्रल अकडमी के प्रबधक कृष्णा तिवारी, प्रिंस श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, यादवेंद्र यादव,धीरज कुमार, नितेश शुक्ला, कृष्णा पांडे, सुदर्शन शुक्ला, कन्हैया कुमार, देवता दीन, पर्वत नाथ मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, उमेश कुमार, विवेक पांडेय, गौरव सिंह, अजित शुक्ला, राजिंदर गुप्ता, यादवेंद्र, नितेश शुक्ला, दिग्विजय सिंह, ज्वाला निगम, पवन सिसोदिया, कुबेर तिवारी, रणविजय सिंह, राजकुमार आर्या, पुरुषोत्तम, अनिल मिश्रा समेत तहसील के सभी पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## झोपड़ी में लगी आग ग्रामीणों ने कड़ी मशक्त से पाया आग पर काबू गृहस्थी जलकर राख



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव पट्टी दारापुर में बच्चों द्वारा दूध गर्म करते समय झोपडी में आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। देवेंद्र पुत्र महाराम के मूंगफली के खेत में नराई का कार्य चल रहा था। परिवार के सदस्य खेत पर मौजूद थे। देवेंद्र की पत्नी पिंकी ने खाना बनाया और खाना देने के लिए खेत पर चली गई। इस दौरान घर में मौजूद बच्चे चूल्हे पर दूध गर्म करने लगे। चिंगारी उड़कर झोपड़ी में जा गिरी और आग लग गई। आग की लपटे देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए बाल्टी में पानी भरकर बुझाने का प्रयास किया। आग का विकराल होने के कारण ग्रामीण बुझाने में असमर्थ रहे। जब देखा गया तो मासूम बच्चे झोपड़ी के अंदर फंसे हुए थे। तुरंत साहसी ग्रामीणों ने झोपड़ी में फंसे बच्चों को कड़ी मस्कत के बाद आग से बाहर निकाल लिया। लेकिन झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि दो चारपाई टेबल फैन 17 किलो आटा 9 किलो लगभग चावल साइकिल चारे की मशीन रजाई गद्दा व अन्य गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पंप सेट लगाकर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के द्वारा लेखपाल को सूचना दी गई। उप जिला अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि अग्नि पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव को लेकर जारी किया अलर्ट

अवधनामा संवाददाता



**मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आमजन से बचाव करने की अपील की**

**देवरिया।** पिछले दो दिनों में तापमान बढ़ा है, ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव (लू) के प्रति अलर्ट जारी कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने आमजन से इस मौसम में बचाव करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के आवश्यक उपाय स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे हैं। साथ ही समस्त स्टॉफ को सक्रिय रहने व विपरीत परिस्थितियों में तत्काल राहत देने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है। महामारी की स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन कर दिया गया है।

सीएमओ ने बताया कि मई व जून माह में हीटवेव (लू) का असर रहता है। इससे संबंधित एडवाइजरी जारी की गयी है। मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया गया है। इस मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के आवश्यक उपाय स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समस्त स्टॉफ को प्रशिक्षित किया गया। सीएमओ ने बताया कि जनपद में हीटवेव (लू) के दृष्टिगत ब्लॉक स्तर पर इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए ओआरएस एवं आईवी फ्ल्यूड का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध करा दिया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित करा दी गई है, ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। सीएमओ ने बताया कि जिले में लू के कारण अभी तक कोई अप्रिय घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। प्रतिदिन ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य केंद्रों से हीटवेव (लू) की रिपोर्ट संकलित कर शासन को प्रेषित की जाती है। साथ ही ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का जल जनित बीमारी, निजी स्वच्छता और सफाई के प्रति संवेदीकरण किया गया है। इसके साथ ही मच्छरों से बचाव हेतु फागिंग व लार्वा स्प्रे नियमित रूप से किया जा रहा है। हीटवेव (लू) के कारण शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित हो जाती है जिससे जटिलताएं भी बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि इस वक्त धूप में जरूरत होने पर ही निकलें। जब भी धूप में घर से बाहर निकले तो पानी पीकर और शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़े पहन कर निकले। इसके साथ ही धूप में छाते का उपयोग करें। इस वक्त तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। तबीयत खराब होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर संपर्क करें।

### ऐसे करें बचाव

अधिक से अधिक पानी पिएं, पसीना सूखने वाली व हल्के रंग के वस्त्र पहने, धूप में निकलते समय चश्मे, छाते व वह चप्पलों का प्रयोग करें। खुले में कार्य करते है तो चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढकी रहें और यदि संभव हो तो छाते का प्रयोग करें। संभव हो तो दोपहर 11 बजे से 3 के मध्य धूप में निकलने से बचें। घर में बनी पिए पदार्थ लस्सी नींबू पानी छाछ इत्यादि का प्रयोग करें। पेट में मरोड़ घमोरियां शरीर में कमजोरी आना चक्कर आना सिर में तेज दर्द उबकाई आना जैसे लक्षण सामने आए तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सीय सलाह लें।

## सड़क हादसे में पुत्र की मौत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** आगे जा रहे ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे चल रहा बाहन अनियंत्रित हो गया और वह आगे जा रहे ट्रक से टकराई गया जिसमे उसके बेटे की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। मृतक के पिता ने कोतवाली में दी तहरीर। जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश के चंदूपुरा जतारा निवासी भवानी राम पुत्र धनीराम घोष ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र अपने बाहन से उरई जा रहा था तभी वह अकोढी दुबे के पास पहुंचा तो आगे जा रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे उसका वाहन अनियंत्रित होकर आगे जा रहे बाहन से टकराई गयी जिससे दबकर उसका पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। जिससे उसके बेटे की इस सड़क हादसा में इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## कूलर के करेंट से युवक की मौत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कूलर की मरम्मत करने के दौरान अचानक कूलर में करंट आ जाने से 42 वर्षीय युवक की मौत। घर में मचा कोहराम। मोहल्ला खंडेराव निवासी ज्ञान सिंह पुत्र पन्नालाल शनिवार की रात में अचानक खराब हुए कूलर की मरम्मत करने लगा , कूलर की मरम्मत करने के दौरान अचानक कूलर में करंट उतर आया ।कूलर में करंट आ जाने से वह बेहोश होकर गिर पड़े ,परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अधेड़ ने नाबालिग के साथ किया कुकर्म का प्रयास

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सात वर्षीय नाबालिक बच्चे के साथ एक अधेड़ युवक द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किए जाने की शिकायत पीड़ित बच्चे तथा उसके परिजनों ने कोतवाली में की ।पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी सत्य प्रकाश पुत्र विंध्य चरण ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसका 7 वर्षीय बच्चा अनमोल अपने हम उम्र के अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेतों पर खेल रहा था तभी गांव के ही राजेश कुमार भगत पुत्र धनोले उम्र लगभग 55 वर्ष शराब के नशे में धुत होकर आए और मेरे बच्चे को जबरन पकड़कर अपने घर के अंदर ले गए और बंद कर लिया, वह घर के अंदर बच्चे से कई गंदे गंदे काम करवाता रहा इतना ही नहीं उसने मेरे बच्चे के हाथ पैर बांधकर जब दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा तो बच्चे की चीख सुनकर अन्य ग्रामीण आ गए तभी वह मेरे बच्चे को 20 रुपये देते हुए भागते हुए कहा कि तुम हमारा नंबर अपनी मां को देना तुम्हारे पापा बीमार रहते हैं मैं तुम्हारा तथा तुम्हारी मां का पूरा खर्च उठाऊंगा। बच्चे ने जब घर जाकर आपबीती हम सबको बताई तो मैं उनके घर पर शिकायत लेकर गया तो उक्त आरोपी जन मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पिकअप की टक्कर लगने से युवक घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा सिरौली अमर सिंह पुत्र कल्याण सिंह का पुत्र पुष्पेंद्र सिंह घर से सुबह 7:40 पर सिरौली चौराहे पर खड़ा था इस समय बोलोरो पिकअप के ड्राइवर बड़ी तेजी और लापरवाही से चला कर पुत्र के पीछे से टक्कर मार दी जिससे पुष्पेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ वहां पर मौजूद लोगों ने जिसकी सूचना फोन द्वारा मुझे दी उसको राम लोहिया हॉस्पिटल फर्रुखाबाद लेकर गए वहां सुधार न होने पर जिसका इलाज एक प्राइवेट हॉस्पिटल वृंदावन मथुरा में चल रहा है द्यजिसकी लिखितसूचना थाना पुलिस को दी पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## सवारियां भरने पर हुई मारपीट

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कलौली महबुल्लापुर निवासी राजवीर पुत्र सुखराम सिंह थाना पुलिस को तहरीर दी है कि पेशे टेंपो चालक है रोज की तरह आज भी वह टेंपो लेकर के नवाबगंज चौराहे पर सवारियां भर रहा था इस समय नन्हे पुत्र ना मालूम निवासी खुममरपुर अपना टेंपो लेकर आया आकर के गाली गलौज देने लगा मना करने पर मारपीट की जिससे उसके काफी चोटे आई हैं पुलिस ने जांच का कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## चोरी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एसपी ने किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस चोरों पर लगाम कस रही है। मामला 21 तारीख की रात्रि का है शिवम अग्निहोत्री पुत्र सुधीर अग्निहोत्री निवासी धर्मनगरिया थाना कादरी गेट के घर पर ताले तोड़कर घर से विभिन्न सामान चोरी होने का मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाले अभियुक्त रवि उर्फ रॉकी उर्फ रामू उम्र 35 वर्ष, पुत्र राजेश वाल्मीकि निवासी मसेनी थाना कादरीगेट को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मौका पाकर बंद पड़े मकानों के ताले तोड़कर व नकब लगाकर चोरी करता हूं मैं पहले भी कई बार नकब लगाकर चोरी करने के आरोप में जेल भी जा चुका हूं वर्ष 2020 में मुझे सदर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास के आसपास के क्षेत्र में नकब लगाकर चोरी करने के आरोप में 6 मुकदमों में जेल भेजा गया था जिसमें उसे सजा भी हुई थी और मैं अभी जेल से बाहर आया हूं तो 2017 में लूट में जेल गया था एक बार थाना राजेपुर में शराब के मुकदमे में पकड़ा गया था मैं चोरी करने का आदी हूं यह सामान जो मेरे पास से पकड़ा है वह 22 मई 2024 की रात्रि में करीब 1 बजे धर्मनगरिया कॉलोनी के बंद बड़े मकान में ताले तोड़कर अंदर घुसने और चोरी की थी। पुलिस ने एक सरिया 1 जोड़ी टॉप्स पीली धातु 1 जोड़ी जनानी पीली धातु,1 लावा मोबाइल आधार कार्ड शिवम अग्निहोत्री आधार कार्ड, नीरज अग्निहोत्री 5 जोड़ी पायल 2 कटोरा कटे हुए एक लैपटॉप एक जोड़ी छोटा टॉप्स 1 जोड़ी झुमकी अंगूठी पांच सुपारी सफेद दाग 50000 नकद एक पैन कार्ड नीरज अग्निहोत्री, सहित पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अमित कुमार शर्मा थाना कादरीगेट, विशेष कुमार प्रभारी ,सर्विसलांस टीम जितेंद्र पटेल प्रभारी एसओजी टीम, गजराज सिंह, प्रिंस शिवराज सिंह, करन कुमार ,बलबीर सिंह, संतोष कुमार, कौशलेंद्र नारायण, योगेश भाटी मौजूद रहे।

## मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरान्त विजयी प्रत्याशी द्वारा नहीं निकाला जायेगा विजय जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने 37 अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को अवगत कराते हुए बताया है कि जनपद में समाविष्ट चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 178 तिलोई 184-जगदीशपुर (अनु0जा0) 185 गौरीगंज एवं 186 अमेठी में सम्पन्न मतदान की मतगणना निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 04 जून 2024 को जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय सैंठा रोड गौरीगंज के चयनित विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग कक्षों में प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी तथा 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल 181 सलोन विधानसभा की मतगणना आईटीआई गोरा बाजार रायबरेली में सम्पन्न होगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग मतगणना हालों में ईवीएम की मतगणना हेतु 14 टेबल निर्धारित की गई है जिन पर मतगणना करायी जायेगी जिसमें जगदीशपुर विधानसभा की मतगणना एमपी हाल में गौरीगंज विधानसभा की मतगणना होल्डिंग हाउस में अमेठी व तिलोई विधानसभा की मतगणना क्रमशः ब्यॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल में करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना एमपी हाल में 12 टेबल पर निर्धारित किया गया है एवं ईटीपीवीएस की स्कैनिंग एमपी हाल से लगे कक्ष में 8 टेबल पर करायी जायेगी तथा इस प्रकार जनपद की चारों विधानसभाओं की ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट की मतगणना कुल 68 टेबल पर कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार प्रत्येक मतगणना एवं स्कैनिंग टेबल पर अपना एक-एक मतगणना अभिकर्ता एवं आरओ टेबल पर टैबुलेशन कार्य के निरीक्षण हेतु एक अतिरिक्त मतगणना अभिकर्ता की नियुक्त कर सकते है।इसके अतिरिक्त 01 मतगणना अभिकर्ता प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए खानपान की व्यवस्था किये जाने हेतु नियुक्त कर सकते हैं। नियुक्त किये गये अभिकर्ता मतगणना दिवस पर मतगणना हेतु निर्धारित समय प्रातः 8 बजे से एक घण्टा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि मतगणना अभिकर्ता अपने साथ प्रारूप 18 आईडी कार्ड किस टेबल हेतु नियुक्त है के अंकन वाला बैज (पास) अनिवार्य रूप से लेकर व लगाकर मतगणना हाल में प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना अभिकर्ता को अपने साथ पेन पेन्सिल सादा कागज नोटपैड एवं 17 ग की डुप्लीकेट प्रति ले जाने की अनुमति होगी अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा कोई भी अभ्यर्थी गणना अभिकर्ता अपने साथ कोई आग्नेयास्त्र एवं मोबाइल फोन इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर मतगणना हाल में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के पहले राउंड में 22 टीमों ने लिया हिस्सा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के नौवें दिन निनावली (जालौन) और मछंड (भिंड) टीमों के बीच मैच हुआ। निनावली टीम ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाज़ी करने उतरी मछंड टीम ने निर्धारित 12 ओवर में से 11.3 ओवर में 66 रन पर ही सिमट गई। मछंड टीम के खिलाड़ी दिनेश ने सर्वाधिक 3 चौके सहित 17 रन बनाए। जवाब में उतरी निनावली 7.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान से 67 रन बनाकर जीत हासिल की। निनावली टीम के खिलाड़ी सौरभ ने 2 चौका 1 छक्का सहित 15 रन बनाए। निनावली टीम के खिलाड़ी दीपू ने 8 रन बनाने के साथ 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। दीपू को मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी चंबल परिवार से जुड़े रजत जैन के हाथों से प्रदान किया गया। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 की इसी कड़ी में अनेठा और ललूपुरा टीमों के बीच मुकाबला हुआ। अनेठा टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में से 9 ओवर में 58 रन पर ही सिमट गई। अनेठा खिलाड़ी विकास ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

जवाब में उतरी ललूपुरा टीम ने 9 ओवर में 8 विकेट के नुकसान से जीत हासिल की। ललूपुरा टीम के खिलाड़ी आशु ने 11 रन बनाने के साथ 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। आशु को ट्राफी अनीश ओझा के द्वारा दी गई। भिंड और बिहार (इटावा) टीमों के बीच मुकाबला हुआ लेकिन बिहार टीम में एक हारी हुई टीम का खिलाड़ी पकड़ में आने पर नियमानुसार डिसक्वालीफाई करके भिंड टीम को जीत दे दिया गया। चंबल संग्रहालय द्वारा 18 मई से इटावा, जालौन और भिंड जनपद सीमा के बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर तेज़ गर्म हवाओं के बीच काफी चहल पहल जारी है। चंबल अंचल के कई जनपदों के खिलाड़ी अपना दमखम दिखा रहे हैं। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के पहले राउंड में 22 टीमों ने हिस्सा लिया।

## एक दिया लोकतंत्र के नाम......हस्ताक्षर व दीपदान कर मतदान के प्रति अफसरों ने किया जागरूक






अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी, व्यय प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के अध्यक्षता में विधानसभा कुशीनगर तहसील कसया के अंतर्गत हिरण्यवती नदी घाट (बुद्धा घाट) के समीप भव्य दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित समस्त अधिकारियों, मतदातगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने एवं 01 जून अपने अपने बूथ पहुंच कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी सुंदर एवं आकर्षक रंगोलिया भी बनाई गई तथा स्लोगन भी लिखे गए जो चीख चीख कर मतदान करने हेतु आम जनमानस को मतदान करने हेतु जागरूक कर रहे थे। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अधिकारियों सहित मतदाता गणों, बीएलओ आदि उपस्थित आम जनमानस ने हस्ताक्षर कर मतदान करने एवं कराने का दृढ़ संकल्प लिया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा मतदातागणों को आमंत्रण पत्र तथा मतदान पर्ची वितरित किया गया। दीपदान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता शपथ भी उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारी एवं जनमानस को दिलाई। उन्होंने सभी से अपील किया की लोकतंत्र के महापर्व में मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करें। एक दिया लोकतंत्र के नाम से नई ज्योति जलाकर आसपास के लोगो को भी जागरूक करें। मतदान दिवस के दिन घर से निकल कर मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, एएसपी अभिनव त्यागी, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो सहित बीएलओ अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलालनेहरू




की 59वी पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वेद सिंह तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती. लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी, उनके प्रगतिशील विचारों ने चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया. ।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत हमेशा रहेगी.। पंडित नेहरू सच्चे समाजवादी और लोकतंत्र के प्रणेता थे।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा पंडित नेहरू एक महान स्वतंत्रता सेनानी तथा एक दूरदर्शी प्रधानमंत्री थे।वह एक ऐसे लोकतांत्रिक शख्स थे जिन्होंने हमारे गणतंत्र की नींव रखी।एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला व सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष शीतला पाठक तथा अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत ने कहा स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू दुनिया भर में सम्मानित राजनेता थे ।पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने सभी उत्तराधिकारियों के अनुसरण के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया।पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा तथा पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा पंडित नेहरू भारत के विचार और स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता के उन मूल्यों पर मशाल की तरह प्रकाश डालती रहेगी, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया.। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फ्लावर नकवी , राम बहादुर सिंह ,रामेंद्र त्रिपाठी, प्रेम प्रकाश पांडे ,अशोक कुमार राय ,धर्मेंद्र सिंह फास्टर, चंचल सोनकर, राहुल मौर्य, मो आरिफ, आदि उपस्थित रहे।

# अयोध्या में 38 लाख से अधिक पौधे लगाएगी सरकार

## अभियान में वन एवं अन्य विभागों द्वारा रोपित किए जाएंगे पौधे

*अवधनामा संवाददाता*

औषधीय और फलदार पौधों की होगी सर्वाधिक संख्या*

**अयोध्या।** हर वर्ष प्रदेश में वृहद् पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर इस अभियान के लिए वन सहित सभी विभाग तैयारियों में जुट गये हैं। सरकार का जोर वायु को शुद्ध करके स्वच्छ ऑक्सीजन देने वाले फलदार और औषधीय गुण वाले पौधों को लगाने पर है। अयोध्या में इस साल 38 लाख 12 हजार 680 पौधे लगाने का लक्ष्य है।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रख रही है। अयोध्या की आबोहवा को सुधारने के लिए सरकार पौधरोपण अभियान चलाने की तैयार कर रही है। इससे वायुमण्डल में ऑक्सीजन की शुद्ध मात्रा को बढ़ाने व वातावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। अयोध्या के वन संरक्षक प्रणव जैन ने बताया कि फलदार व ऑक्सीजन देने वाले पौधों को अधिक संख्या में



लगाने की योजना है। इसमें सहजन, पीपल, पाकड़, बरगद, अर्जुन, जामुन, आंवला, अमरुद, आम, सागौन, शीशम आदि के ज्यादा से ज्यादा पौधों के रोपण की तैयारी है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अलावा 26 अन्य विभाग पौधरोपण अभियान में भाग लेंगे। किस विभाग को कितने पौधे लगाने का लक्ष्य हैं, उसकी सूची भी वन विभाग ने बना ली है। इस साल पौधरोपण में कई प्रजातियों के पौधे लगाने की योजना है। जनता की सहभागिता के लिए पौधे लगाने की इच्छुक जनता को भी पौधे देने की योजना बनाई जा रही है। हर घर एक पौधा देने की तैयारी है। जिससे अधिक से अधिक पौधरोपण हो सके और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिले।

वर्ष 2024-25 में वन एंव वन्य जीव विभाग व अन्य विभागो का पौधरोपण का लक्ष्य

ग्राम्य विकास विभाग- 1378000

राजस्व विभाग- 115000

पंचायती राज विभाग - 139000

आवास विकास विभाग - 6000

औद्योगिक विकास - 7000

नगर विकास - 23000

लोक निर्माण विभाग - 13000

सिंचाई विभाग - 13000

कृषि विभाग - 276000

पशुपालन विभाग - 7000

सहकारिता विभाग - 6160

उद्योग विभाग - 10000

विद्युत विभाग - 5040

माध्यमिक शिक्षा - 8000

बेसिक शिक्षा - 14000

प्राविधिक शिक्षा - 5000

उच्च शिक्षा - 19000

श्रम विभाग - 3700

स्वास्थ्य विभाग - 10000

परिवहन विभाग - 3000

रेलवे विभाग - 12000

रक्षा विभाग - 8000

उद्यान विभाग - 169000

पुलिस विभाग - 7280

पर्यावरण विभाग - 248000

वन एंव वन्य जीव विभाग - 1310000 करेंगे पौधरोपण।

## एंबुलेस कर्मचारियों द्वारा मनाया गया पायलट दिवस, बांटी मिठाई

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार की योजना 108 एवं 102 एंबुलेस सेवा का संचालन करने वाली संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा संचालित की जा रही एंबुलेंस के पायलट को पायलट दिवस के अवसर पर उन्हें मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। 26 मई को 102/108 एम्बुलेंस के जिला प्रोग्राम मैनेजर दीपक अस्थाना के द्वारा पायलेट दिवस मनाया गया। इसमें जनपद के सभी पायलेट/ईएमटी एक दूसरे को केक व मिठाईयां खिलाकर शुभकामनाएं दिए। उन्होंने कहा की आप लोग जो लोगों की जान बचाने का साहसिक कार्य कर रहे हैं। उसके लिए हम सभी आपको दिल से आभार व्यक्त करते हैं। ऐसे ही निरन्तर अपने कार्यों से लोगों की जान बचाएं और समय से एंबुलेंस सेवा देना सुनिश्चित करें।इस मौके पर रीजनल मैनेजर अजय सिंह जिला प्रभारी अमित तिवारी, अनिल पाण्डेय, अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे।

# निजी चिकित्सक इलाज के उपरांत बालक की मौत , घर में मचा कोहराम



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** जंपिंग झूले से गिरकर घायल हुए 12 वर्षीय किशोर की निजी क्लीनिक पर निजी चिकित्सक के इलाज के उपरांत मौत हो गई। ननिहाल वालों ने गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ स्थानीय पुलिस से शिकायत की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक अमेठी जनपद के कस्बा इन्हौना निवासी राजेंद्र गौतम का पुत्र कुलदीप सुबेहा कस्बा के हसनपुर वार्ड स्थित अपनी ननिहाल आया हुआ था। कुलदीप सोमवार की सुबह मोहल्ले से कुछ दूरी पर स्थित मिया छावन शाह की दरगाह पर अन्य बच्चों के साथ जंपिंग झूला झूल रहा था की तभी तेजी से उछल कर नीचे गिरकर मामूली रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे नाना जियालाल ने आनन फानन में घायल बालक को इलाज के लिए डॉक्टर फारूक के यहां पहुंचाया जहां पर डॉक्टर द्वारा इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सुबह लगभग 11 बजे उपचार के बाद वापस घर लाए बालक की कुछ समय बाद हालत बिगड़ गई परिजन पुनःबालक को लेकर डॉक्टर के यहां पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने उपचार करने से हाथ खड़ा कर लिया और अलग ले जाने की सलाह दी घर वाले जब तक कहीं अलग ले जाते तब तक बालक ने दम तोड दिया। बालक की मौत के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई और रोना बिलखना शुरू हो गया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने इलाज के दौरान गलत सुई लगा दी गई जिसके चलते उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश कुरील से बात की गई तो उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिली है कल जांच टीम भेज कर छानबीन की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही भी की जाएगी

# पावर लिफ्टिंग पुरूष प्रतियोगिता में अवध विवि को मिला कांस्य पदक

## आर्य सिंह ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में जीता कांस्य पदक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी, चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पावर लिफ्टिंग पुरूष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ी आर्य सिंह ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस पावर लिफ्टिंग टीम के कोच प्रमोद कुमार रहे। खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बधाई दी। कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ी को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।इस उपलब्धि पर वित्त अधिकारी पूर्णेद शुक्ला, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, कुलानुशासक प्रो. एस. एस. मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो. नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. जसवंत सिंह, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, क्रीड़ा उप सचिव डॉ. अनुराग पाण्डेय, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. विनय सिंह, डॉ. मनीष



सिंह, डॉ. प्रवीन सिंह, डॉ. सन्तोष गौड़, डॉ. सीमा पाण्डेय, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. दुष्यंत सिंह, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अर्जुन सिंह, सुरेश सिंह, मो. अयूव सिद्दीकी, स्वाती उपाध्याय सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# गैर इरादतन हत्या के दोष सिद्ध आरोपी पिता पुत्र को मिला 12 साल का कठोर कारावास

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पान मसाला के लिए दुकान खुलवाने के विवाद में हुई गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त मो0 वसीम व उसके पिता मो0 निजाम को 12 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

यह फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय अमर सिंह ने अभियुक्तों को दोष सिद्ध करने के पश्चात सोमवार को सुनाया ।न्यायाधीश ने अर्थ दण्ड की धनराशि में से आधी धनराशि 30000 रुपए मृतक गुड्डु कहार की पत्नी को बतौर प्रतिकर दिए जाने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी सुधाकर मिश्रा व अभिषेक रघुवंशी के मुताबिक घटना थाना रौनाही थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव की है।32 वर्षीय गुड्डु कहार पुत्र खेम प्रसाद 18 मई 2013 की रात 9ः30 बजे गांव के ही वसीम की दुकान पर पान मसाला लाने गया था। दुकान बंद हो जाने के बाद भी गुड्डु के पान मसाला मांगने की जिद पर विवाद बढ़ गया। मो0 वसीम, मो0 नसीम व मो0 जावेद पुत्र निजाम तथा निजाम पुत्र कल्लू ने गुड्डु को घर में घसीट कर गाली देते हुए लाठी डंडों से मारा-पीटा। घटना के के बाबत घर आने पर गुड्डु ने अपनी माता व परिवार वालों को बताया। रात ज्यादा हो गई थी इसलिए घरेलू इलाज किया गया।उसके बाद गुड्डु सो गया।सुबह देखा गया तो उसकी मृत्यु हो गई थी।

ह्यअभियोजन पक्ष से 7 गवाह पेश किए गए। मेडिकल रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर 7 चोटें पाई गई।फेफड़े भी फट गए थे।न्यायाधीश ने सबूतों के आधार पर मोहम्मद निजाम व उसके पुत्र मोहम्मद वसीम को गैर इरादतन हत्या के अपराध में 10 साल की कठोर कारावास व 50000 रूपए जुर्माना तथा गाली गलौज करने के अपराध में 2 साल के कठोर कारावास व 10000 रुपए जुर्माना की सजा से दंडित किया गया।

# पत्रकारों की बुलंद आवाज थे बाबू बालेष्वर लालः संतोष




**बाराबंकी।** ग्रामीण पत्रकारों की हक की लड़ाई लड़ने और पत्रकारों की समस्याओं की निदान के लिए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएषन का गठन किया गया था। इसके संस्थापक बाबू बालेष्वर लाल थे। आज वह दुनिया में नही है लेकिन उनका संगठन पूरे प्रदेश में एकजुट होकर पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। उक्त बात सोमवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेष्वर लाल की 37वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला ने कही। उन्होने आगे कहा कि बाबूजी ने ग्रामीण स्तर के पत्रकारों के मान व सम्मान के लिए सदैव संघर्ष करते रहे तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इसी उद्देश्य से निर्मित किया गया था जिसकी शाखाएं पूरे उत्तर प्रदेश में फैली हुई है ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेष अध्यक्ष सौरभ कुमार भी उन्ही के बताये हुए रास्ते पर चल रहे हैं। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में संस्था सक्रिय है और कहीं पर भी पत्रकारों के हक की लड़ाई के लिए हमेशा संगठन के प्रदेष स्तरीय पदाधिकारी तैयार रहते हैं। श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य रुप से रामषरण मौर्या, दीपक सिंह सरल, पीएन सिंह, ललितेष बाजपेई, शोभित शुक्ला, इस्लामुद्दीन, मुकेश मिश्रा, नीरज शुक्ला, विजय शंकर मिश्रा, विकास पाठक, मो. अबसार, अशोक सिंह, संतोष गुप्ता, रामलक्ष्मण, शिवानी सिंह, मनीष कुमार, अंकित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**बाराबंकी।** जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया और कमी मिलने पर जेल अधिकारियों को कमी दूर करने के निर्देश दिया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा समस्त बैरकों का निरीक्षण किया गया एवं बैरकों की साफ-सफाई, शौचालयों की साफ-सफाई एवं शौचालयों की स्थिति, बैरकों में पानी की व्यवस्था एवं उनके रिसाव वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुये ठंडे पानी की व्यवस्था, खानपान की स्थिति, पानी की टंकी आदि का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

# कांग्रेसियो ने पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू को दी श्रद्धाजलि दी




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पं. जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। आपने भारत के पुनर्गठन के रास्ते में उभरी हर चुनौती का समझदारीपूर्वक सामना किया और आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। योजना आयोग का गठन आपके द्वारा किया गया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित किया और तीन लगातार पंचवर्षीय योजना का शुभारम्भ किया। आपकी नीतियों के कारण देश में कृषि और उद्योग का नया युग शुरू हुआ। स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। नेहरू एक स्वतंत्र राष्ट्र रूप में स्थापना से लेकर 1964 अपने निधन तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर हम उन्हें दिल की गहराईयों से याद करके कांग्रेस परिवार के साथ श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उक्त उद्गार 53 बाराबंकी (अ.जा) लोकसभा क्षेत्र के इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज पूर्व सांसद डॉ. पी.एल.पुनिया के ओबरी आवास पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन के साथ श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात् कांग्रेसजनों के बीच व्यक्त किये।

# ग्रीष्मावकाश में समर कैंप को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन ने दर्ज की आपत्ति

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** परिषदीय शिक्षकों के ग्रीष्म कालीन अवकाश में इको क्लब्स फॉर मिशनलाइफ के तहत समरकैंप गतिविधियां आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा को उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अरुणेंद्र कुमार वर्मा ने पत्र लिखकर कहा कि जब तक परिषदीय शिक्षकों को अर्जित अवकाश अनुमन्य नहीं हो जाते है। तब तक उक्त आदेश अव्यवहारिक प्रतीत होता है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश से उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अरुणेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में दिनांक 5 जून से 11जून 2024 तक परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षकों द्वारा समर कैंप गतिविधियां आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किये गए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी अवकाश तालिका में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो चुका है। जबकि 20 मई को समस्त परिषदीय विद्यालय बंद हो चुके हैं एवं अधिकतर शिक्षक और शिक्षिकाएं प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में स्थित अपने अपने मूल निवास स्थान गृह जनपद को प्रस्थान कर चुके हैं तथा वर्तमान में अपने पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में व्यस्त हैं।

# एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**मसौली बाराबंकी।** फतेहचंद्र जगदीय राय इंटर कॉलेज सफदरगंज के एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को फूल देकर जागरूक किया। सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर फतेहचंद्र जगदीय राय इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों, कार चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने के लिए जागरूक किया। इस दौरान कैडेट्स द्वारा फूल देकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य शिवराम ने एनसीसी कैडेट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी कैडटेस के छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के ब्लाक अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करना हम सब के लिए बहुत जरूरी है। इस मौके पर पवन कुमार, दिनेश कुमार संतराम संजय कुमार सहित छात्र छात्राए मौजूद रही।

# 29 मई से चुनाव समाप्ति तक सील रहेगी इण्डो नेपाल बार्डर

**महराजगंज।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान से पूर्व अन्तिम 72 घण्टों के लिए जारी÷ स्टैण्डर्स आपरेटिंग प्रोसीजर÷ में विहित प्रावधानों के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन, सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर असामाजिक तत्वों के आवागमन को प्रतिबन्धित करने तथा चुनाव को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को रोकने के लिये महराजगंज से लगी अन्तर्राष्ट्रीय, अन्तर्राज्यीय तथा अन्तर जनपदीय सीमाओं को जिलाधिकारी महराजगंज अनुनय झा द्वारा 29 मई के सायं 6 बजे से मतदान की समाप्ति तक सील करने का आदेश दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय, अन्तर्राज्यीय व अन्तर जनपदीय मार्गों के समस्त महत्वपूर्ण स्थलों पर नाका स्थापित किये जायेंगे तथा शत-प्रतिशत चेकिंग सुनिश्चित करायी जायेगी। इस संदर्भ में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेशित किया है।

# भाषणों में नही दिख रहा है जनपद के विकास का प्लान

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पूर्वांचल का सीमावर्ती जनपद महराजगंज में लोकसभा सभा की एक सीट है जिसको पाने के लिए राजनीतिक दलों में होड़ दिख रही हैं केंद्रीय स्तर के नेताओं से लेकर सूबे के नेता इस जनपद का दौरा कर रहें है। मंचो से लगातार भाषण जारी हैं, लेकिन इस भाषण में जनपद के स्थानीय मुद्दे गायब हैं। स्थानीय नेता केंद्रीय नेताओं के भाषण के आधार पर चुनाव को जितने में लगे हैं। लगभग सभी प्रमुख दलों के बड़े नेताओं ने जनपद का दौरा कर वोट तो मांगा लेकिन महराजगंज की जनता को कुछ देने के लिए वादा नही किया। ऐसे में स्थानीय नागरिको को लग रहा है कि जनपद के स्थानीय समस्या, पहचान और विकास के लिए इन नेताओं के पास कोई विशेष योजना नही हैं। बल्कि भाषण के दम पर लोकसभा की सीट को हथियाना चाह रहे है। जनपद के रूप में महराजगंज 2 अक्टूबर 1989 में गोरखपुर से कटकर आस्तित्व में आया। तभी से लगभग सभी प्रमुख राजनितिक दलों के प्रत्याशी इस सीट से सांसद रह चुके है। लेकिन जनपद जिस पहचान का हकदार था उस पहचान से जनपद को महरूम रखा गया । आज भी महराजगंज जनपद से निकलकर बाहर जाने




वाले लोग महराजगंज के बजाय अपनी पहचान गोरखपुर के रूप में बताते है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में वीरेंद्र चौधरी का कहना है कि जनपद के आस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया गया है। यह लोकसभा चुनाव जनपद के पहचान के लिए लड़ाई है उन्होंने कहा कि जनपद को अति पिछड़ा जिले कि सूची से निकालकर विकसित जिले की सूची में लाएंगे। जबकि वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी का कहना है कि जनपद में काफी विकास कार्य हुआ है जिसमें पीपी माडल मेडिकल कालेज, हेड पोस्ट आफिस, और पासपोर्ट आफिस, आडिटोरियम, देवदह बनरसियाकला में पर्यटन, रामग्राम के उत्खनन का रास्ता साफ सहित सरकार की योजनाओं से जनपद के नागरिको को काफी लाभ मिला है जिससे जनपद को प्रदेश में अलग पहचान बनी। वहीं बसपा प्रत्याशी मोसमे आलम ने कहा कि जनपद में बसपा के शासन में ही जिला मुख्यालय का निर्माण, जिला अस्पताल, जिला स्टेडिएम, पुरैना में राजकीय पालिटेक्निक कालेज, का निर्माण हुआ था जिससे जनपद को एक नई पहचान मिली। इन दावों और वादों के बीच में जनता समझ नही पा रही है कि भाषण मंचो से जनपद के लिए कोई योजना और स्थानीय मुद्दे पर चर्चा क्यों नही की जा रही है। जनपद में बड़े बड़े नेताओं का चुनावी संबोधन हुआ लेकिन मंच से किसी भी बड़े नेता ने महराजगंज जनपद के लिए कोई बड़ा वादा नही किया। जबकि जनता का कहना है कि जनपद को वह पहचान अभी नही मिल पाया है जिसका हकदार जनपद है। जनपद को विकसित करने के लिए विशेष कार्यो की जरूरत है जिससे जनपद को देश और प्रदेश स्तर पर एक विकसित जिले के रूप में उभर सके।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए जमकर किया नारेबाजी

*अवधनामा संवाददाता*

**कर्नलगंज गोंडा।** एक गांव में महिला, पुरुष व बच्चों ने अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। प्रकरण जनपद गोंडा के विकास खंड कर्नलगंज अंतर्गत ग्राम सकतपुर के मजरा पुरवाघाट से जुड़ा है। यहां गांव से सटी बंजर खाते की करीब डेढ़ बीघा सरकारी भूमि है। जिसमे सैकड़ो वर्ष पुराना बाबा श्यामदास का समाधि स्थल बना है। उसी में ब्रम्हचारी बाबा का स्थान होने के साथ धार्मिक मंडप स्थापित था। जिसमे गांव के लोग पूजन अर्चन करते थे। नवरात्रि के समय उसी स्थल पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करके दुर्गा पूजा का भव्य कार्यक्रम होता चला आ रहा है। यह स्थल सदियों से गांव के लोगों के आस्था का केंद्र है। ग्रामीणों का आरोप है यह स्थल प्रधान प्रतिनिधि के घर के समीप है। जिससे उनकी निगाहें इस भूमि पर गढ़ गई और पहले उन्होंने छोटा सा छप्पर रखा जिसमें उनका परिवार बैठने लगा। शेष भूमि पर करीब एक सप्ताह पूर्व ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि ने पानी की टंकी स्थापित कराने के लिए जेसीबी मशीन मंगवाकर पूजा मंडप को गिरवा दिया। साथ ही हरे भरे फल से लदे दो आम के वृक्ष के साथ कई अन्य वृक्ष को कटवाकर बेंच दिया। ज़ब की गांव के आस पास कई जगह ग्राम समाज की सरकारी भूमि है।

उसमे पानी की टंकी न स्थापित करवाकर अपने निजी स्वार्थ में पूजा स्थल को नस्तनाबूद करने पर तुले हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है की एसडीएम को प्रार्थना पत्र देने के साथ पुलिस व वन विभाग को भी सूचित किया गया है मगर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। ग्रामीणों ने गांव के आसपास पड़ी ग्राम समाज की सरकारी भूमि में पानी की टंकी स्थापित करवाकर पूजा स्थल को सुरक्षित करवाने व धार्मिक स्थल तोड़वाने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# हल्लौर से ईरान, इराक और सीरिया के लिए रवाना हुआ काफिला

**अवधनामा संवाददाता**





**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हर शिया मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि अपनी जिंदगी में एक बार मुसलमानों के चौथे खलीफा व हज़रत मोहम्मद साहब के दामाद इमाम हज़रत अली अस व उनके बेटे हज़रत इमाम हसन और इमाम हुसैन अस सहित अन्य रौज़े की ज़ियारत करे। जायरीनों का काफिला क्षेत्र के उपनगर हल्लौर से इराक व सीरिया स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों की ज़ियारत के लिए जायरीनों का काफिला रवाना हुआ। इस काफिले में मर्द व ख्वातीन जायरीन शामिल है।

रवानगी से पहले उपनगर हल्लौर स्थित मोतवल्ली नौशाद हैदर रिज़्वी वक्फ शाह आलमगीर सानी के ज़ेरे निगरानी में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसे ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने इन धार्मिक स्थलों की विशेषता के साथ करबला की घटनाओं पर विस्तार से रोशनी डाली। अंत मे कर्बला के शहीदों के मसाएब बयान किया तो हर तरफ रोने की आवाज़ सुनाई दी। सकुशल यात्रा के लिए सभी लोगों ने अल्लाह की बारगाह में दुआएं की। मालूम हो कि जायरीनों का यह काफिला ईरान के मशहद, कुम, निशापुर, इराक के कर्बला व इसके बाद नजफ, सीरिया के मुकद्दस जगहों पर जियारत करने के लिए जाएगा। मजलिस पूर्व पेशख्वानी मुकामी शायरों द्वारा व मर्सियाख्वानी शाहिद आलम, अम्बर मेंहदी व उनके हमनवा ने किया। बताते चले कि काफिले में हसन अब्बास व उनकी अहलिया, अज़ीज़ हैदर सदलू व सज्जाद हैदर शानू व उनकी अहलिया,

**हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है मोकद्दस जगहों की एक बार हो जाए ज़ियारत**

अलमदार हुसैन व उनकी अहलिया और बेटी के अलावा लखनऊ से दीगर हज़रात जा रहे हैं। मजलिस में अज़ीज़ हैदर सदलू, शानू, मोजिज़, हसन अब्बास, अलमदार हुसैन, अज़ीम हैदर, उम्मीद, आफ़ताब, शादाब हैदर, हेलाल हैदर, मोहतशिम रज़ा, शमशाद हैदर, कामयाब हैदर, इन्तेज़ार हुसैन शबाब, शारिब रिज़्वी, तशबीब हसन, सलमान, माहताब हैदर एडवोकेट, इशरत जमील, मोहम्मद, अब्बास सर, कसीम रिज़्वी, मोहम्मद, आसिफ, लाडले, आबिद, मासूम, रज्जब अली, शमशाद हैदर, वज़ीर हैदर विलियम, सलमान, बबलू, काज़िम मेंहदी, कदर रिज़्वी, शरफराज़, शायान, महमूद, तसकीन हैदर, काज़िम रजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मतदान के बाद अटकलों का दौर जारी, कांग्रेस ने की समीक्षा बैठक

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव के छठें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय पर सन्नाटा हैं, वहीं दूसरी ओर नेताओं, उनके समर्थकों के घरों और चाय की दुकानों पर अटकलों का दौर जारी है। बहस के दौरान समर्थक अपने नेता को रोज कई बार जिता रहे हैं। इसी कड़ी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के आवास पर एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में चुनाव के तौर तरीकों, मतदाताओं की रूझान, पार्टी द्वारा जारी न्याय पत्र तथा जीत हार के आंकलन पर विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा छठे चरण के चुनाव तक भाजपा 200 से नीचे आ चुकी है। 7 वां चरण पूरा होते होते 400 पार नारे की हवा निकल चुकी होगी। उन्होने कहा जनता भाजपा के कुशासन से आजिज आ चुकी थी। जनता ने इससे छुटकारा पाने के लिये इस बार इंडिया गठबंधन को वोट किया है। देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा भाजपा 240 से 250 तक सिमट जायेगी और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

# रौज़ ए हज़रत क़ासिम पर सालाना मजलिस का हुआ आगाज़

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** हुसैनी वेलफेयर सोसायटी एंड एजुकेशनल सोसायटी की ओर से सराय चौक स्थित रौज -ए-हजरत कासिम में सालाना चार दिवसीय तब्लीग़ी मजालिस का आगाज़ परम्परागत रूप से हुआ।

तब्लीगी मजालिस के पहले दिन हुसैनी वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं व अकीदतमंदो ने हैलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरानी राष्टपति इब्राहीम रईसी व उनके साथियों को श्रद्धांजलि दी।मौलाना सैयद गुलज़ार जाफरी राजस्थान ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईरानी राष्टपति इब्राहीम रईसी का यह सौभाग्य रहा कि उनके हिस्से में अदालत (न्यायाधीश), सदारत (राष्ट्राध्यक्ष) व शहादत (बलिदान) आया। उन्होंने कहा कि इब्राहीम रईसी ईरान के न्यायाधीश होने के बाद राष्ट्राध्यक्ष रहते हुए शहादत को गले लगाया। मौलाना सैयद मोहम्मद बकी जाफरी ने कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने सिखाया कि भले ही जान गंवानी पड़े लेकिन सच्चाई का दामन नहीं छोड़ना चाहिए।रात्रि की मजलिस को मौलाना हसन मेंहदी वाइज मुस्तफाबादी ने नई पीढ़ियों को ईरानी राष्टपति इब्राहीम रईसी व उनके साथियों से प्रेरणा लेने की सीख देते हुए संस्कारिक शिक्षा पर जोर दिया। इससे पूर्व मौलाना कर्रार मेंहदी ने तिलावत कलाम पाक व हदीस -ए-किसा की तिलावत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंसर जलालपुरी, अमीर हैदर, अमीन जलालपूरी, मेंहदी उस्मानपुरी,सरवर हुसैन महविश अदीब ने पेश ख्वानी किया। जुहैर अब्बास ने अपने हमनवां के साथ मर्सिया ख्वानी किया। उक्त अवसर पर इनाम जाफरी, सय्यद कल्बे हसन, सैयद मोहम्मद तकी, अबुल हसन, मुजम्मिल अब्बास, वफादार हुसैन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अमीर हैदर, सिब्ते हसन, इक्तेदार हुसैन, अलमदार हुसैन,कौसर अली,जाफर मेहंदी, सैफ अब्बास राजू, मोहम्मद इमरान,मेहंदी रज़ा आदि का सहयोग रहा।

# पंडित नेहरू रहे आधुनिक भारत के महान शिल्पकार



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने आजादी की लड़ाई से लेकर आजादी के बाद भारत को हर स्तर पर संवारने का काम किया उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी जिला कांग्रेस कार्यालय पर गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा पंचवर्षीय योजना, भाखड़ा नांगल बांध, आईआईटी, एम्स और राज्यों का पुनर्गठन उनकी महान दूरदर्शी सोच थी। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि आधुनिक भारत के निर्माता भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर जनपद के समस्त कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और हिंद के जवाहर विषय पर गोष्ठी की जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू तथा संचालन ब्लाक अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी ने किया। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार, देश के प्रथम प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने अपना संपूर्ण जीवन -स्वतंत्रता आंदोलन, लोकतंत्र स्थापन, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की नींव रखते हुए भारत निर्माण के लिए समर्पित किया।

# स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की मनायी गयी पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 37वीं पुण्यतिथि सोमवार को प्रेस क्लब सभागार में विचार गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से मनाई गई। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर गोष्ठी की शुरुआत की। बाबू बालेश्वर लाल जी की स्मृतियों उनके संघर्षों और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के स्थापना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि उनके बताए मार्गों पर चलकर और उनके संघर्षों को आत्मसात करते हुए हम समाज को नया स्वरूप देने के साथ अपने संगठन को और मजबूत बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व उप सूचना निदेशक डा. दशरथ यादव ने कहा कि पत्रकार का धर्म है कि वह न पक्ष बने और न विपक्ष। निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता करने वाले को ही समाज याद रखता है और उसके कार्यों की चर्चा करता है। आज के दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता आसान नहीं है, लेकिन विषम परिस्थितियों में जो इस नैतिक धर्म का पालन करते हुए कार्य करेगा उसे हमेशा समाज और राष्ट्र याद रखेगा। बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की स्थापना कर पत्रकारों के एक ऐसा संगठन और मंच दिया जिसके माध्यम से वह अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सकते हैं। अपने साथियों के हर सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रह सकते हैं। जिला सूचना अधिकारी हितेंद्र नाथ चौधरी ने कहा कि सूचना विभाग और पत्रकारों तथा संगठन के आपसी समन्वय को बेहतर बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान जरूरी है। एक दूसरे का सहयोग लेकर ही हम समाचारों और सूचनाओं को बेहतर तरीके से प्रेषित कर सकते हैं। संगठन के संरक्षक समाजसेवी अखिलेश दुबे ने कहा कि आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन और ग्रामीण पत्रकार लगातार समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। विषम परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद भी ग्रामीण पत्रकार लगातार बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। संगठन के मंडल अध्यक्ष डा. संजय द्विवेदी ने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकारों को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए उनके अधिकारों की रक्षा के लिए और उन्हें पत्रकारिता के अग्रणी पंक्ति में लाने के लिए जो

**प्रेस क्लब में विचार गोष्ठी व श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन**

मुहिम शुरू की, जो पौधा लगाया आज वह वट वृक्ष बन चुका है। तमाम पत्रकारों को आज इस वृक्ष के नीचे छाया मिल रही है। संगठन ने पत्रकारों के लिए दुर्घटना बीमा, हेल्थ कार्ड और तमाम ऐसी सुविधाएं दिलाने का काम किया है जिससे पत्रकार साथी अपने आप को मजबूत महसूस कर रहे हैं। जिला महामंत्री भृगुनाथ त्रिपाठी पंकज ने कहा कि साथियों को जब भी जहां संगठन की जरूरत होगी वहां हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। मुख्य अतिथि उप सूचना निदेशक प्रभाकर त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों को खबरों के संकलन और प्रेषण में बहुत सावधानी बरतनी की जरूरत है। ग्रामीण पत्रकारों को अपने छपे हुए समाचारों का और खासकर बाईलाइन खबरों को संकलित करते रहना चाहिए। जिससे कि भविष्य में जब कहीं जरूरत पड़े तो उसे प्रस्तुत कर सकें।

# पूर्व विधान परिषद सदस्य की माता के अंतिम संस्कार में लोगों ने दी सांत्वना



**अवधनामा संवाददाता**

**बसखारी अंबेडकरनगर।** पूर्व एमएलसी वरिष्ठ सपा नेता अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा की माता का अंतिम संस्कार हजारों नम के बीच सोमवार को महादेव घाट पर कर दिया गया। मुखाग्नि मृतक दमयंती देवी के पुत्र पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय कुमार माथुर ने दी। इस दौरान उनके साथ पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा एवं उनके छोटे भाई जिला जज रणजय वर्मा, विशाल वर्मा के पुत्र अर्पित वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। बता दें कि बीते रविवार को सपा के वरिष्ठ नेता विशाल वर्मा की माता दमयंती देवी की 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनके निधन की खबर सुनकर स्थानीय लोगों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों का उनके पैतृक निवास स्थान बुढनापुर में शोक संवेदना प्रकट करने का तांता लग गया। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री बलराम यादव, श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा, पूर्व मंत्री सपा से लोकसभा प्रत्याशी विधायक लालजी वर्मा, विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व मंत्री विधायक टांडा राममूर्ति वर्मा, पुर्व एमएलसी अतहर खां, सपा जिला अध्यक्ष राम शकल यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष किछौछा ओमकार गुप्ता, कक्कू पांडे, मो फैजान खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी बसखारी संजय कुमार गुप्ता, रामनगर ब्लाक प्रमुख विकास यादव, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव, शेष कुमार वर्मा, पूर्व विधायक सुभाष राय, समाजसेवी धर्मवीर बग्गा, शरद यादव सहित आदि हजारों लोग शामिल रहे।

# चिलचिलाती धूप में वोटिंग की देर शाम तक हुई बरसात का मुख्य कारण जागरूकता अभियान से जोड़ा जा रहा

**मोकीम खान / दानिश मेहदी**

**किछौछा / टांडा।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के लिए चलाई गयी इनामी योजना तथा चुनाव से पूर्व समाजसेवियों द्वारा मतदाताओं से अपील का असर जिले में दिखाई पड़ा चिलचिलाती धूप में सुबह से हुई वोटिंग की बरसात देर शाम तक मतदान केंद्रों पर चलती रही। भीषण गर्मी में मतदाताओं की रफ्तार बूथों पर थोड़ी धीमी जरूर हुई। लेकिन छिटपुट बुंदाबांदी की तरह मतदाता एक-एक कर अपने मतों का प्रयोग चिलचिलाती धूप में भी करते रहे। जिसका नतीजा रहा सुबह 9ः00 बजे के करीब तक 15त्न,दोपहर 11ः00 बजे तक 30त्न जा पहुंचा और 1ः00 बजे तक 42 फ़ीसदी के आंकड़े को पार कर गया।और शाम 3ः00 बजे तक साढे 52 फ़ीसदी के करीब पहुंच कर रिकॉर्ड बनाने की तरह अग्रसर हो गया दोपहर को धीमी पड़ी मतदान की रफ्तार ने 3 बजे के बाद पुनः रफ्तार पकड़ी जिसका नतीजा रहा कि मतदान शाम 5 बजे तक 60 फीसदी के करीब पहुंच चुका था। अंतिम समय तक पिछली बार का रिकॉर्ड टूट गया और मतदान करीब 61 फ़ीसदी के करीब जा पहुंचा। जनपद में बढ़े हुए मतदान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अंबेडकर नगर अविनाश सिंह की पहल पर मतदाताओं के लिए शुरू की गई इनामी योजना व समाजसेवियों की अपील को भी आधार माना जा रहा है।

**सुरक्षा व्यवस्था रही मुस्तैद तो बाजार बंद होने से पसरा रहा सन्नाटा**

सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान महोत्सव को लेकर जहां ऐतिहातन क्षेत्र के प्रमुख बाजार बंद रहे। वहीं पर मतदान को कुशलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा वालों के साथ अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी गई थी। क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों अतिरिक्त पुलिस बल के जवान भी लगाए गए थे मतदान केंद्रों की स्थित का जायजा लेने के लिए सुबह से ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भ्रमण करते रहे।

**मतदान से पूर्व समाजसेवियों द्वारा की गई थी अपील**

समाजसेवी सैय्यद आलेमुस्तफ़ा (छोटे बाबू), ओमकार गुप्ता, शरद यादव, सैय्यद अज़ीज़ अशरफ, द्वारा मतदान के प्रति नागरीको मे जागरूकता लाने के लिये की गई थी अपील लोकसभा चुनाव मे बिना लोभ लालच के मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर मज़बूत लोकतंत्र निर्माण करने हेतु की गई थी अपील

**मतदान को लेकर युवा एवं नये मतदाता रहे उत्साहित-** इस बार मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। युवा और नये वोटरों ने जहां लोकतंत्र के इस महापर्व में जहां अपनी सहभागिता निभाई वहीं वृद्ध महिला एवं पुरुष भी इसमें पीछे नहीं रहे।लोगों ने अपने मत का प्रयोग करने के बाद बूथो पर लगे सेल्फी पॉइंट पर फोटो भी निकाली और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक एवं जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाया। सबसे ज्यादा 18 से 19 वर्ग के मतदाताओं में मत डालने को लेकर उत्साह देखने को मिली। पहली बार मत डालने के बाद बूथों से बाहर निकले युवक एवं यूवतियो ने सेल्फी पॉइंट का फोटो निकाली और सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए इसे एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान बताया है।

# सभी के लिए मिशाल है भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता : आलोकानंद

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज क्षेत्र के परसपुर गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के दौरान रविवार की रात कथावाचक स्वामी आलोकानंद शास्त्री ने भगवान कृष्ण व सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। जिसे सुन कर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होने कहा कि जो भगवान को अपना मित्र बनाता है, भगवान उसके कष्टों को मिटा कर अपने जैसा बना लेते हैं। मित्रता में एक दूसरे का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें कोई छोटा बड़ा नहीं होता। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी से समझा जा सकता है। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे लेकिन द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं, इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना, वह सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब भी भक्तों पर विपदा आई है।

# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किया निरीक्षण



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी (मुंडेरवा) पर सोमवार को मुख्यचिकित्साधिकारी रामशंकर दूबे ने औचक निरीक्षण किया। जिसमे कम प्रसव पर नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग दो घंटे सभी विंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। पहले उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर को देखा तो उन्हें डाक्टर सहित कर्मचारियों के आवास की स्थिति ठीक नही लगी तो उन्होंने उसे ठीक करवाने को कहा।उसके बाद औषधि कक्ष मे दवा,लैब तथा मरीजों के भर्ती करने के लिए वार्ड की भी जांच किया तो एक मरीज जिसको उल्टी दस्त हो। रहा था भर्ती करके उसे डिप चलाया जा रहा था। प्रसव कक्ष को देखने के बाद प्रसव रजिस्टर की जांच किये तो प्रसव कम मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार लाने की नसीहत दिया। कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर की जांच मे सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। इस अवसर पर डा. मेहनाज गनी, डाक्टर शिप्रा शर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, डेंटलहाइजनिष्ट समीम अख्तर, अरविंद भाष्कर, देवेंद्र कुमार, रीना सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण का गढ़ है पुराना बना हुआ है नौगढ़

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय एवं सदर नगर पालिका का कस्बा पुराना नौगढ़, अतिक्रमण का गढ़ है। सड़क के किनारे तक अवैध रूप से पक्का मकान और दुकान बना लिया गया है, मकान और दुकान के आधे से ज्यादा सामान सड़क के किनारे रखे जाने सड़क की पटरियां और नाले का कहीं कोई पता ही नही चलता।सामान खरीदते वक्त लोगों द्वारा सड़क पर खुद तथा वाहनों को खड़ा करने से राहगीरों को प्रायः जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। और जब कभी किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होता है तो पूरा सड़क बंद कर दिया जाता है। कस्बे में अतिक्रमण के कारण सड़क सकरी हो गई है, जिससे आए दिन लोगों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध न तो कोई कार्यवाही की जाती है, न ही कभी पुराने नौगढ़ में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है, इसलिए पुराना नौगढ़, अतिक्रमण का गढ़ बन गया है। अतिक्रमण के कारण सबसे अधिक परेशानी तब और अधिक हो जाती है, जब कोई गर्भवती महिला अथवा गंभीर बीमार व्यक्ति का वाहन जाम में फंस जाता है, और समय से इलाज हेतु डॉक्टर के वहां न पहुंच पाने के कारण असमय काल के गाल में समा जाता है। गिट्टी, मोरंग, बालू, सीमेंट सरिया वालों का तो वर्षों से सारा व्यापार सड़क की पटरियों पर ही हो रहा है, उनके यहां ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक जैसे भारी वाहनों के आने जाने से जाम की और अधिक समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ता है। इस कस्बे के अतिक्रमण हटाने के प्रति प्रशासन ने यहां कभी कोई रुचि नहीं दिखाई, इसीलिए चाहे एजाज अहमद हो या गुलाम मुर्तजा इन लोगों ने अपने घर और मकान से सामने से अतिक्रमण हटाने के लिए उच्च न्यायालय में गुहार लगाई, तब जाके प्रशासन ने उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की ठोस कदम उठाई। स्थानीय नागरिकों ने शहर के सड़क और उसकी पटरियों तथा नाले पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर नगर को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।



# सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल कार्यक्रम के तहत आशा बहुओं के तृतीय बैच का प्रशिक्षण आरंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में सोमवार को छोटे बच्चो का गृह आधारित देखभाल

**बच्चो के मृत्यु दर कम करने हेतु प्रारंभ हुआ आशाओ का प्रशिक्षणः ओझा**

**भनवापुर के सीएचसी सिरसिया मे आयोजित प्रशिक्षंण में आशाओं के कार्य व भूमिका पर दी जानकारी**

(एच.बी.वाई.सी.) कार्यक्रम के तहत आशा बहुओं के तृतीय बैच के पहले दिन के प्रशिक्षण का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र मणि ओझा ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. ओझा के द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आशा बहू के माध्यम से 3 माह से 15 माह के बच्चों को 3 माह, 6 माह, 9 माह, 12 माह तथा 15 माह में कुल पांच बार भ्रमण करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित समस्त प्रकार की जानकारी लिया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से निमोनिया, एनीमिया, कुपोषण, तेज बुखार आदि के लक्षण पाए जाने पर तुरंत बच्चों को इलाज हेतु संदर्भित किया जाएगा, जिससे बच्चों के मृत्यु दर को कम किया जा सके। सुषमा द्विवेदी के द्वारा आशा बहू को बच्चो में कुपोषण के लक्षण के विषय में प्रशिक्षित किया गया, जिससे कुपोषण के आरंभिक स्थिति में बच्चों को संदर्भित किया जा सके। मास्टर ट्रेनर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजीव त्रिपाठी तथा बीसीपीएम मैराज अहमद के द्वारा ब्लॉक के अंतर्गत कार्यरत समस्त आंगनवाड़ी, आशा बहुओं, संगिनी को ग्रह भ्रमण पर विशेष ध्यान देने की बात की गई। इस दौरान फूल कुमारी, बबीता, सुनीता, मानती, सावित्री, ममता, अनीता, रीना आदि उपस्थित रहे।

# नहाने गये चार लड़कों में से एक की मौत एनडीआरएफ की टीम को दूसरे दिन मिली लाश

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोल्हौरा गांव के बानगंगा नदी में शनिवार को नहाने गये चार लड़कों में से एक 16 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया था। दूसरे दिन चार बजे शाम को एनडीआरएफ की टीम ने बानगंगा नदी में पहुंचकर तलाश शुरू किया। वहीं डूबा हुआ किशोर बहकर महथा बाजार रेलवे पुल से 500 मीटर उत्तर मंदिर के पास बानगंगा नदी में उतराते देखा गया। उतरवाते देख महथा बाजार व परसोहिया गांव के रामनयन उर्फ जग्गू मल्लाह,अम्बर मल्लाह,सतेसर पासवान, प्रकाश, चंद्रिका मल्लाह आदि ने शव को बांनगगा नदी से निकाल कर एनडीआरएफ टीम के प्रभारी प्रेम शंकर यादव को सौप दिया।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोल्हौरा गांव निवासी खलील पुत्र सईद उम्र16 वर्ष,सहजाद पुत्र अहद, तौफीक पुत्र चीनी चुरिहार, आशीष पुत्र जगदीश अपने गावं के निकट पूरब दिशा में बानगंगा नदी में शनिवार को शाम पांच बजे नहाने गये थे। बानगंगा नदी में नहाते समय खलील गहरे पानी में डूब गया। लड़के के डूबने की जानकारी होने पर लोग लगातार तलाश कर रहे थे। दूसरे दिन रविवार को भी ग्रामीणों ने काफ़ी खोजबीन नदी पानी में जारी रखा। शाम चार बजे एनडीआरएफ टीम भी खोजने में जुट गयी। रविवार शाम करीब छः बजे घटना स्थल से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर महथा बाजार रेलवे पुल के उत्तर स्थित बांध पर बने मन्दिर के पास लड़के के तलाश में लगे महथा बाजार गांव के मल्लाहों ने लड़के का शव 25 घण्टे बाद उतराते हुये देखा। एनडीआरएफ टीम ने पहुंचकर शव को ले जाकर पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव को पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया। बानगंगा नदी में डूबा किशोर खलील अपने तीन भाइयों में छोटा है। भाई व पिता मुंबई में रोजी रोटी के लिए रहते थे। घटना सुनकर घर के लिए निकल पड़े हैं। परिवार के लोगों का रोरोकर बुरा हाल है।इस संबंध मे थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## तलाक का जश्न

खबर कानपुर की है। एक लड़की ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर मायके लौट रही है। लड़की के घर वालों ने जिस तड़क भड़क बाजे गाजे और नाच गाने के साथ लड़की को शादी में बिदा किया था उसी तानेबाने के साथ तलाक शुदा लड़की को घर वापस ला रहे है। जिन्दगी में पहली बार इस तरह की चकित कर देने वाली खुशी से भरी खबर ने आश्चर्य और खुशी से भर दिया। क्योंकि अपने समाज में लड़की किसी भी रूप में हो भार समझी जाती है। हालाकि पढ़ाई में लड़कियां लड़कों से आगे निकल टाप कर रही है, अच्छी अच्छी नौकरियां कर रही है पर सब कुछ के बीच सामाजिक ताना बाना में लड़को से पीछे ही है।

अपने समाज में अभी भी लड़कियों को पराया धन ही समझा जाता है। पर आज ऐसे भी कुछ परिवार है जो आर्थिक रूप से कमजोर है और लड़कीयां नौकरी कर रही है। तो धन कि लालच में होने वाले ससुराल के पक्ष में कमियां निकाल कर शादीयां ठुकराया करते है। लड़की घर वालों की मंशा समझ जाती है, इन्तजार करते करते चिढ़ की वजह से शादी से इनकार करने लगती है क्योकि उसे मालुम है सिर्फ चर्चा ही होनी है शादी नहीं। आम लड़कियों में इतना साहस नहीं होता कि वे परिवार के खिलाफ बगावत कर दें। घरवाले कहने लगते है लड़की शादी से इनकार कर रही है कहती में अपने भतीजों के साथ ही खुश रहेगी भतीजे जब तक बच्चे है बूआ के साथ है जवान होते ही दोस्तों में में फुर्र हो जाते है। लड़की अकेलेपन और बोर्डम से त्रस्त हो जीवन काटती रहती है। इक्के दुक्के लड़कियों परिवार और ससुराल वालों से बगावत कर अपना रास्ता अजकल खुद चुनने लगी है। पर अभी भी कोई परिवार अपनी लड़की से खुश होता है तो कहता है हमारी लड़की तो लड़के के बराबर है।

अक्सर देखने और सुनने में आता है कि लड़कियां जब अपने ससुराल वालों की प्रताड़ना की बाते माता पिता को बताती है तो माता पिता यही सीख देते है अब तुम्हारा सब कुछ ससुराल ही है ससुराल से ही अर्थी निकलेगी। उस समय लड़की के दिल में क्या गुजरती होगी कल्पना की जा सकती है। जबसे मायके धन पर लड़कियों के हक का कानून बना है तब से मायके वाले लड़कियों के तलाक से और डरने लगे है। तलाक शुदा लड़की से परिवार और पड़ोसी अपने बच्चों को बचाते रहते है, उसे नीची निगाह से देखते है। तलाक शुदा लड़कियां परिवार और समाज से किसी प्रकार का सपोर्ट न मिल पाने की वजह से खराब शादियां कर लेती है। जिन्दगी भर वे दुख झेलती रहती है। अगर लड़की कमाने वाली है तो कुछ बेहतर स्थिति में होती है, पर उसके पगार पर स्वमित्व पति का ही होता है। अगर तलाक शुदा लड़की घरेलू है तो परिवार की धारणा है कि बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा। इस लड़की का खर्च कौन उठायेगा लड़की परिवारवालों के लिये चहेती बनने के लिये जीततोड़ घर का काम करती रहती है पर घरवाले पसीजते नहीं है। ऐसी लड़कियों को सबसे बुरा हाल तब होता है जब काफी उम्र की हो जाती है। जिन बच्चों को अपने बच्चों की तरह पाल रही होती है। वे बड़े होकर दोस्ती और अपनी बिबियों में गुम हो जाते है। जिस हद दर्जे का अकेलापन भोगती है वह न जीने में होती है न मरने में। चाहे जिस तरह की महिला हो या लड़की आजकल उनके साथ बलात्कार और आपहरण की घटनायें बढ़ती जा रही है। उनकी हत्यायें बढ़ती जा रही है। महिलाओं के बलात्कार में नेता, कोर्पोरेट, ब्यूरो क्रेट भी कम जुल्म नही करती है। सरकार इस तरह ध्यान दे सुधारत्मक कानून बनाये सिर्फ दन्डनीय कानून नहीं।

## महान क्रांतिकारी वीर सावरकर

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

वीर सावरकर भारत की आज़ादी के संघर्ष में एक महान ऐतिहासिक क्रांतिकारी थे। वह एक महान वक्ता, विद्वान, विपुल लेखक, इतिहासकार, कवि, दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वीर सावरकर का वास्तविक नाम विनायक दामोदर सावरकर था। वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के निकटवर्ती भागुर गाँव में हुआ था। उनके बड़े भाई गणेश (बाबराव), उनकी जीवन प्रतिष्ठा का एक प्रमुख स्रोत थे। वीर सावरकर बहुत कम उम्र के थे, जब उनके पिता दामोदरपंत सावरकर और माता राधाबाई की मृत्यु हो गई थी।



वीर सावरकर ने मित्र मेला नाम के एक प्रमुख संगठन की स्थापना की थी, जिससे भारत की ÷पूर्ण राजनीतिक स्वतंत्रता÷ की लड़ाई में भाग लेने वाले लोग काफी प्रभावित हुए थे। मित्र मेला के सदस्य, नासिक में महावारी रोग से पीड़ित लोगों की सहायता भी की गई। बाद में उन्होंने मित्र सम्मेलन को अभिनव भारत कहा और घोषणा की कि भारत को स्वतंत्र होना चाहिए। वीर सावरकर की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदारी के कारण ब्रिटिश सरकार ने अपने स्नातक स्तर की डिग्री वापस ले ली। जून 1906 में, वीर सावरकर वकील बनने के लिए लंदन चले गए। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के भारतीय युद्ध पर आधारित एक किताब लिखी गई, जिस पर अंग्रेजो ने रोक लगा दी। जब वह लंदन में रह रहे थे, तभी उन्होंने इंग्लैंड में भारतीय छात्रों को ब्रिटिश औपनिवेशिक स्वामी के प्रति विद्रोह के लिए उकसाया था। उन्होंने भारत की आज़ादी के संघर्ष में स्वतंत्रता के प्रयोग का समर्थन किया था। वीर सावरकर को लेकर 13 मार्च 1910 को हालांकि अभी अभी जहाज फ्रांस के मार्सिलेज में पहुंचा था कि वीर सावरकर वहां से बचकर भाग निकले, लेकिन फ्रांसीसी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 24 दिसंबर 1910 को अंडमान में उन्हें सजा सुनाई गई। जेल में पुस्तकालय की स्थापना उनके ही प्रयास का परिणाम थी। उन्होंने जेल में अशिक्षित कैदियों को शिक्षा देने की कोशिश की। विठ्ठलभाई पटेल, तिलक और कैथोलिक जैसे महान नेताओं की मांग पर सावरकर को 2 मई 1921 को भारत वापस भेज दिया गया।

वीर सावरकर को रत्नागिरि जेल में कैद कर लिया गया और बाद में उन्हें यरवाडा जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। रत्नागिरी जेल में ही हिंदुत्व नाम की एक किताब भी लिखी गई थी।

6 जनवरी 1924 को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया, बाद में उन्होंने रत्नागिरी हिंदू महासभा की स्थापना के लिए प्राचीन भारतीय संस्कृति को बनाए रखने और सामाजिक कल्याण की दिशा में काम करने का निर्णय लिया। इसके बाद वह तिलक द्वारा बनाई गई स्वराज पार्टी में शामिल हो गए और हिंदू महासभा में एक अलग राजनीतिक दल की स्थापना की और इसके अध्यक्ष के रूप में चुने गए। इस पार्टी ने पाकिस्तान के गठन का विरोध किया। गांधी जी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे भी हिंदू महासभा के सदस्य थे। महात्मा गांधी हत्या मामले में वीर सावरकर पर भारत सरकार द्वारा आरोप लगाया गया था, लेकिन भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें असहमत साबित कर दिया था। 1939 में, सत्तारूढ़ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटेन द्वारा भारत को द्वितीय विश्व युद्ध में युद्धरत घोषित करने पर सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। सावरकर के नेतृत्व में हिंदू महासभा ने कई राज्यों में सरकार बनाने के लिए मुस्लिम लीग और अन्य गैर- कांग्रेसी दलों के साथ गठबंधन किया। इसके बाद, गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया; सावरकर ने आंदोलन का बहिष्कार किया, उन्होंने स्टिक टू योर पोस्ट्स शीर्षक से एक पत्र लिखा और ब्रिटिश युद्ध प्रयास के लिए भारतीयों की भर्ती की।1948 में, सावरकर पर महात्मा गांधी की हत्या में सह-साजिशकर्ता के रूप में आरोप लगाया गया था; सबूतों के अभाव में अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। 26 जनवरी सन 1966 को 83 वर्ष की आयु में इनका निधन हो गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

भगवान हनुमान जी अपने प्रभु श्री राम जी से पहली बार ज्येष्ठ महीने के मंगलवार के दिन ही मिले थे। तभी से यह मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार के दिनों को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इन खास दिन मंदिरों में सुन्दरकांड, बजरंगबाण, हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति आदि के साथ-साथ भजन कीर्तन होते हैं तथा भक्तों के लिए भंडारे होते हैं और जगह-जगह पर प्याऊ लगवाए जाते हैं। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल की शुरुआत लगभग 400 साल पहले नवाबी शासन के दौरान अवध क्षेत्र में हुई थी।

# हर समस्या का समाधान करते है प्रभु श्रीराम व श्री हनुमान

अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषणः।
कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरंजीविनः ।।

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार सात देवता अमर हैं, जिसमें हनुमान जी महाराज श्री है। कलयुग के ऐसे देवता जिनके द्वारा मानव जीवन का कल्याण किया जा रहा है। हिन्दु धर्म में प्रत्येक दिन का अपना अलग महत्व है और हर एक दिन किसी न किसी भगवान की पूजा करने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि यदि प्रत्येक दिन में ईश्वर की भक्ति की जाती है तो पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्हीं शास्त्रों में मंगलवार के दिन को भगवान हनुमान जी को समर्पित है। लेकिन ज्येष्ठ महीने में पड़ने वाले सभी मंगलवारों को बड़ा मंगल कहा जाता है और इनमें विशेष रूप से सभी राम भक्त और हनुमान भक्त बजरंगबली जी की पूजा करते है। बड़े मंगल को बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है और ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान हनुमान की पूजा करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के मंगलवारों को जो भक्त हनुमान जी की पूजा और व्रत करते हैं, उनके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस दिन पूजन करने से जीवन की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और घर में खुशहाली आती है। आइए जानते है इसका महत्व क्या है और इसकी शुरुआत कहां से हुई थी।



ऋषि सैनी

सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान हनुमान जी अपने प्रभु श्री राम जी से पहली बार ज्येष्ठ महीने के मंगलवार के दिन ही मिले थे। तभी से यह मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार के दिनों को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इन खास दिन मंदिरों में सुन्दरकांड, बजरंगबाण, हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति आदि के साथ-साथ भजन कीर्तन होते हैं तथा भक्तों के लिए भंडारे होते हैं और जगह-जगह पर प्याऊ लगवाए जाते हैं। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल की शुरुआत लगभग 400 साल पहले नवाबी शासन के दौरान अवध क्षेत्र में हुई थी। कहानियो के अनुसार एक बार नवाब मोहम्मद अली शाह के पुत्र बहुत बीमार पड़ गया, तब उनकी पत्नी ने अपने पुत्र का इलाज कई जगह करवाया परंतु कोई लाभ नहीं हुआ। इसके पश्चात लोगों ने उनकी पत्नी को अपने पुत्र की कुशलता के लिए वर्तमान लखनऊ के अलीगंज में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जाने और वहां हनुमान जी की पूजा करते हुए मन्नत मांगने की सलाह दी। नवाब ने वैसा ही किया और उनका बेटा भी पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गया। इसके बाद नवाब और उनकी पत्नी ने हनुमान मंदिर की मरम्मत करवाई। मंदिर की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद ज्येष्ठ महीने के हर मंगलवार को शहर वासियों को पानी और गुड़ का शर्बत बांटा गया। तभी से बड़े मंगल की शुरुआत हुई।

अवध क्षेत्र में सनातन हिन्दु धर्म के सभी व्यक्ति भगवान बजरंगबली जी को अपना ईष्ट मानते हैं, इसीलिए लखनऊ शहर के हर गली-मोहाने में पूज्य हनुमान जी के छोटे-बड़े मन्दिर देखने को



मिलते हैं। यह बड़े मंगल का त्यौहार लखनऊ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में ही मनाया जाता है जिसे समस्त भक्तगण बहुत ही प्रेम व श्रद्धापूर्वक रूप से मनाते हैं। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल में भक्त लोग सुबह से ही मंदिरों में लाइन में लगकर पूज्य हनुमान जी के दर्शन पूजन करते है एवं तत्पश्चात् दैनिक आहार में भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। यद्यपि भगवान हनुमान जी की महिमा की व्याख्या व विश्लेषण कर पाना किसी मनुष्य के वश की बात नहीं है, परन्तु अपने आराध्य पूज्य हनुमान जी की कृपा से उनके विषय में जो भी अनुभव हुआ उसका आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक विश्लेषण के उपरान्त यह कहा जा सकता है कि हर समस्या की निदान प्रभु हनुमान जी महाराज है। संसार का सृजन एवं संचालन पुरुष तत्व यानी भगवान शिव तथा प्रकृति यानी माता आदिशक्ति की ऊर्जाओं से होता है, आत्मा तत्व 'पुरूष' तथा शरीर तत्व प्रकृति' है, माया स्वरूप प्रकृति आत्मा की इच्छा से शरीर रूपी प्रकृति का सृजन, संरक्षण, संचालन एवं विनाशक कार्य करती है, चूंकि प्रकृति पंचतत्वों का स्वरूप है इन पंचतत्वों में प्रमुख स्थान वायु का है जो कि गति, ज्ञान एवं गुणों को देने का कारक है, पूज्य हनुमान जी रूद्रावतार और वायुदेव के पुत्र प्राणवायु के रूप में संसार में प्रत्यक्ष है इसलिए संसार को सजीव एवं गतिमान बनाने का दायित्व पूज्य हनुमान जी महाराज के हाथ में है। प्राणवायु ही भगवान हनुमान जी की दिव्य ऊर्जा शक्ति है, संसार भले ही नष्ट हो जाता है परन्तु प्राणवायु के अजर एवं अमर होने के नाते ब्रहमाण्ड में अवशेष रह जाती है, इसीलिए हनुमान जी को भी अजर-अमर कहा गया है। पुराणों में कहा गया है कि 'यत् ब्रह्माण्डे तत् पिण्डे' अर्थात् जैसी ब्रह्माण्ड की रचना है उसी की प्रतिकृति मनुष्य का पिण्ड (शरीर) है, इस शरीर के हृदय में संसार के संचालक महाप्रभु श्रीमन नारायण अर्थात् प्रभु श्रीराम का अंश होता है, प्राणवायु के रूप में भगवान हनुमान जी महाराज प्रभु श्रीराम के सेवक बनकर बिना विश्राम किये अनवरत हृदय में स्पंदन करके प्रभु श्रीराम के सांसारिक संचालन अर्थात् शरीर के संचालन के दायित्वों की पूर्ति में बिना किसी स्वार्थ के समर्पित रहते है।

विद्यावान गुनी अति चातुर। राम काज करिबे को आतुर।।

प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया। राम लखन सीता मन बसिया।।

बल बुद्धि एवं विद्या से परिपूर्ण श्री हनुमान जी महाराज की महिमा पर यदि ध्यान दें तो पायेगें कि हर माता शक्ति की पीठ पर लगे झण्डे-पताकों में श्री हनुमान जी की प्रतिमा दर्शित होती है, यहाँ तक कि अर्जुन के रथ में भी लगे झण्डे में श्री हनुमान जी की ही प्रतिमा थी, महाभारत के युद्ध में सीमित संख्या, सीमित बल के बावजूद महाप्रभु श्रीकृष्ण के परामर्श पर अर्जुन के रथ पर श्री हनुमान जी की उपस्थिति मात्र से ही पाण्डवों ने महाभारत युद्ध में जीत हासिल की। भगवान श्री हनुमान जी को माता सीता से अष्ट सिद्धियों एवं नौ निधियों के दाता का वरदान है यह प्राण वायु के संतुलित स्वरूप है अष्ट सिद्धियों में चार मन की शक्तियां की सिद्धि क्रमशः अणिमा, महिमा, गरिमा और लघिमा सिद्धियों के माध्यम से अपने शरीर को अदृश्य रूप में अणु के समान छोटा बना लेने, किसी सीमा तक बड़ा बनाने, अपने शरीर के भार के असीमित बना लेने तथा अपने भार को अत्यंत हल्का कर वायु के सहारे उड़ने योग्य बना लेने की शक्तियां तथा चार बल की सिद्धियाँ क्रमशः प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व के माध्यम से अपनी इच्छानुसार अदृश्य होना, बेरोकटोक किसी स्थान पर आवागमन, दूसरे के मन की बात को समझ लेना, ईश्वरत्व जैसा पद प्राप्त कर लेना और किसी दूसरे को वशीभूत कर अपना दास बना लेने की सिद्धियाँ ये कुल आठ सिद्धियाँ जो श्री हनुमान जी के पास है तथा नौ निधियों में पदम, महापदम, नील, मुकुंद, नंद, मकर, कच्छप, संख और खर्च निधि है अर्थात् इन निधियों से सात्विक गुणों और दानक्षमता में वृद्धि, धार्मिक भावनाओं प्रबलता, धनवान होना, रजोगुण एवं तमोगुण का विकास होना, शस्त्रों का संग्रह होना, सम्पत्ति का सुखपूर्वक भोग करना, अतुलनीय सम्पत्ति का मालिक होना, विरोधियों और शत्रुओं पर विजय हासिल करना।

# जल-संकट चुनाव जीतने का नहीं, समाधान का माध्यम बने

भारत के गांवों में रहनेवाले करीब 20 करोड़ परिवारों के घरों में नल नहीं है। इन परिवारों की औरतें पैदल चलकर, घंटों लाइन में लगकर पानी इकट्ठा करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार ने साल 2019 में हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की घोषणा की। सरकार का दावा है कि अब तक 10 करोड़ घरों में नल लग गए हैं। लेकिन अभी हजारों गांवों में जल-संकट एक बड़ी समस्या बनी हुई है। एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि बढ़ते जल-संकट के समाधान की दिशा में हमने क्या कदम उठाये। क्या पानी की फिजूल खर्ची को कम करने का कोई संकल्प लिया?

देश के कई भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर ज़िले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। लोकसभा चुनाव अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है, आज हमारे उम्मीदवार मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करके चुनाव तो जीत जाते हैं लेकिन भारत में जिस तरह पानी का संकट गंभीर हो रहा है, उससे उनकी कथनी और करनी की असमानता ही बार-बार उजागर होती है। जल-संकट चरम पराकाष्ठा पर है, एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब पैसा देकर भी पानी खरीदना मुश्किल हो जाएगा। जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी। पैसे वालों के लिए पानी इतनी बड़ी समस्या नहीं है लेकिन जिन लोगों के पास पैसों की किल्लत है, वे पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं क्योंकि टैंकर का पानी महंगा पड़ रहा है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। महर-खुवा गांव की ही तरह अलवर जिले के कई गांव में लोग किसी एक मौसम में नहीं, बल्कि 12 महीनें भीषण जल संकट का सामना कर रहें है। इन गांवो में पानी का स्त्रोत है ही नहीं। इन इलाकों में पानी की इतनी कमी है कि लोग उसे अपने घरों में टैंकर में छिपाकर और ताला लगाकर सुरक्षित रखने लगे हैं। भारत के गांवों में रहनेवाले करीब 20 करोड़ परिवारों के घरों में नल नहीं है। इन परिवारों की औरतें पैदल चलकर, घंटों लाइन में लगकर पानी इकट्ठा करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार ने साल 2019 में



ललित गर्ग



हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की घोषणा की। सरकार का दावा है कि अब तक 10 करोड़ घरों में नल लग गए हैं। लेकिन अभी हजारों गांवों में जल-संकट एक बड़ी समस्या बनी हुई है। एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि बढ़ते जल-संकट के समाधान की दिशा में हमने क्या कदम उठाये। क्या पानी की फिजूल खर्ची को कम करने का कोई संकल्प लिया? गर्मी के आने पर हम हाय-हाय तो करने लगते हैं, लेकिन कभी हमने विचार किया कि हम इस स्थिति को दूर करने के लिये क्या योगदान देते हैं? क्या हम पौधा-रोपण की ईमानदार कोशिश करते हैं? हम जल के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं? क्या वर्षा जल सहेजने का प्रयास करते हैं ताकि तापमान कम करने व भूगर्भीय जल के संरक्षण में मदद मिले?

सच कहें तो हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के अनुरूप जैसी जीवन शैली विकसित की थी, वह हमें कुदरत के चरम से बचाती थी। राजस्थान में जल-संकट की संभावनाओं को देखते हुए आम नागरिक खुद के स्तर पर व्यापक प्रयत्न करता है। रेगिस्तान से जुड़े अनेक गांवों एवं शहरों में बने या बनने वाले मकानों में कुआ जरूर होता है, जहां बरसात के पानी को एकत्र किया जाता है, जो संकट के समय काम आता है। इसलिये गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। हम महसूस करें कि बढ़ती जनसंख्या का संसाधनों में बढ़ता दबाव भी तापमान की वृद्धि एवं जल-संकट का कारण है। बड़ी विकास परियोजनाओं व खनन के लिये जिस तरह जंगलों को उजाड़ा गया, उसका खमियाजा हमें और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। विलासिता के साधनों, वातानुकूलन के मोह, वाटर-पार्को एवं होटलों में पानी के अपव्यय को रोकने के लिये जन-चेतना जागृत करने की अपेक्षा है। हमारे पुरखों ने मौसम अनुकूल खानपान, परंपरागत पेय-पदार्थो के सेवन तथा मौसम अनुकूल जीवन शैली के साथ-साथ जल-संरक्षण का ऐसा ज्ञान दिया, जो हमें मौसम के चरम में सुरक्षित रख सकता है। एक व्यक्ति के रूप में हम बहुत कुछ ऐसा कर सकते हैं जिससे जल-संकट से खुद व समाज को सुरक्षित कर सकते हैं। सरकार व समाज मिलकर जल-संकट का मुकाबला कर सकते हैं। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमाल में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जाएगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगों के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा जुटाए डाटा में दर्शाया गया है कि करीब 70 प्रतिशत प्रदूषित पानी के साथ भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में 120वें पायदान पर है। नीति आयोग ने कहा है, 'अभी 60 करोड़ भारतीय गंभीर से गंभीरतम जल संकट का सामना कर रहे हैं और दो लाख लोग स्वच्छ पानी तक पर्याप्त पहुंच न होने के चलते हर साल अपनी जान गंवा देते हैं।' इन जटिल एवं विकराल स्थितियों एवं डरावने तथ्यों के बावजूद हम पानी का इस्तेमाल करते हुए पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है।

# चुनावी पारे पर भारी प्राकृतिक पारा

वर्तमान दौर की गर्मी ने हिमाचल के कई हिल स्टेशन तक को पसीना-पसीना कर दिया है, तो यह स्थिति हमारी योजनाओं-परियोजनाओं की चुगली कर रही है। कंक्रीट के घनत्व में होता विकास और जीवन शैली की नव अदाओं में फंसा उपभोक्तावाद, हमारे जुर्म की स्वीकारोक्ति है। हिमाचल को अगर मौसम विभाग के नक्शे पर पढ़ा जाए, तो पर्यटन का यह सीजन एक अलग तरह की चेतावनी है। बेशक चढ़ती गर्मी ने पर्यटन की खुमारी बढ़ा दी है, लेकिन इसके भीतर की बीमारी नहीं समझी तो मुफ्त में बदनाम हो जाएंगे।

अभी तक हमें केवल रेगिंस्तान में उबलती बालू और रेत का ही अन्दाजा था लेकिन हमने प्राकृति का इस कदर तक दोहन कर दिया कि अब शीत जलवायू के लिए प्रसिद्ध हिमाचल और उत्तराखण्ड भी भीषण गर्मी की चपेट में आ गए है। उत्तर भारत मे तो आग बरसती नजर आती है। एक तरफ देश में चुनावी पारे ने राजनेताओं के साथ जनता की नींद हराम कर रखी है तो इस पर प्राकृति के पारे ने उसके भाविष्य के लिए ऐसी चिन्ता की लकीर खीच दी है जिसे लेकर वैज्ञानिक तक चिंतित नजर आ रहे है। भारत के मैदानी इलाकों में तापमान बर्दाश्त से बाहर हो रहा है तो वहीं पहाड़ी इलाकों में भी स्थिति कोई बेहतर नहीं है। एक तरफ प्रचंड गर्मी से शहरों में तथा राजमार्गो पर दौड़ते वाहन अचानक ही धू-धूकर जलने लग रहे हैं जेनरेटर फट रहे हैं तो वहीं पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। यह चौंकने से ज्यादा जागने की बात है। वर्तमान दौर की गर्मी ने हिमाचल के कई हिल स्टेशन तक को पसीना-पसीना कर दिया है, तो यह स्थिति हमारी योजनाओं-परियोजनाओं की चुगली कर रही है। कंक्रीट के घनत्व में होता विकास और जीवन शैली की नव अदाओं में फंसा उपभोक्तावाद, हमारे जुर्म की स्वीकारोक्ति है। हिमाचल को अगर मौसम विभाग के नक्शे पर पढ़ा जाए, तो पर्यटन का यह सीजन एक अलग तरह की चेतावनी है। बेशक चढ़ती गर्मी ने पर्यटन की खुमारी बढ़ा दी है, लेकिन इसके भीतर की बीमारी नहीं समझी तो मुफ्त में बदनाम हो जाएंगे। हम अटल टनल के दोनों छोरों पर नाच कर किसे डरा रहे। एक हफ्ते में करीब तीन लाख पर्यटकों का जमावड़ा हमारी संगत का नशा है या इसकी धमक उन ग्लेशियरों से मुखातिब होगी जो पहले ही ऊना के चढ़ते पारे से खुद को बचाने के लिए हाय तौबा मचा रहे हैं। एक सप्ताह में 55 हजार के करीब वाहनों का द्वार बनी अटल टनल की हैरानी समझी जानी चाहिए। ट्रैफिक जाम की गर्मी में पर्यटक सीजन की नकारात्मक तस्वीर का एक पहलू यह कि शिमला, मनाली, मकलोडगंज, मंडी सहित अनेक डेस्टिनेशन परिवहन की त्रासदी बन चुके हैं। ऐसे में पांच करोड़ पर्यटकों के लक्ष्य में अस्सी फीसदी हिस्सा कल अगर गर्मियों में पहुंच गया, तो सारी व्यवस्था ठप हो जाएगी। भले ही जलवायु परिवर्तन के कारणों से दबा अलनीनो कमजोर होकर उत्तर भारत के तापमान को बढ़ा रहा है, लेकिन इसकी बदलती भूमिका में पहाड़ का दर्द बढ़ रहा है। हिमाचल जैसे राज्य के लिए हर ऋतु का नियमित व्यवहार अपेक्षित है, लेकिन आगे सरक रहे मौसम के व्यवहार ने अतिवादी रुख अपनाना शुरू किया है। मई के आरंभ तक सर्दी में दिन गिन रहे हिमाचल को अगर अब भयंकर गर्मी में उबलना पड़ रहा है, तो इसके साथ जुड़ी हिदायतों में स्थानीय निकायों की योजनाएं-परियोजनाएं नत्थी हैं। कृषि-बागबानी विभाग को नए सिरे से घुंघरू



प्रेम शर्मा



पहनने पड़े हैं, तो बरसाती इंतजामों की जद में एक नया चेतावनी सिस्टम खड़ा करना पड़ेगा। लगभग यही हाल उत्तराखण्ड जैसे ठण्डे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। पिछली दिनों उत्तराखण्ड के जंगलों में उत्तराखंड में अप्रैल के पहले हफ्ते से लगी आग से अब तक 11 जिले प्रभावित हुए हैं। जंगलों की आग में झुलसने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है और चार लोग गंभीर रूप से घायल है। आग से 1316 हेक्टेयर जंगल जल चुका है। सरकार के वकील सेठीरू आग के मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज किए गए हैं, जिनमें 62 लोगों के नाम हैं।उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तराखंड सरकार से कहा कि बारिश या कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) के भरोसे नहीं बैठा जा सकता। इसकी जल्द रोकथाम के उपाय करें।

गर्मी, क्या पावर और क्या टावर, सबको जमीन दिखा देती है। अत्यधिक गर्मी से पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। वर्षाजनित नदियों का सूखना, धारों का खत्म होना, वनों की नवजात वनस्पति प्रजातियों का नुकसान भी इससे जुड़ा होता है। आज पारिस्थितिकी तंत्र या बिगड़ते पर्यावरण के लिए हमारे पास आर्थिकी की तर्ज में कोई पारिस्थितिकी पैकेज नहीं है। हर संकट के बाद दुश्वारियां भुला दी जाती हैं। बावजूद इसके कि गर्मी सबको रुला देती है। अब इसी बीते सप्ताह दिल्ली-एनसीआर की घटनाएं देखिए। खड़ी गाड़ियों में अगर आग लग जाती हो, डीजल के जेनरेटर फटकर बम बन जाते हों, तो भी कुछ समझ न सकना हमारी मूढ़ता की तरफ ही इशारा करता है। मौसम हमारे नियंत्रण से पूरी तरह दूर जा चुका है, मगर हम अभी भी वही समाधान तलाश रहे हैं, जो हमेशा से करते चले गए स यथा हम गर्मी में एसी चला देते हैं और जाड़ों में हीटर। दरअसल, हमारा तंत्र प्रकृति के तंत्र से अलग हो चुका है। आइपीसीसी की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि हर दशक में 0.26 डिग्री सेंटिग्रेड तापमान बढ़ा है।दुनिया की तमाम संस्थाएं इस तरह के अध्ययनों में लगी हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि ये अध्ययन हमारी समझ से बाहर रहे और सबसे बड़ी बात है कि ये सरकारों की विकास की योजनाओं में भी कहीं नहीं झलकते हैं। परिस्थितियां यह हैं कि वर्ष 2030 तक 1.5 डिग्री सेंटिग्रेड तापक्रम को कैप लगाने का जो निर्णय लिया गया था, वह अब बहुत दूर दिखाई देता है क्योंकि देश के कई इलाकों में तो 1.49 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान वृद्धि अभी से ही हमारे सामने है।बढ़ती कार्बन सांद्रता के कारण ग्लोबल वार्मिंग किसी भी हालत में रुकनी संभव ही नहीं होगी। अभी हम प्रचंड गर्मी झेल रहे हैं। इसके तत्काल बाद हम वर्षा या बाढ़ की आपदाओं को झेलेंगे। इसके बाद जब शीतकाल आएगा तो तापक्रम वह नहीं होगा जो कि जाड़ों का अहसास दिलाता हो। वर्ष का कोई भी ऐसा समय नहीं बचा जिसमें हम स्वयं को पर्यावरण के रूप में सुरक्षित समझ सकें, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अभी बहुत कुछ हमारे हाथ में होते हुए भी हम उस ओर कुछ नहीं कर रहे हैं। जिस यूरोप को हम शीतोष्ण स्थितियों के लिए जानते थे, वहां भी परिस्थितियां हमारी तरह उष्ण हो चुकी हैं। पंखे व एसी अब लंदन में भी चलते हैं।

सूखा और फसलों का नुकसान तो है ही, साथ में पानी की बढ़ती कमी बड़े संकट के रूप में हमारे बीच में है। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक सब पानी के संकट से गुजर रहे हैं। पहाड़ जो पानी के लिए जाने जाते हैं, वहां भी गांव पानी के लिए तरसने शुरू हो चुके हैं। अब ऐसे में यह समझ बन जाए कि यह सब क्यों हो रहा है तो शायद हम में सुधार आए। आदतें और आराम हमें मार रहे हैं। हमने अपने लिए ऐसा जाल बना दिया है जो जान लेने में नहीं चूकेगा। यह जाल लगातार घना हो रहा है। इस मकड़जाल में फंसे हम मानव पृथ्वी के नहीं, केवल अपने अंत की तरफ चल चुके हैं।करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 47 के पार रहने लगा है।

# प्रधानमंत्री की गारंटी पर लोगों को है विश्वास : नड्डा

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, मोदी की गारंटी के बल पर पिछले 10 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

अवधनामा संवाददाता




**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज सोमवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित विद्वत बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व विकास हुए हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की बड़ी शख्सियत हैं और इसकी नींव काशी है। इससे पहले श्री नड्डा ने वाराणसी में काल भैरव मंदिर और संकट मोचन मंदिर में पूजा अर्चना की और नड्डा ने विकसित भारत के संकल्प की सिद्धी की कामना की। पूजा अर्चना के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलेगी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी डॉण् संजय मयूख उनके साथ गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ काम करना गौरव का विषय है। 10 वर्षों पहले भारत भ्रष्टाचारी देशों में से एक थाए लोग मानने लगे थे कि भारत में कुछ नहीं बदलेगा और भारत में उदासीनता का माहौल बन गया था। 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने राजनीति के माध्यम से सामान्य लोगों में ये विश्वास पैदा किया कि भारत विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ सकता है। आज भारत का नाम अग्रणी देशों में गिना जाता है। पहले राजनीति का मतलब हुआ करता था कि फूट डालो, राज करो। देश में जातिए धर्म और क्षेत्र की राजनीति होती थीए लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ष्सबका साथए सबका विकासए सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर देश की राजनीति की परिभाषाए संस्कृति और तरीका बदल गया है। आज देश आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत की नींव रखने का समय 1 जून 2024 हैए जब वाराणसी की जनता भाजपा को आशीर्वाद देगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ष्न आंख ऊपर उठा के देखेंगेए न झुका के देखेंगेए बल्कि आंखों से आंखें मिला के देखेंगेष् इन तीन बातों से भारत को स्थापित किया और बताया कि चाहे कोई भी देश होए 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाला भारत बराबरी से बात करेगा। जी.7ए जी.20 और एससीओ तक ऐसा कोई वैश्विक फोरम नहीं है जहां भारत का प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है। जिस वैश्विक संगठन का सदस्य भारत नहीं हैए वहां भी आमंत्रित सदस्य के तौर पर भारत की मौजूदगी है। विश्व मित्र के रूप में भी भारत ने खुद को स्थापित किया है। नेपाल में कोई घटना घटीए तुर्की में भूकंप आयाए कहीं सुनामी आई या त्रासदी हुई तो भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आता है। भारत में ट्यूबरक्लोसिस की दवा आने में 25 साल लग गएए टिटनेस की दवा को आने में 28 साल लग गएए जापानी बुखार की दवा आने में 100 साल लग गएए लेकिन बदलते भारत ने कोरोना का पहला केस आने के 9 महीनों के भीतर दो वैक्सीन बनाकर तैयार कर लीं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 220 करोड़ डबल डोज देकर 140 करोड़ जनता को कोरोना महामारी से बचाने का कार्य किया है। आज के समय में अमेरिका में भी कोरोना की वैक्सीन लगने का सर्टिफिकेट कागज पर है लेकिन भारत में कोरोना की वैक्सीन लगने का सर्टिफिकेट मोबाईल में डिजिटल तौर पर उपलब्ध है और यह डिजिटल भारत की तस्वीर है। कोरोना महामारी के दौरान भारत में शुरू किया गया टीकाकरण अभियान विश्व का सबसे बड़ा और सबसे तेज गति से चलने वाला अभियान था। दुनियाभर के अन्य देश टीकाकरण के क्षेत्र में केवल 70 से 80 प्रतिशत तक ही टीकाकरण पूरा कर पाए लेकिन भारत 220 करोड़ कोरोना की वैक्सीन लगाकर तेज गति से टीकाकरण अभियान पूरा किया है।

# देश संविधान से चलेगा, शरिया और तालिबानी शासन से नहीं : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

**मऊ/लखनऊ।** इंडी गठबंधन से सावधान रहने की जरुरत है, क्योंकि ये कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो विरासत टैक्स लगाएंगे। इनका यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। ये कहते हैं कि सत्ता में आने पर पर्सनल लॉ लागू करेंगे यानी यह देश में तालिबानी और शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। यह बेटियों और महिलाओं को घर में कैद करने की साजिश कर रहे हैं, लेकिन इन्हें ये नहीं पता कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। हम देश में फिर से तीन तलाक की कुप्रथा को शुरू नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष में दुनिया में देश और भारत के हर नागरिक का सम्मान बढ़ा है। ऐसे में पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मऊ की



घोसी लोकसभा क्षेत्र के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष में देश की तकदीर बदली है। अब देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। देश में चारों ओर विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा मोदी जी के नेतृत्व में गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। देश में 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन की

**■ घोसी के बुजुर्गों का सहारा बनेगी छड़ी : योगी**

सुविधा दी जा रही है। 60 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय का निर्माण किया गया है। यह सब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन से हो पाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 4 जून के बाद देश के 70 वर्ष से ऊपर के हर बुजुर्ग को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सोच नकारात्मक है। यह प्रभु श्री राम के साथ देश के भी विरोधी हैं। यह लोग दलितों और पिछड़ों के हक पर डकैती डालते हैं। अब इनकी नजर ओबीसी जाति के आरक्षण पर है। यह कहते हैं कि ओबीसी आरक्षण में सेंध लगाकर मुसलमानों को देंगे, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

# जैन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री चन्द्रप्रभु भगवान जैन मंदिर गोमती नगर में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में आयोजित गुरु उपकार श्रावक संस्कार शिविर के अंतर्गत सोमवार को पंडित अनुज जैन शास्त्री एवं पंडित अरिहंत शास्त्री द्वारा जैन धर्म के बारे में श्रावक एवं श्राविकाओ को बताया गया कि आज के समय में जैन धर्म और संस्कार कितने ज्यादा महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार जीने के लिए पानी की आवश्यकता होती है उसी प्रकार आज सुख और शांति के लिए संस्कार की आवश्यकता होती है, दिन प्रतिदिन हम अपने संस्कारों को भूलते जा रहे हैं और पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रहे हैं जिस प्रकार सूर्य पश्चिम में जाता है और अस्त हो जाता है उसी प्रकार हमारे संस्कार भी जैसे-जैसे पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ेंगे संस्कार विहीन होते जाएंगे , पौराणिक समय में भारत को संस्कार



का केंद्र कहा जाता था परंतु आज वही संस्कार खत्म हो गए हैं, जिनको पुनः जागृत करने के लिए यह संस्कार शिविरों का आयोजन हुआ हैं। जिसमें हमने बच्चों एवं बड़ों को जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांतों के बारे में बताया और सिखाया ,जिनमें कुछ प्रमुख सिद्धांत थे कि कौन पूज्य है और कौन अपूज्य आदि विषयों के समझाया गया। शिविर में महिलाएं, बच्चे, युवा एवं बड़े सभी भाग लें रहें हैं, अल्पना, आशा, अनीता, नीलम, लता, दीपिका, जूली, रज्जो जैन, आरूषी, मोना, जया, श्वेता, अंजु , कुसुम जैन, आलोक, अमित, राकेश, महावीर गंगवाल, पीयूष, संजू, अक्षय, नीतीश, पंडित पीयूष, प्रकाश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सरकारों ने चीनी मिलों को बंद कराया : शाह

## गृहमंत्री बोले- ये लोग अपने बेटे-भजीते को पीएम-सीएम बनाना चाहते हैं

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा 400 पार करने वाली है। कांग्रेस 40 के अंदर सिमटने वाली और ये अखिलेश की चार भी नहीं होने वाली। आपने दूसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया तो अयोध्या में राम मंदिर बनाने का काम किया गया। ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है।

अमित शाह ने सोमवार को बलिया के सलेमपुर लोकसभा के बेल्थरारोड स्थित हल्दीरामपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग बेटे-भतीजे को मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। लालू अपने बेटे को, सोनिया अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। आपका भला वही कर सकता है, जिसका परिवार 130 करोड़ की जनता है। वह



नरेंद्र मोदी हैं। 4 जून को राहुल बाबा प्रेस कांफ्रेंस कर कहेंगे कि इवीएम के कारण भाजपा जीती है।

अमित शाह ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने चीनी मिलों को बंद करा दिया था। हमने चीनी मिलें चालू कराईं। राहुल व अखिलेश झूठ फैला रहे हैं कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो आरक्षण समाप्त कर देंगे। मैं गारंटी देता हूं जब तक मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे। आरक्षण समाप्त नहीं होगा। बलिया सलेमपुर में बाढ़ के कारण हो रहे कटान की समस्या हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पांच चरण के चुनाव का परिणाम मुझे मालूम है, आप लोगों को जानना है क्या। जनता की हां सुनने के बाद उन्होंने कहा कि पांच चरण में 310 पार करके पीएम मोदी सरकार बनाने का काम कर रहे। छठां और सातवां चार पार कराने का है। सलेमपुर वालों 400 पार कराओगे क्या, मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओगे क्या। सलेमपुर के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के नाम के सामने कमल का

**■ सलेमपुर में इंडी गठबंधन पर अमित शाह का तंज**

निशान है, उस पर बटन दबाते ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन जाएंगे।

अमित शाह ने कहा कि 70 साल से कांग्रेस की सरकार में रुका हुआ राम मंदिर बनाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। सभा में मौजूद लोगों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों को वोट देंगे क्या। पाक और कश्मीर भारत का है या नहीं। भीड़ ने कहा हां। तो अमित शाह बोले कांग्रेस कहती है कि पाक और कश्मीर मत मांगिए, उनके पास एटम बम है, अरे राहुल बाबा आप डरिये एटम बम से, भाजपा डरने वाले नहीं। पाक और कश्मीर भारत का है और रहेगा। हम इसे लेकर रहेंगे। संबोधन के बीच में ही अमित शाह ने सभा में कुर्सी पर खड़े हुए कुछ लोगों को कहा कि सभी कार्यकर्ता नीचे उतरें।

# सीएमएस शिक्षका ने प्रथम रैंक अर्जित कर बढ़ाया गौरव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल की शिक्षिका सुश्री शिल्पी अग्रवाल ने इण्टरनेशनल डिजिटल टीचर्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु सुश्री अग्रवाल को एक लाख रूपये के नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु सुश्री शिल्पी अग्रवाल को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि

**■ टीचर्स ओलम्पियाड में एक लाख के नगद पुरस्कार से किया सम्मानित**




सी.एम.एस. शिक्षिका की यह उपलब्धि डिजिटल एजूकेशन के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को दर्शाती है। इस ओलम्पियाड का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करने के साथ ही उनके प्रदर्शन में गुणात्मक परिवर्तन लाना है।

# सर्दी के तीन दिनों के बराबर हो रही एक दिन में बिजली की खपत

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** सर्दी के तीन दिनों के बराबर गर्मी में एक दिन की बिजली खपत हो रही है। रविवार को जिले में बिजली की मांग बढ़कर 732 मेगावाट पहुंच गई। जबकि ठंड के दिनों में अधिकतम बिजली खपत वमुश्किल 240 मेगावाट होती है। सिर्फ सात दिन में ही बिजली की खपत 151 मेगावाट बढ़ी है। बिजली निगम के अधिकारियों के मुताबिक इस सप्ताह रविवार को 581 मेगावाट बिजली खपत हुई थी।

वहीं, जिले के 10 प्रमुख बिजली घरों से जुड़े 1.03 लाख उपभोक्ताओं ने एक साल में 18 फीसदी अधिक बिजली का इस्तेमाल किया है। पिछले वर्ष अप्रैल में 279 मिलियन यूनिट (लगभग 82 मेगावाट) बिजली का उपभोग हुआ था, जो अप्रैल 2024 में 51 एमयू (14 मेगावाट) बढ़कर 330 एमयू (97 मेगावाट) पर पहुंच गया।



जबकि बिजली निगम ने इन उपकेंद्रों के पावर ट्रांसफॉमरों में कुल 55 एमवीए की क्षमता वृद्धि कराई है।

क्षमता वृद्धि के साथ ही ओवरलोड की समस्या के समाधान का दावा किया जा रहा है, लेकिन भीषण गर्मी में बिजली कटौती का सिलसिला पूरी तरह थमा नहीं है। तेजी से होते नगरीकरण और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ने के कारण बिजली खपत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

बिजली निगम ने वाराणसी परिक्षेत्र

**■ सात दिन में ही 151 मेगावाट बढ़ी, 40 उपकेंद्रों पर 310 एमवीए क्षमता वृद्धि की जरूरत**

के 33 केवी कोटवां, रानीपुर, पन्नालाल पार्क, दौलतपुर, लेदूपुर, शक्तिपीठ, भिठावर, पिंडरा और और ऊदी बिजली घरों के पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता 15 से बढ़ाकर 20 एमवी और तरना की क्षमता 20 से बढ़ाकर 30 एमवीए की है। इससे पूरी क्षमता वृद्धि 55 एमवीए हो गई है। इन उपकेंद्रों से 1.03 लाख उपभोक्ता जुड़े हैं।

भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के मद्देनजर बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए 40 उपकेंद्रों की क्षमतावृद्धि करने की जरूरत अब भी है। उपभोक्ताओं की संख्या के हिसाब से इन उपकेंद्रों पर 310 एमवीए क्षमतावृद्धि की जरूरत है। बिजली निगम ने विभिन्न योजनाओं के तहत ऐसे केंद्रों को चिह्नित भी किया है।

# आज काशी वर्ल्ड क्लास सिटी बनने की ओर अग्रसर : पाठक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने वाराणसी में कैंट विधानसभा अंतर्गत चौक रामनगर एवं दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के भदऊ चुंगी पर आयोजित जनसभाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि ज़ब से आपने मोदी जी को अपने सांसद के रुप में चुना है तब से काशी बिलकुल बदल गयी है। देश का विकास हुआ ही है, काशी का तो कायाकल्प हो गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि काशी में इतना विकास कार्य हुआ है कि आज काशी वर्ल्ड क्लास सिटी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होने कहा कि 2014 में आपने मोदी जी को चुना और मोदी जी ने सांस्कृतिक और आध्यात्मिकता के साथ काशी का विकास किया है। श्री पाठक ने कहा कि 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली तो देश के सामने बड़ी चुनौतियां थी।



यूपीए सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था। 2 जी घोटाला, कोयला घोटाला, कॉमन वेल्थ गेम्स घोटाला सहित सेना के उपकरणों में भी घोटाला होता था। यानि हर तरफ घोटाला ही घोटाला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में अमीर और गरीब के बीच की खाई गहरी हो गयी थी। अमीर और अमीर हो रहा था तो वहीं गरीब और भी गरीब होता जा रहा था। श्री पाठक ने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही चुनौतियों को स्वीकार करके भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया और सरकार की सभी योजनाओं को गरीब केन्द्रित किया।

# एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने प्रदेश में पुरानी तकनीकी के स्मार्ट मीटर लगाया

**लखनऊ।** केंद्र सरकार की योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरे देश में सभी उपभोक्ताओं के यहां लगना है उसी क्रम में उत्तर प्रदेश में भी सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां पावर कॉरपोरेशन जैसा प्लान कर रहा है जल्द ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू करेगा इसी बीच मध्य वा दक्षिण गुजरात बिजली कंपनी जहां पर उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू हुआ और जैसे बिल आना शुरू हुआ वहां जनता आक्रोशित हो गई क्योंकि अनेकों जगह बिलों में बढोतरी अप्रत्याशित रूप से देखने को मिलेर उसके बाद बडे पैमाने पर विरोध शुरू हो गया और अंततः वहां की सरकार और मध्य वा दक्षिण गुजरात बिजली कंपनी ने 3 दिन पहले यह निर्णय लिया कि फिलहाल स्मार्ट प्रीपेड मीटर आम जनमानस के घरों में लगाने के काम पर रोक रहेगी और कहा पहले सरकारी विभागों पर लगाकर देखा जाएगा वहीं दूसरी ओर आज जब उपभोक्ता परिषद ने गुजरात के मामले पर अध्ययन किया और गुजरात

**■ आज तक नहीं किया उसमें बदलाव ऐसे में इसकी पूरी योजना की नए सिरे से हो जांच फिर लगे मीटर**

में संपर्क कर बात की तो सामने आया की अनेकों मामलों में बिल अधिक आना रिचार्ज में दिक्कत सहित अनेकों कठिनाई के चलते उपभोक्ता सडकों पर उतरे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया अंततः वहां पर फिलहाल मीटर लगाने की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्तमान में गुजरात में दो बिजली कंपनियों में इनटैली स्मार्ट को ही आर्डर मिला है और वही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही है जिस कंपनी को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम व मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में काम मिला है ऐसे में उपभोक्ता परिषद ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व उत्तर प्रदेश सरकार से मांग उठाई है कि जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की जीटीपी में पहले से ही चाइनीज कंपोनेंट का मामला सामने आ चुका है ऐसे में उत्तर प्रदेश गुजरात के मामले में छानबीन करने के बाद ही उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू करें क्योंकि इन टैली स्मार्ट मीटर वही कंपनी है जिसकी पैतृक कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने पहले उत्तर प्रदेश में पुरानी तकनीकी के 12 लाख स्मार्ट मीटर लगाए थे और इसके बाद विवाद शुरू हो गया और आज तक नई तकनीकी के मीटर में कन्वर्जन नहीं किया गया और आज भी यह परियोजना पूरी तरह फेल हो गई और 12 लाख विद्युत उपभोक्ता आज भी उसका खामियाजा भगत रहे ऐसे में उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के पहले इस पूरे परियोजना की नए तरीके से जांच की जाए अन्यथा की स्थिति में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड की तरह फिर यह पूरी परियोजना प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए काल बन जाएगी ।

# सांड़ से टकराई बाइक, गंभीर रूप से जख्मी हो गया युवक

अवधनामा संवाददाता

**हसनपुर (अमरोहा)।** रहरा गवां मार्ग पर बाइक से ससुराल जा रहे जितेंद्र (22) की बाइक सांड़ से टकरा गई। हादसे में युवक घायल हो गया। उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के गांव रूखालू निवासी जितेंद्र पुत्र परम सिंह रविवार को दोपहर बाद बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल जा रहा था। रहरा- गवां मार्ग पर दढ़ियाल के नजदीक बाइक सांड़ से टकरा गई। हादसे में युवक बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मेरठ एक अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना से

## उपचार के दौरान मौत



परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक ने अपने पीछे पत्नी व डेढ़ साल की मासूम बेटी को छोड़ा है। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई गोशालाएं होने के बावजूद भी सड़कों पर छुट्टा पशुओं की संख्या में कमी नहीं आ रही है। खेतों से लेकर आबादी तक और आबादी से लेकर सड़कों तक छुट्टा पशु देखे जा सकते है। वहीं सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि इस तरह की घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

# कड़ी सुरक्षा में कोर्ट पहुंचे इरफान बोले- मैं जिंदा हूं

## फिर टला फैसला, अब तीन जून को होगी सुनवाई

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में एमपीएमएलए सेशन कोर्ट का फैसला एक बार फिर टल गया है। कोर्ट ने अब फैसले के लिए 3 जून की तारीख दी है। आगजनी मामले के मुख्य आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी को महाराजगंज जेल से कड़ी सुरक्षा में कानपुर लाया गया। इस दौरान एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने फैसले के लिए दोपहर 3 बजे का समय निर्धारित किया। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस इरफान को कोर्ट लाने से पहले ही सुरक्षा कारणों के चलते पुलिस लाइन ले गई वहां कड़ी सुरक्षा में इरफान को रखा गया है। दोपहर लगभग 3 बजे इरफान को कोर्ट लाया गया। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई का समय बढ़ाकर 4 कर दिया। कोर्ट पहुंचते ही इरफान बोले



कि अभी मैं जिंदा हूं।

जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में स्थित एक प्लाट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में 7 नवंबर 2022 को आग लग गई थी। नजीर ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व उनके साथियों पर आग लगाने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि वह परिवार सहित रिश्तेदारी में एक विवाह समारोह में गई थीं। वहां से बीच में उनका बेटा किसी काम से घर आया था तो उसने देखा कि घर पर आग लगी थी। आरोपियों ने बेटे के साथ भी मारपीट की थी और उसे आग में धकेलने की कोशिश भी की गई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने का कोई चारा न दिखाई देने पर आखिर इरफान ने अपने भाई रिजवान के साथ पुलिस कमिश्नर के यहां समर्पण कर दिया था।

इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। जेल में विधायक से मिलने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव पहुंचे थे इसके बाद सुरक्षा कारणों से जेल अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर इरफान को कानपुर से महाराजगंज जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। तब से इरफान महाराजगंज जेल में ही बंद हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों के खिलाफ 6 चार्जशीट कोर्ट में पेश की हैं। पहली दो चार्जशीट में इरफान व रिजवान को आरोपी बनाया गया था जबकि दूसरी में मोहम्मद शरीफ, शौकत अली व इसराइल आटे वाला आरोपी थे। बाकी चार चार्जशीट अलग-अलग बाद में भेजी गई थीं। शुरुआती दोनों चार्जशीट के पांच आरोपियों के मुकदमों की सुनवाई एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में पिछले 1 मार्च को पूरी हो गई थी। इसके बाद अलग-अलग कारणों से फैसला टलता रहा। इरफान महाराजगंज जेल में बंद है जबकि रिजवान, शौकत अली व इसराइल आटे वाला कानपुर जेल में बंद हैं।

# गाजीपुर में अखिलेश यादव ने कसा सियासी तंज

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** अखिलेश यादव ने कहा कि यह संविधान बचाने का भी चुनाव है। बीजेपी और बीएसपी ने अंदर ही अंदर हाथ मिला रखा है। इसलिए सावधान हो जाइए। वह गाजीपुर जिले के आरटीआई मैदान में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एंबुलेंस की सर्विस को भी बर्बाद कर दिया। पुलिस को लेकर के भी हम लोगों ने व्यवस्था बनाई थी, जो बर्बाद हो गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग भी जान गए हैं कि 4 जून के बाद उनकी सरकार बनने वाली नहीं है। इसीलिए लखनऊ वाले तो लखनऊ वाले दिल्ली वालों की भी भाषा बदल गई है। हम इन बीजेपी वालों को कहना चाहते हैं 4 जून के बाद न केवल मंत्री मंडली बदलेगी, मंत्रिमंडल भी बदलेगा और मीडिया मंडल भी बदलने का काम होगा। अखिलेश ने

**■ बोले- बीजेपी और बीएसपी ने हाथ मिला रखा है**



कहा कि जो लोग 400 का नारा लगा रहे थे, अगर गणित समझोगे तो आप समझ में आएगा कि 543 सीट में 400 सीट पर भी नहीं जीत पा रहे हैं। अब तो जिस तरह का गुस्सा 140 करोड़ की जनता में है, उससे तो लग रहा है इनको 140 सीटों के लिए तरसा देगी। क्या कहते हैं कि दो शहजादे वोट करने निकले हैं, हम उनको कहना चाहते हैं, जो हम लोगों को दो शहजादे बोल रहे हैं, इस बार दोनों शहजादे मिलकर के शह उन्हें दे रहे हैं।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि

■ कांग्रेसजनो ने नेहरू जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** कांग्रेस कार्यालय पर सोमवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विचारगोष्ठी का आयोजित किया गया जिसमें कांग्रेसजनो ने अपने विचार व्यक्त कर नेहरू जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस विचारगोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि इस देश के विकास को शून्य से शिखर तक ले जाने में अगर किसी को नायक की उपाधि प्राप्त है तो वो केवल स्व. जवाहरलाल नेहरू जी को है उन्होंने देश के विकास के लिए आधारभूत ढांचे की स्थापना की जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं कृषि से संबंधित समस्याओं का निदान करने में बड़ी सहायता मिली। नेहरू जी ने इस देश में जहां नागरिकों के पास सिर ढकने को पल्ली भी नसीब नहीं थी उस स्थिति से निकाल कर लोगों के लिए रोजी रोजगार को बढ़ावा दिया। यह पंडित नेहरू ही थे जिन्होंने विदेशों से व्यापार की नीति को बढ़ावा देकर देश के संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में बड़े कदम उठाए। यह देश हमेशा नेहरू जी को उनके कार्यों के लिए स्मरण करेगा। इस कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस जनों ने नुमाइश में स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाचस्पति द्विवेदी, संजय दोहरे, शोजैव रिजवी, आसिफ जादरान, अंजुम अंसारी, मनीष मिश्रा, सूर्या शंकर दीक्षित, शिवा ठाकुर, पुनीत पाठक, मोहसिन अली, मुबारक अली, आसिफ खान सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जनपद के अधिकारियों ने मतगणना स्थल/ ईवीएम स्ट्राँग रूम का किया निरीक्षण



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 मतगणना के दृष्टिगत थाना फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित नवीन मण्डी स्थल पहुंचकर मतगणना स्थल/ ईवीएम स्ट्राँग रुम का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने सुरक्षा गार्द को चेक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारी /कर्मचारियों को परिसर के अंदर किसी भी व्यक्ति/वाहन को बिना चेकिंग अकारण प्रवेश ना करने तथा परिसर के आसपास लोगो को भीड़ न लगने देने आदि के संबंध मे निर्देशित किया गया।सभी को सावधानीपूर्वक ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, श्रेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह एवं पुलिस/प्रशासन के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## विद्युत कटौती से लोग परेशान

**बलदेव (मथुरा)।** कस्बा व देहात क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। लोगों के अनुसार, बिजली आने व जाने का कोई वक्त तय नहीं है। इससे व्यापारी व किसान परेशान हैं। व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने कहा कि पिछले करीब 15 दिनों से स्थिति ज्यादा खराब है। 18-20 घंटे बिजली आपूर्ति के रोस्टर में 7-8 घंटे बिजली मिल रही है। शिकायत के बाद भी तीन-तीन दिन तक अधिकारी सुनवाई नहीं करते हैं। भीषण गर्मी में बिना बिजली के लोगों को खासी दिक्कत हो रही है। इससे स्थानीय व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।सुजीत वर्मा ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से समस्या के समाधान की मांग की है।

# भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को शीतल जल पिलाकर महिलाओं द्वारा राहत प्रदान करने की कोशिश



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** वर्ष का सबसे गर्म महीना ज्येष्ठ मास माना जाता है और उसमें पहले नौ दिन जिन्हें नौतपा कहा जाता है बहुत गर्म दिन होते हैं। यह नौतपा 25 मई से 2 जून तक रहेगा। ऐसी भीषण गर्मी में भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा की महिला सदस्यों ने श्रीमती इन्दु कुलश्रेष्ठ, श्रीमती शैलजा पाठक महिला संयोजिका और श्रीमती वर्षा दुबे कार्यक्रम संयोजिका के संयुक्त नेतृत्व में शनिवार को रेल यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल पिला कर और बांटकर राहत प्रदान करने की कोशिश की। मई-जून में परिषद् के सदस्यों और समाजसेवियों के आर्थिक सहयोग से जलसेवा कार्यक्रम संचालित रहता है। प्रत्येक शनिवार को महिलाएं रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर सायं 3.30 बजे से 5.30 बजे तक जलसेवा में सहयोग प्रदान करती हैं। इस अवसर पर इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष, राजीव लोचन दीक्षित सचिव, सौरभ सक्सेना, विपिन दुबे, अनुज कुमार गुप्ता, श्रीमती अर्चना मिश्रा, शालिनी पाठक, ममता दीक्षित, विमलेश शर्मा, प्रतिभा सिंह, प्रीति सक्सेना, मन्जू देवी, सुमन दुबे, पुष्पा यादव, शैलजा तिवारी, क्षिप्रा सक्सेना, भूरे, नितिन आदि ने उपस्थित रहकर जलसेवा का कार्य किया। यात्रियों ने महिलाओं को पुण्य कार्य करते हुए देखकर उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# प्रभु नाम के मंत्र से ही समस्त पाप कट जाते है: प्रखर गौर



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पिलूआ महावीर मंदिर में सुंदरकांड का पांच दिवसीय पाठ का आयोजन चल रहा है। सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही कार्यक्रम आयोजक विजय शंकर दीक्षित ने बताया कि पांच दिवसीय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ शनिवार से हुआ है मंगलवार तक शाम 4:00 बजे से 7:30 बजे प्रतिदिन एक पाठ किया जा रहा है पांचवें दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सुंदरकांड का पाठ होगा इसके समापन पर 2:00 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा भजन गायक प्रखर गौर ने कहा कि प्रभु नाम के मंत्र से ही समस्त पाप कट जाते है।

# सीखने की स्वाभाविक इच्छा ही शिक्षा का सही लक्ष्य है




**अवधनामा ब्यूरो**

■ यश इंटरनेशनल स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**इटावा।** यश इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को डॉ.नीरज अवस्थी, प्रिंसिपल मॉडर्न स्कूल एवम सीबीएसई सीटेट सिटी कोऑर्डिनेटर नोएडा द्वारा इंटरैक्टिवएक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य बिंदु प्रबंधन और प्रभावी शिक्षण कौशल रहे।

कार्यशाला विकास के विभिन्न क्षेत्रों, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, माइंडफुल लर्निंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षकों को मूल्यवान अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित थी। सत्र में प्रत्येक बच्चे के समग्र विकास के लिए समावेशी प्रक्रिया, व्यवस्थित सुधार, सकारात्मक वातावरण, सहानुभूति, भावनात्मक प्रबंधन आदि के महत्व पर भी चर्चा की गई।

प्रिंसिपल आदित्य श्रीवास्तव ने कक्षा में उचित व्यवहार, रचनात्मक कल्पना, सीखने के लिए सही माहौल सुनिश्चित करने और एक शिक्षक द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रभावी अनुशासन के बारे में अपने विचार साझा किए। समस्त स्टाफ ने लगातार तीन दिवसीय कार्यशाला में उत्साह के साथ भाग लिया और सीखने-सिखाने के माहौल को समृद्ध, बाल-केंद्रित और जीवंत बनाया।

# पुराना बस स्टैंड बना डग्गेवार वाहनों का अड्डा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** पुराना बस स्टैंड पर रोडवेज के अधिकारियों बस स्टैंड इंचार्ज की मिली भगत से सजायप्ताओ ने किया कब्जा, निष्कासित व्यक्तियों द्वारा अनुबंधित गाड़ियों का संचालन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार पुराना बस स्टैंड पर रोडवेज के अधिकारियों की मिली भगत से करोड़ों की मेघ सिंह ग्रुप के निष्कासित व्यक्तियों द्वारा मथुरा शहर की बीचो-बीच स्थित पुराना बस स्टैंड ,रोडवेज के अधिकारियों की शह पर दबंग बस संचालकों की गुंडई का केंद्र बना हुआ है। संचालक नियम और कानून को दरकिनार करके दबंगई कर अपनी मर्जी से बसें भरते हैं। वही रोडवेज से अनुमति प्राप्त अन्य बसों से सवारियां नहीं बैठने देते हैं। विरोध करने पर आए दिन मारपीट भी करते हैं। पुराना बस अड्डा पर इन दिनों दबंगों की दबंगी खुलेआम चल रही है। इसमें रोडवेज के बड़े अधिकारी एवं बस स्टैंड इंचार्ज भी मिली भगत से हो रही है। अनुबंधित गाड़ियों का संचालन कर रहे हैं। यह रैकेट पूर्व से ही अधिकारियों एवं कर्मचारीगण के द्वारा निष्कासित किए जा चुके हैं। संविदा समाप्त हो चुकी है। जबकि निगम को पूर्व में मेघ सिंह ग्रुप करोड़ों रुपए का चूना लगा चुके हैं। एसटीएफ टीम द्वारा पकड़े गए थे। जिनका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। आए दिन पुनः गुंडागर्दी पर उतारू है। अन्य डिपो के परिचालकों के साथ मारपीट एवं गाली गलोज करते हैं। गुंडागर्दी के आधार पर सुबह 3 बजे से 6:30 बजे तक रोड पर बगलामुखी मंदिर के सामने लाइन लगाकर बसों को भरते हैं। जिसकी वजह से सुबह के वक्त स्कूल की बसों का निकलना और राहगीरों का आना-जाना, कर्मचारियों को आना जाना, स्कूल के वाहनों का आना-जाना, मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं वहां आम जनता का निकलना मुश्किल हो रहा है। ताज्जुब की बात यह कि लगभग 100 मीटर की दूरी के समीप पुलिस चौकी स्थित है। शासन प्रशासन का भी कोई भय नही है।

## हवसी ने 65 वर्षीय अधेड़ महिला के साथ किया दुष्कर्म

**मथुरा।** महावन क्षेत्र में रविवार दोपहर लिफ्ट देकर वृद्ध महिला से दुष्कर्म व लूटपाट का मामला सामने आया है। आरोप एक बाइक सवार पर लगा है। पीड़ित महिला ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी तो परिजन थाने पहुंचे और तहरीर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

दरअसल, पीड़ित महिला की पुत्रवधू का प्रसव क्षेत्र के एक अस्पताल में शनिवार को हुआ था। यहां से लौटकर 65 साल की महिला रविवार को अपने घर जा रही थी। क्षेत्र के चौराहे पर खड़ी महिला पचावर की ओर जा रहे बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। बाइक रुकने पर महिला बैठ गई। इस दौरान बाइक सवार उसे सुनसान स्थान पर ले गया। यहां बाइक रोककर महिला को धमकाते हुए पैरों के पायजेब, कान के कुंडल, नाक की लौंग उतरा ली।

उससे दुष्कर्म किया। घटना के बाद किसी तरह घर पहुंची वृद्धा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद आनन-फानन में परिजन वृद्धा को लेकर थाने पहुंचे। थाना प्रभारी आशा चौधरी ने बताया कि वृद्ध महिला वारदात वाले स्थान को पहचान नहीं पा रही है।

# 13 जुलाई 2024 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेंद्र प्रताप द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई 2024 (दिन शनिवार) को मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर पर किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर आज दिनाँक 27/05/2024 को प्रभारी जनपद न्यायाधीश प्रीती श्रीवास्तव द्वारा जिले के समस्त बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों को सुलह- समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने के संबंध में समस्त बैंक अधिकारियों को जिला जज द्वारा निर्देश दिए गए। जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको के ऋण संबंधी मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किया जा सके।

बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज हेमेन्द्र कुमार सिंह,अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेंद्र प्रताप, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक (बैंक ऑफ इण्डिया) अरविंद रंजन, आर्यावर्त बैंक से अभिषेक कुमार,इंडियन बैंक से आशीष मिश्र, पंजाब एंड सिंध बैंक से अनुराग सिंह, स्टेट बैंक से शाजिद हुसैन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से अमित कुमार त्रिपाठी व यूनियन बैंक से अनूप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पति ने कर दी पूजा की हत्या

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र के गांव नगला बुर्ज अवैरनी में अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गया। चार वर्षीय मासूम ने शोर मचाया तो पड़ोसियों को घटना की जानकारी हुई।

अलीगढ़ के थाना खैर के गांव चौवाना की रहने वाली पूजा सारस्वत की शादी जगनेर, अलीगढ़ निवासी शैलेश के साथ हुई थी। किन्हीं कारणों से शैलेश जेल चला गया। जेल में पूजा शैलेश से मिलने जाती थी। पूजा की अलीगढ़ जेल में गौरव चौधरी से मुलाकात हुई, जो दोस्ती में बदल गई।

गौरव की पहली शादी 2006 में बबिता से हुई थी। उस पर दो बच्चे भी हैं। 2018 में गौरव को जमानत मिल गई। उसने पहली पत्नी बबीता को छोड़ दिया और पूजा के साथ लव मैरिज कर ली। पहली पत्नी बबीता ने विरोध किया तो गौरव ने पूजा सारस्वत को बल्लभगढ़ में किराए के मकान में रख लिया। पूजा के भी दो बच्चे हो गए। बड़ा बेटा चार वर्ष और छोटा सात माह का है।

दो अप्रैल को बल्लभगढ़ में आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम के दौरान गायक कलाकार ब्रह्मानंद व बलवीर बृजवासी से पूजा की दोस्ती हो गई। इन दोनों ने ही पूजा को सात महीने पहले बलदेव के गांव नगला बुर्ज में किराया का कमरा दिलवाने में मदद की थी। गौरव टैक्सी चलाता है। इसके कारण वह कई दिन तक घर से बाहर रहता था। गांव वालों ने गौरव को बताया उसके जाने पर पीछे से दो लोग घर आते हैं। गौरव को पूजा के नए दोस्त की जानकारी होने पर घर में कलह शुरू हो गई। आए दिन झगड़ा होने लगा।

पुलिस के अनुसार, रविवार शाम चार बजे इसी बात को लेकर फिर झगड़ा शुरू हुआ। गौरव ने आवेश में पूजा की गला रेतकर हत्या कर दी और फरार हो गया। बाहर खेल रहे चार वर्षीय मासूम घर पहुंचा तो खून से लथपथ मां को देख चीखने चिल्लाने लगा। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पूजा का शव देख आसपास सनसनी फैल गई।

## दुराचार की पीड़ित महिला एसएसपी से लुकेश राही के साथ मिली, कार्यवाही की माँग

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के नेतृत्व में गांव पचावर थाना महावन के सैकड़ो अनुसूचित जाति के लोग दुराचार की शिकार महिला लक्ष्मी देवी के साथ दोषी अग्यात मोटर साईकिल सवार व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा लिखने की गुहार लगाने एसपी ऑफिस आए और रविवार होने के कारण पुलिस अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया पीड़ित पक्ष के लोगों ने जिसमें दुराचार की शिकार महिला के पति नत्थी लाल ने बताया कि मेरी पत्नी लक्ष्मी के साथ अज्ञात मोटरसाइकिल सवारी युवक ने बलदेव क्षेत्र के अवेरनी चौराहे से पचावर के बीच सुनसान जगह पर ले जाकर लज्जा भंग कर दुराचार किया और महिला पास नगर 1000 और चांदी के लच्छे छुड़ाकर ले गया घटना कैमरे में तथ्य के रूप में दर्ज हो गयी है। उक्त घटना के बारे में परिवार व गांव के लोगों को पता चला तो वह शिकायत लेकर महावन थाने गए लेकिन पीड़ितों की रिपोर्ट नहीं लिखी गई साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं कराया पुलिस के द्वारा भर्ती गई लापरवाही व अनदेखी के खिलाफ पीड़ित पक्ष ने जमकर नारेबाजी कर महावन पुलिस का विरोध किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई गो आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में बैठक



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद के गो आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं का भुगतान ससमय कराया जाये। विभागीय स्कीमों में प्रगति लेकर लक्ष्य को समय सीमा के अंतर्गत पूरा किया जाये। पशुओं को गर्मी से बचाने के उपाय किये जाएं। पंचायती राज विभाग की ओर से गोवंश संरक्षण को लेकर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ली जाये। गौशाला में संरक्षित व सहभागिता योजना में दिए गए गोवंश का नियमित सत्यापन कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, पीडी गजेन्द्र तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### कार्मिकों का खाता संख्या तत्काल ठीक कराएं: डीएम



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का खाता संख्या गलत होने के कारण लंबित मानदेय के सम्बन्ध में आहूत बैठक में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्मिकों का खाता संख्या तत्काल ठीक कराएं और इसमें लापरवाही करने पर सम्बंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतगणना स्थल पर कोई भी प्रत्यासी एवं एजेन्ट मोबाइल फोने आदि इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर नहीं जायेगें



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर कोई भी प्रत्यासी एवं एजेन्ट मोबाइल फोने आदि इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर नहीं जायेगे। उन्होने कहा कि सभी प्रत्यासी अपने एजेंटों के पास समय से बनवा लें और एजेंट बनाने के आवेदन के साथ उम्मीदवार की ओर से शपथ पत्र भी दिया जायेगा। मतगणना स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सभी सम्बंधित अधिकारी व राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### यमुना में स्नान के दौरान दो युवकों की डूबकर मौत

**वृंदावन (मथुरा)।** नगर में केशीघाट पर सोमवार को यमुना में स्नान के दौरान दो युवकों की डूबकर मौत हो गई। गोताखोरों ने उन्हें बचाने के काफी प्रयास किए, लेकिन उनकी जिंदगी नहीं बचा पाए। काफी देर बाद दोनों के शव यमुना से निकाले जा सके। जिसकी सूचना पुलिस द्वारा उनके परिजनो को दे दी गई, सूचना मिलते ही युवकों की मौत से उनके परिवारों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार निवासी बदनगढ़ थाना मंडेला जिला झुनझुनू से चार दोस्त चारधाम के केदारनाथ दर्शन करके मथुरा वृंदावन पहुंचे , वृन्दावन पहुंचने के बाद बांके बिहारी के दर्शनों के उपरांत वह वृन्दावन के केशीघाट पहुंचे। जहा यमुना स्नान करने के लिए दो दोस्त पानी में उतर गए, स्नान के दौरान मोहित पुत्र महेन्द्र सैनी उम्र 17 वर्ष, राहुल पुत्र लक्ष्मण सैनी उम्र 18 वर्ष नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले गए। शोर सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर कई गोताखोरों ने उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकीन जब तक दोनो यमुना के गहरे पानी में डूब चुके थे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।काफी प्रयासों के बाद दोनों युवकों को यमुना से बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। दोनों के शव बाहर निकालने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मथुरा बस अड्डे पर एमआरपी से अधिक रेट पर बिक रहा सामान

**अवधनामा संवाददाता**

■ शिकायत मिलने पर एआरएम ने जारी किया नोटिस

**मथुरा।** रोडवेज के मथुरा डिपो के नए बस अड्डे पर कैंटीन संचालक एमआरपी से अधिक रैटों पर यात्रियों को खाने पीने का सामान बेच रहा है। यह शिकायत मिलने पर एआरएम ने उक्त केंटीन संचालक को नोटिस जारी कर दिया है। मथुरा के नए बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए खानपान एवं कोल्ड ड्रिंक के लिए एक दुकान का टेंडर रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक आगरा कार्यालय के द्वारा उठाया गया है।ताकि बाहर से रोडवेज बसों में आने वाले यात्रियों को खान-पान की कुछ चीजों की सुविधा बस अड्डे पर प्रदान की जा सके। लेकिन जिस व्यक्ति ने इस बस अड्डे की कैंअीन का ठेका लिया है वह एमआरपी से अधिक रैटों पर यात्रियों को सामान बेच रहा है। यात्रियों ने इसका विरोध किया तो दुकानदार ग्राहक से बहस करने लगा और बोला लेना है तो लो नहीं तो मत लो। एमआरपी से अधिक रेट में ही माल वह बेचेगा। इसकी शिकायत किसी से कर लो। एक व्यक्ति दिनेश ने बताया कि जब मैं अपने रिश्तेदारों को मथुरा डिपो की बस में लखनऊ के लिए बैठने आया था। उसने उनके बच्चों के लिए खाने पीने के लिए चिप्स, बिस्किट और कोल्ड ड्रिंक खरीदी तो तो कोल्ड ड्रिंक पर 40 रुपये एमआरपी पड़ी हुई थी कैंटीन संचालक ने 45 रुपये मांगे। यात्री ने उसका विरोध किया तो कैंटीन संचालक में कहा की फ्रीजर लगा हुआ है ठंडी करने के 5 रुपये ज्यादा लगेंगे। एआरएम मदन मोहन शर्मा ने बताया कि उनको इस संबंध में शिकायत मिली। जिस पर उन्होंने कैंटीन संचालक को आज नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है।

# छुट्टीयों में समर कैंप लगाने का शिक्षकों ने किया विरोध

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** परिषदीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन होगा। महानिदेशक शिक्षा उत्तर प्रदेश ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून से 11 तक समर कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। इसका शिक्षक संगठन विरोध कर रहे हैं। कहना है कि मथुरा में 47 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान हैं। ऐसे में समर कैंप के आदेश व्यवहारिक नहीं हैं। गर्मियों की छुट्टी में बच्चे ननिहाल गए हैं। उनको बुलाना संभव नहीं हैं। सुजीत वर्मा ने बताया कि मथुरा में भीषण गर्मी है। 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तापमान है। ऐसे में समर कैंप के निर्देश अव्यवहारिक हैं। अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं जनपद से बाहर रहते हैं। वे 20 मई से 15 जून तक के अवकाश के कारण बाहर गए हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ बलदेव ब्लॉक अध्यक्ष नंद किशोर गुधेनिया, शैलेंद्र प्रताप सिंह आदि ने महानिदेशक को पत्र लिखकर शिक्षकों को विद्यालय खोलने, बच्चों को बुलाने के लिए बाध्य नहीं करने की मांग की है।

# डीएम ने आयुष कैंप लगाने के दिये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। आयुर्वेदिक चिकित्सालयो के द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, ब्लॉकों तथा अस्पतालो मे आयुष कैम्प का आयोजन कराने के निर्देश दिए। जनपद के समस्त आयुष सेंटरों पर चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूल एवं कालेजों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे - वाद विवाद, रंगोली, कला, निबंध, स्लोग्न, पोस्टर आदि का आयोजन करे और बच्चों को आयुर्वेदिक के बारे में जागरूक करे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करे। पोस्टर, बैनर, होर्डिग, पैम्फलेट आदि के माध्यम से लोगों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होंने सभी आयुष केंद्रों पर हर्बल गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि हर्बल गार्डन विकसित करने में समस्या उत्पन्न हो रही हो तो संबंधित पंचायत कार्यालय, बीडीओ कार्यालय, डीसी मनरेगा आदि से संपर्क कर समस्याओं का निदान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि किसानो को औषधि पौधो की खेती के लिये प्रेरित करे। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त औषधि केंद्रों को वाई-फाई से लैस करने के निर्देश दिए।

आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि चिकित्साधिकारियो द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे किसानों द्वारा औषधीय पौधो की खेती के लिये किसानो को प्रेरित किया जा रहा है। आगामी दिनों में जनपद के विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सालयो में आयुष कैंप का आयोजन एवं अन्य गतिविधियों को किया जाएगा।

बैठक जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 गोपाल सिंह, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ0 ज्योति शिखा, डीएचओ , डीएओ आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया टीम पर मंडराया संकट, वॉर्मअप मैच खेलने के लिए पर्याप्त नहीं हैं 11 खिलाड़ी

28 मई को ऑस्ट्रेलिया की टीम अपना पहला वॉर्मअप मैच खेलने उतरेगी। इस मैच में टीम को अपने सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों से फील्डिंग करानी पड़ सकती है। हालांकि, वे बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। यहां तक कि जो खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल हैं, वह भी वॉर्मअप मैच में उपलब्ध नहीं हो सकते हैं।



टी20 वर्ल्ड कप 2024 शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन शेष है। इससे पहले वॉर्म अप मैच खेले जाने हैं, जिसकी शुरुआत आज यानी 27 मई से होने वाली है। एक जून को आखिरी वॉर्मअप मैच खेला जाएगा, जो भारत और बांग्लादेश के बीच है। हालांकि, इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम पर एक संकट मंडरा रहा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया टीम ने दो वॉर्मअप मैच खेलने हैं, लेकिन इसमें से पहले मैच के लिए उनके पास पर्याप्त 11 खिलाड़ी उपलब्ध नहीं हैं।

दरअसल, 28 मई को ऑस्ट्रेलिया की टीम अपना पहला वॉर्मअप मैच खेलने उतरेगी। इस मैच में टीम को अपने सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों से फील्डिंग करानी पड़ सकती है। हालांकि, वे बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। यहां तक कि जो खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल हैं, वह भी वॉर्मअप मैच में उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। यहीं कारण है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम को अपने सपोर्ट स्टाफ की जरूरत होगी।

वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो पहले वॉर्मअप मैच के लिए सिर्फ 8 खिलाड़ी ही उपलब्ध होंगे, क्योंकि कुछ खिलाड़ी अभी त्रिनिदाद पहुंचे हैं हैं और कई खिलाड़ी आईपीएल 2024 के फाइनल में खेले थे। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया पर संकट है कि वॉर्मअप मैच के लिए सभी खिलाड़ी उपलब्ध होंगे और वहां किसी भई तरह से सपोर्ट स्टाफ को यूज करने की जरूरत नहीं होगी।

बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया की फाइनल फिफ्टी के 3 खिलाड़ी आईपीएल 2024 फाइनल में खेले थे। इनमें ट्रैविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क का नाम शामिल है। ये खिलाड़ी 30 मई को होने वाले मैच में ही खेल पाएंगे। इसके अलावा अभी मिचेल मार्श कप्तानी करेंगे, लेकिन फील्ड पर नजर नहीं आएंगे। हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण वे सिर्फ बल्लेबाजी करेंगे। आईपीएल खेलने वाले खिलाड़ी पहले ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे।

## बीसीसीआई ने आईपीएल के मैदानकर्मियों और क्यूरेटर के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें 'गुमनाम नायक' बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान 'शानदार पिचें' मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे। आईपीएल 2024 का समापन रविवार को चेन्नई में हुआ जिसमें फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की जीत के साथ अपनी तीसरी खिताबी जीत दर्ज की। शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने लिखा, ''हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद।

# भाग्यशाली रहे कि पहले गेंदबाजी मिली, रसेल के पास जादुई छड़ी है : श्रेयस अय्यर

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने रविवार को यहां 2024 इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के बाद कहा कि वे भाग्यशाली रहे कि उन्हें पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला। फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की जीत दर्ज करने के बाद श्रेयस ने कहा, ''भावनाओं को व्यक्त करना मुश्किल है। हमने खिलाड़ियों से जैसी उम्मीद कि उन्होंने वैसा ही प्रदर्शन किया। आज हम भाग्यशाली रहे कि पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, सनराइजर्स हैदराबाद को शानदार खेल दिखाने के लिए बधाई दी। यह दबाव वाला मैच था। मिचेल स्टार्क ने इतना शानदार प्रदर्शन किया, युवाओं के लिए उनसे सीख लेनी चाहिए। श्रेयस ने आंद्रे रसेल की प्रशंसा करते हुए कहा, ''रसेल के पास जादुई छड़ी है। ज्यादातर मैचों में उसने हमें विकेट दिलाये हैं। इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने हमारे लिए जीत आसान कर दी। यह एकजुट प्रयास था। हमारे लिए शानदार सत्र रहा। इसके बाद



श्रेयस ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह से ट्राफी हासिल की। पोडियम पर केकेआर के खिलाड़ी ट्राफी के साथ फोटो खिंचाने और जश्न मनाने लगे। उप विजेता सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, ''विपक्षी टीम ने कमाल की गेंदबाजी की। उनके गेंदबाजों ने हमें कोई मौका नहीं दिया। अहमदाबाद में पिछले मैच की तरह यह पेचीदा विकेट था। 200 रन से ज्यादा का विकेट नहीं था। पर 160 रन बनाने से मौका मिल जाता। उन्होंने कहा, हमनेबल्ले से तीन बार 250 रन के स्कोर बनाये। यह शानदार सत्ररहा। हमारी टीम और स्टाफ शानदार था। सुनील नारायण को 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट) चुना गया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करने वाले मिचेल स्टार्क को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। नितीश रेड्डी को 'एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन' का खिताब दिया गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली को 'ओरेंज कैप' और हर्षल पटेल को 'पर्पल कैप' मिली। रमनदीप सिंह को 'कैच ऑफ द सीजन' का पुरस्कार मिला। हैदराबाद क्रिकेट संघ को 'सर्वश्रेष्ठ पिच और मैदान' का खिताब मिला।

## गौतम गंभीर से बात करते दिखे जय शाह, टीम इंडिया के हेड कोच को लेकर तेज हुईं चर्चाएं

भारतीय टीम के हेड कोच की खोज जारी रखी हुई है। जहां केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर के नाम पर चर्चाएं जारी हैं। वहीं रविवार को आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबले के बाद बीसीसीआई के सचिव जय शाह और गंभीर के बीच बातचीत हुई। जिसके बाद गंभीर को हेड कोच बनाने की अफवाहों ने तूल पकड़ लिया है। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के हेड कोच की खोज जारी रखी हुई है। जहां केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर के नाम पर चर्चाएं जारी हैं। वहीं रविवार को आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबले के बाद बीसीसीआई के सचिव जय शाह और गंभीर के बीच बातचीत हुई। जिसके बाद गंभीर को हेड कोच बनाने की अफवाहों ने तूल पकड़ लिया है। बीसीसीआई ने 13 मई को भारतीय हेड कोच की तलाश शुरू की थी और आवेदन निकाले थे। आवेदन करने का आखिरी दिन आज यानी 27 मई को निर्धारित की गई है।

# हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत ने अर्जेन्टीना को 5-4 से हराया

बेल्जियम के एंटवर्प में जारी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को 5-4 से हरा दिया। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत सिंह की शानदार हैट्रिक की मदद से भारत ने ये जीत हासिल की। हरमनप्रीत (29वें, 50वें और 52वें मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंदल (सातवें मिनट) और गुरजंत सिंह (18वें मिनट) ने भी भारत के लिए गोल किए।

वहीं अर्जेन्टीना के लिए फेडेरिको मोंजा (तीसरे मिनट), निकोलस कीनन (24वेंमिनट), तादेओ मारुची (54वें मिनट) और लुकास मार्टिनेज (57वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद पर कब्जा बनाए रखा और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के सर्कल में घुसे। हालांकि पहला गोल अर्जेंटीना ने



दागा जब फेडरिको ने करीब से गोल करके टीम को 1-0 से आगे किया। भारत ने जल्द ही बराबरी हासिल कर ली जब अराइजीत ने शानदार मैदानी गोल किया। भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका और पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की। गुरजंत ने बेहतरीन मैदानी गोल दागकर टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कीनन ने इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए सर्कल में प्रवेश किया और गेंद को गोल में पहुंचाकर स्कोर 2-2 कर दिया। हालांकि भारत ने क्वार्टर में एक मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हरमनप्रीत ने भारत को 3-2 से आगे कर दिया। तीसरा क्वार्टर में दोनों टीमों ने तेजतर्रार हॉकी का प्रदर्शन किया। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। चौथे क्वार्टर में भारत अच्छी लय में दिखा। भारतीय टीम ने अर्जेंटीना को गलतियां करने के लिए मजबूर किया जिससे मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे पेनल्टी स्ट्रोक में बदल दिया गया और हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 4-2 की बढ़त दिला दी। दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया और इस बार भी हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 5-2 से आगे कर दिया। अर्जेंटीना ने तादेओ और लुकास के गोल से हार का अंत कम किया लेकिन भारत को 5-4 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाया। भारत का अगला मुकाबला एक जून को जर्मनी से होगा।

## दीपा करमाकर ने इतिहास रचते हुए एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, आनंद महिंद्रा ने ऐसे दिया रियक्शन

भारत की स्टार जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, उन्होंने जिम्नास्टिक में देश को एशियन सीनियर चैंपियशिप में गोल्ड मेडल दिलाया है। दीपा ये कारनामा करने वाली देश की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। रविवार को उन्होंने वुमेन वॉल्ट में ये मेडल अपने नाम किया। दिपा करमानकर का वॉल्ट फाइनल में फाइनल के आखिरी दिन औसत 13.566 का था। ये टूर्नामेंट उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में खेला गया। वहीं दीपा की सफलता पर भारतीय बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा ने भी रिएक्शन दिया है। 30 वर्षीय दीपा ने फाइनल में नॉर्थ कोरिया की किम सोन ह्यांग और जो क्योंग ब्योल को मात दी। ह्यांग का औसत स्कोर 13.466 था और ब्योल का स्कोर 12.966 का। दोनों ने क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 2016 रियो ओलंपिक खेलों में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं दीपा ने इससे पहले 2015 में इसी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

## भारत ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैचों के लिए 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम घोषित की




अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। टीम की 30 संभावित खिलाड़ियों ने हैदराबाद में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान पर दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया जिसके बाद मुख्य कोच एल चाओबा देवी ने 23 सदस्यीय टीम का चयन किया।

भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा।भारत ने इस साल की शुरुआत में चार देशों के 'तर्किश विमेंस कप' में हिस्सा लिया था। टीम इसमें कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। इस टूर्नामेंट में एस्टोनिया और हांगकांग भी टीमें भी शामिल थी।

***गोलकीपर:*** श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी। ***डिफेंडर:*** एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइगंबी देवी। ***मिडफील्डर*** कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग। ***फॉरवर्ड :*** काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी खाखा, सेर्टो लिंडा कॉम।

# बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट : मनोज बाजपेयी की भैया जी ने 3 दिन में की इतनी कमाई!



मनोज बाजपेयी हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनेता पिछले तीन दशकों से राज कर रहे हैं। भले ही उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन उनकी हर फिल्म में उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाना किसी के लिए भी मुश्किल है। पिछले साल मनोज बाजपेयी की फिल्म जोराम रिलीज हुई थी, जिसे काफी तारीफें मिलीं लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। इस साल एक्टर एक्शन थ्रिलर भैया जी लेकर आए हैं। फिल्म में एक बार फिर एक्टर अपने दमदार किरदार से छाए हुए हैं। भैया जी 24 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म की पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत नहीं रही. लेकिन उम्मीद थी कि फिल्म वीकेंड पर अच्छी कमाई करेगी।

शुक्रवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भैया जी की शुरुआत 1.30 करोड़ रुपये से हुई. शनिवार को उम्मीद थी कि फिल्म अच्छा बिजनेस करेगी और वैसा ही हुआ। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ। मनोज बाजपेयी स्टारर इस फिल्म ने दूसरे दिन 1.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. रविवार को अब तक की कमाई ठीक-ठाक है। सैकनिल्क के शुरुआती ट्रेड के मुताबिक, मनोज बाजपेयी की फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन 1.90 करोड़ की कमाई की।

श्रीकांत के मुकाबले भैया जी का पहला वीकेंड सुस्त रहा। राजकुमार राव ने पहले वीकेंड में करीब 12 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। 17 दिन बाद भी फिल्म का जादू अभी भी बरकरार है. अब तक फिल्म ने 36 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है।

बता दें कि अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित भैया जी एक बदले की कहानी है। फिल्म में जोया हुसैन, सुविंदर विक्की, जतिन गोस्वामी, विपिन शर्मा, रमा शर्मा भी अहम भूमिका में हैं।

# करण जौहर ने सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी अभिनीत धड़क-2 की घोषणा की




करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर एक नई फिल्म की घोषणा की, जिसका निर्माण उनकी होम प्रोडक्शन धर्मा मूवीज करेगी। धड़क-2 नाम की इस नई घोषित फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन शाजिया इकबाल करेंगी। इसके अलावा, करण ने घोषणा के साथ एक वीडियो भी साझा किया जो शायद इस फिल्म की थीम के बारे में संकेत देता है।

करण ने इंस्टाग्राम पर एक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है। कैप्शन में लिखा- यह कहानी थोड़ी अलग है क्योंकि एक राजा था, एक रानी थी - जाति अलग थी... कहानी ख़त्म। धड़क-2 22 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बता दें, जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म धड़क 2016 में रिलीज हुई थी। यह मराठी फिल्म सैराट का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म ने जान्हवी कपूर का बॉलीवुड डेब्यू भी किया और दुनिया भर में? 110.11 करोड़ से अधिक की कमाई के साथ व्यावसायिक सफलता के रूप में उभरी। धड़क का निर्देशन हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया मशहूर फिल्म निर्माता शशांक खेतान ने किया था।

# जान्हवी कपूर ने खुलासा किया कि पंकज त्रिपाठी के साथ गुंजन सक्सेना साइन करने के लिए शाकाहारी बन गई

जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस मूवी में उनके साथ अभिनेता राजकुमार राव भी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर दोनों ही प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। द लल्लनटॉप के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ काम करने की अपनी इच्छा के बारे में एक दिलचस्प किस्सा साझा किया। जब जान्हवी से उनकी इच्छा सूची में एक अभिनेता का नाम पूछा गया, तो उन्होंने खुलासा किया कि वह कोई और नहीं बल्कि पंकज त्रिपाठी हैं।



जान्हवी कपूर ने पंकज त्रिपाठी की प्रशंसा की और उनके साथ काम करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं पंकज त्रिपाठी सर के साथ काम करना चाहती थी। वह मेरी इच्छा सूची में थे। गुंजन सक्सेना के सेट पर मौजूद लोग जानते हैं कि मैं एक पागल लड़की की तरह व्यवहार करती थी क्योंकि मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक थी और आज भी हूं।

जान्हवी ने उल्लेख किया कि उन्होंने पकंज त्रिपाठी के साथ काम करने के लिए मन्नत मांगी थी, कि पंकज त्रिपाठी इस भूमिका के लिए सहमत होंगे। फिर उन्होंने इस फिल्म के लिए हां कर दिया था। मुझे लगता है कि 10 या 12 दिनों के लिए मैं शाकाहारी बन गई।

फिल्म गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल, जिसमें जान्हवी और पंकज त्रिपाठी ने अंततः एक साथ काम किया, उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। फिल्म को सकारात्मक समीक्षा मिली, और उनके प्रदर्शन की व्यापक रूप से सराहना की गई, जिससे जान्हवी ने पंकज त्रिपाठी को फिल्म में शामिल करने का प्रयास और अधिक सार्थक कर दिया।

जान्हवी कपूर की वर्क फ्रंट की बात करें, तो वह जल्द ही मिस्टर एंड मिसेज माही में दिखाई देने वाली हैं, जो 31 मई को रिलीज होने वाली है। इसके साथ ही वह उलझ में भी नजर आएंगी।

# खेसारी से लेकर पवन सिंह तक, जानें कितने पढ़े लिखे हैं ये मशहूर भोजपुरी सितारे

हिंदी और साउथ फिल्मों के अलावा भारत में भोजपुरी इंडस्ट्री का भी बोलबाला है। लोकप्रियता के मामले में इन इंडस्ट्री के सितारे बॉलीवुड के बड़े अभिनेताओं को टक्कर देते हैं। खेसारी लाल यादव से लेकर पवन सिंह तक, इन सभी सितारों को बड़ी संख्या लोग फॉलो करते हैं। भोजपुरी कलाकारों के अभिनय से तो ज्यादातर लोग वाकिफ हैं, लेकिन उनकी पढ़ाई के बारे में कम ही लोगों को ही जानकारी है। आज हम आपको भोजीवुड के कई लोकप्रियता सितारों की शैक्षिक योग्यता के बारे में आपको बताने जा रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा के बड़े सितारों में पवन सिंह का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। उन्हें प्यार से पावर स्टार के नाम से भी जाना जाता है। पवन सिंह को अभिनय के अलावा उनके गायन के लिए भी काफी पसंद किया जाता है। अक्सर उनके गाने इंटरनेट पर छाए रहते हैं। अपनी कला से लोगों का मनोरंजन करने वाले पवन सिंह सिर्फ 10वीं कक्षा तक की पढ़े हैं। अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री हैं। अपनी खूबसूरती और अभिनय से वे लाखों दिलों पर राज करती हैं। वे सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। अब तक वे कई सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। एक्टिंग में करियर बनाने के लिए




अक्षरा ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। रवि किशन भोजपुरी सिनेमा के सबसे बड़े सितारे हैं। वे हिंदी फिल्मों में भी अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुके हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लापता लेडीज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। रवि की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो उन्होंने 12वीं तक ही पढ़ाई की है।

खेसारी लाल यादव भी भोजपुरी सिनेमा के सबसे चर्चित अभिनेता हैं। वे अपनी एक्शन फिल्मों के लिए काफी ज्यादा मशहूर हैं। अभिनेता को बड़ी संख्या में लोग फॉलो करते हैं। लोगों के दिलों पर राज करने वाले खेसारी ने 10वीं तक ही पढ़ाई की है।

# लग्जरी गाड़ियों के शौकीन हैं ये भोजपुरी सितारे, बीएमडल्यू से ऑडी जैसी कार तक का है शानदार कलेशन

मनोरंजन की दुनिया में भोजपुरी इंडस्ट्री उभर के सामने आई है। आज पूरे देश में भोजपुरी फिल्मों को काफी पसंद किया जा रहा है। रीजनल सिनेमा के इन सितारों की भी लोकप्रियता बॉलीवुड सितारों से कम नहीं है। अपनी दमदार अभिनय से इन सितारों ने देश-विदेश में काफी नाम कमाया है। बात अगर भोजपुरी फिल्म जगत की हो तो भोजपुरी गानों को कैसे भूला जा सकता है। शादी हो या पार्टी भोजपुरी गानों के बिना महफिल अधूरी लगती है। इन गानों के बजते ही पैर अपने आप थिरकने को मजबूर हो जाते हैं। भोजपुरी फिल्मों के ये सुपरस्टार्स न केवल अपनी एक्टिंग, बल्कि अपनी आलीशान लाइफस्टाइल को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। जी हां, लग्जरी लाइफस्टाइल के मामले में ये सितारे बॉलीवुड स्टार्स से कम नहीं हैं। भोजपुरी के इन स्टार्स को महंगी और लग्जरी गाड़ियों का शौक है। चलिए जानते हैं, उन भोजपुरी सितारों के बारे में, जिनके पास शानदार गाड़ियों का कलेक्शन है।

दिनेश लाल यादव निरहुआ नाम से मशहूर हैं। पवन सिंह की तरह ही इन्हें भी महंगी और लग्जरी गाड़ियों का शौक है। एक्टर के पास रेंज रोवर और फॉर्च्यूनर कार है। इन्होंने भोजपुरी की कई दमदार फिल्में की हैं इसके अलावा राजनीति भी यह अपनी किस्मत आजमा चुके हैं।



मनोज तिवारी की गिनती भोजपुरी के दिग्गज कलाकारों में होती है। अभिनेता होने के साथ ही वह एक मशहूर गायक भी हैं। मनोज तिवारी के पास पांच लग्जरी गाड़िया हैं, जिनमें ऑडी की, मर्सिडीज बेंज, होंडा सिटी और फॉर्च्यूनर शामिल है। अभिनेता होने के अलावा मनोज भारतीय जनता पार्टी के नेता भी हैं।

एक्टर रवि किशन अपने लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए जाने जाते है। एक्टर के पास कई लग्जरी गाड़िया हैं, जिनमें बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज-बेंज, जगुआर जैसी गाड़ियां शामिल हैं। जगुआर एक्सएफ की कीमत 49.78 लाख से 61.39 लाख रुपये तक है। भोजपुरी की यह हसीना भी लग्जरी लाइफस्टाइल जीती है। भोजपुरी के अलावा अभिनेत्री कई हिंदी टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के पास ऑडी की है, जिसकी कीमत 35 से 40 लाख बताई जा रही है। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। उनके फैंस उनकी पोस्ट पर जमकर प्यार बरसाते हैं।

# चक्रवात रेमल के प्रभाव से बंगाल में दो लोगों की मौत, फिलहाल जारी रहेगी बारिश

**कोलकाता (हि.स.)।** चक्रवाती तूफान रेमल ने पश्चिम बंगाल और उसके तटीय इलाकों में काफी नुकसान पहुंचाया है। इसके कारण हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। चक्रवाती तूफान रेमल के मद्देनजर कोलकाता हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं 21 घंटे तक निलंबित रहने के बाद सोमवार सुबह बहाल हुईं। स्थिति सामान्य होने में कुछ और समय लगेगा।



राज्य आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने बताया कि मध्य कोलकाता के एंटाली के बिबी बागान इलाके में रविवार शाम को हुई मूसलाधार बारिश के कारण एक दीवार के गिरने से एक व्यक्ति की दबकर मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि सुंदरबन डेल्टा से सटे नामखाना के पास मौसुनी द्वीप में एक पेड़ एक झोपड़ी पर गिर गया, जिसमें दबकर एक बुजुर्ग महिला की भी सोमवार सुबह मौत हो गई।

इस चक्रवाती तूफान ने बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच के तटीय इलाकों में भारी तबाही मचाई। रेमल से पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में हुई क्षति को साफ तौर पर देखा जा सकता है। कोलकाता और राज्य के अन्य तटीय जिलों में झोपड़ियों की छत हवा में उड़ गयीं, पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये, जिस कारण कोलकाता सहित राज्य के कई हिस्सों में बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई। सप्ताह के पहले दिन की सुबह कोलकाता के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति देखी गयी। सियालदह टर्मिनल स्टेशन से उपनगरीय ट्रेन सेवाएं कम से कम तीन घंटे के लिए आंशिक रूप से निलंबित रहीं, जिस कारण यात्रियों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। चक्रवाती तूफान रेमल के मद्देनजर कोलकाता हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं 21 घंटे तक निलंबित रहने के बाद सोमवार सुबह बहाल हुईं। हवाई अड्डे से जुड़े सूत्रों ने बताया कि स्थिति सामान्य होने में कुछ और समय लगेगा।

इस चक्रवाती तूफान ने बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच के तटीय इलाकों में भारी तबाही मचाई। रेमल के दस्तक देने की प्रक्रिया की शुरुआत रविवार रात साढ़े आठ बजे से हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक रेमल सुबह साढ़े पांच बजे कैनिंग से लगभग 70 किलोमीटर उत्तर पूर्व और मोंगला से 30 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान के और कमजोर होने के आसार हैं। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं। आपातकालीन सेवाएं प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने और बिजली बहाल करने के काम में जुटी हैं। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, लगातार भारी बारिश के कारण अधिकतर प्रभावित क्षेत्रों में इन अभियानों में बाधा आ रही है। तूफान से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने प्रभावित लोगों को भोजन, पेयजल और चिकित्सा सहायता प्रदान करते हुए राहत अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने लोगों से घरों के अंदर रहने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है।

एक मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि कोलकाता में रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से सोमवार को सुबह साढ़े पांच बजे के बीच 146 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। कोलकाता में अधिकतम हवा की गति 74 किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई, जबकि शहर के उत्तरी बाहरी इलाके दमदम में हवा की अधिकतम गति 91 किमी प्रति घंटे दर्ज की गई।

# प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को कोलकाता में करेंगे रोड शो, सारदा मां के घर भी जाएंगे

**कोलकाता (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को कोलकाता आएंगे। वे यहां उत्तर कोलकाता सीट से भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय के समर्थन में रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो उत्तर कोलकाता के श्यामबाजार पांच माथा मोड़ से आरंभ होकर शिमला स्ट्रीट स्थित स्वामी विवेकानंद के निवास स्थल पर जाकर समाप्त होगा।




मतदान से पूर्व कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला रोड शो होगा। श्यामबाजार में पांच माथा मोड़ स्थित नेताजी को श्रद्धांजलि देकर प्रधानमंत्री कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। जुलूस विधान सारणी से होकर गुजरेगा। प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानन्द के घर जायेंगे और वहां स्वामीजी को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का समापन करेंगे। रोड शो शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री बागबाजार स्थित सारदा मां के घर जाएंगे। वह वहां करीब चालीस मिनट तक रहेंगे।

प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और उत्तर कोलकाता से भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री के रोड शो में ढाक, आदिवासी नृत्य के साथ बंगाल की विभिन्न संस्कृतिक विशिष्ठाओं का प्रदर्शन होगा।

राजधानी कोलकाता के कार्यक्रम से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी उत्तर 24 परगना के अशोकनगर और दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में जनसभाएं करेंगे। कोलकाता में रोड शो के बाद प्रधानमंत्री का मंगलवार रात राजभवन में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है। इसके बाद 29 मई को मोदी दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में एक और चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया है कि कोलकाता में प्रधानमंत्री का रोड शो ऐतिहासिक रूप लेगा।

## उत्तराखंड : उत्तरकाशी के सालरा गांव में आग से 15 मकान क्षतिग्रस्त, आग पर पाया गया काबू



**उत्तरकाशी (हि.स.)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के सीमांत विकास खंड मोरी के सालरा गांव में सोमवार को आग से 15 मकानों की क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि राहत और बचाव कार्य में जुटी टीमों ने आग को कड़ी मशक्कत के बाद नियंत्रित कर लिया है। इस भीषण आग से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांव में अग्निकांड पर दुःख जाताया और राहत टीम को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिला आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक सालरा गांव में भीषण आग से लगभग 15 आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आग की सूचना पर आज दोपहर घटनास्थल पर एसडीआरएफ, राजस्व सहित कई टीमें गांव पहुंचीं और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुटी रहीं। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया है। हालांकि अभी आग पूरी तरह से नहीं बुझायी जा सकी है। गौरतलब है कि सोमवार सुबह ग्राम प्रधान सालरा की सूचना के तत्काल बाद एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व टीम मौके के लिए रवाना हो गयी थीं। अग्निशमन टीम के साथ मेडिकल, वन विभाग और पशु चिकित्सा टीम भी घटनास्थल के लिए भेजी गयी थीं।

जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने उपजिलाधिकारी पुरोला और तहसीलदार मोरी से घटना के बारे में जानकारी मांगी है। उन्होंने राहत और बचाव कार्य में जुटी टीमों से जल्द से जल्द आग को पूरी तरह से बुझाने और पीड़ितों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

# डब्ल्यूएचए के 77वें सत्र का आगाज, स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने जापान के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली (हि.स.)।** विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचए) का 77वां सत्र जिनेवा में सोमवार से शुरू हो गया। इस वार्षिक बैठक के दौरान भारत के स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने जापान के साथ द्विपक्षीय बैठक की। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस द्विपक्षीय बैठक में दोनों देश 2018 में हस्ताक्षरित सहयोग ज्ञापन पर काम करने और जल्द ही संयुक्त कार्य समूह आयोजित करने पर सहमत हुए।

इस बैठक में दोनों देशों के बीच डिजिटल स्वास्थ्य में सहयोग के क्षेत्रों का विस्तार करना, स्वास्थ्य में एआई का उपयोग, बुजुर्गों की देखभाल, गैर संचारी रोग पर भी चर्चा की गई। इसके साथ जापान में अवसरों के लिए जापानी भाषा में नर्सिंग पेशेवरों के प्रशिक्षण पर चल रहे कार्यक्रम को मजबूत करने पर भी बल दिया गया।



उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचए का 77वां सत्र 27 मई से 1 जून तक जिनेवा में आयोजित किया जा रहा है। भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा कर रहे हैं। वैश्विक स्वास्थ्य पारिस्थितिक तंत्र के ढांचे के लिए आयोजित कार्यक्रम में 194 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। डब्ल्यूएचए का इस साल का विषय ऑल फॉर हेल्थ, हेल्थ फॉर ऑल है।

विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचए) में आयुष्मान भारत, आपातकालीन तैयारियों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और देश में डिजिटल स्वास्थ्य के बदलावों के जरिए अपनी सार्वभौमिक कवरेज पर विस्तृत चर्चा होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में आपदा प्रतिक्रिया और चिकित्सा मदद बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए नवीन उपकरणों से लैस एक स्वदेशी पोर्टल का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## पुणे हिट एंड रन मामले में दो डॉक्टर और एक चपरासी को 30 मई तक पुलिस कस्टडी



**मुंबई (हि.स.)।** पुणे हिट एंड रन मामले में सोमवार को शिवाजी सेशन कोर्ट ने ससून अस्पताल के दो डॉक्टरों और एक चपरासी को 30 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इन तीनों को पुणे पुलिस ने नाबालिग आरोपित वेदांत अग्रवाल का ब्लड टेस्ट बदलने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार करके आज दोपहर कोर्ट में पेश किया था। तीनों आरोपितों पर तीन लाख रुपये लेकर ब्लड टेस्ट बदलने का आरोप है। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि 18 मई को कल्याणवाणी इलाके में पोर्शे कार दुर्घटना होने के बाद येरवड़ा पुलिस ने नाबालिग आरोपित का ब्लड टेस्ट ससून हॉस्पिटल में भेजा था। आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल ने ब्लड टेस्ट बदले जाने के लिए ससून अस्पताल के डॉक्टर अजय टावरे और डॉ. श्री हरि हरलोर को मैनेज किया। इसके बाद अस्पताल का चपरासी अमित घाटकांबले अस्पताल से विशाल अग्रवाल के यहां गया और वहां से तीन लाख रुपये लेकर आया। इसके बाद दोनों डॉक्टरों ने आरोपित वेदांत अग्रवाल का ब्लड सैंपल कचरे में फेंक दिया और दूसरे शख्स का ब्लड सैंपल जांच के लिए भेज दिया। इसी मामले की पूछताछ के लिए पुलिस ने कोर्ट से इन तीनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी की मांग की।

## कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे बाद विमान सेवाएं फिर से शुरू

**कोलकाता (हि.स.)।** बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुए चक्रवाती तूफान रेमल के मद्देनजर कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे तक विमानों की आवाजाही रद्द रहने के बाद सोमवार को फिर से उड़ान सेवाएं शुरू की गईं लेकिन स्थिति सामान्य होने में कुछ और समय लगेगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह 8:59 बजे इंडिगो के कोलकाता-पोर्ट ब्लेयर विमान ने यहां उड़ान भरी जबकि कोलकाता में उतरने वाला पहला विमान गुवाहाटी से यहां पहुंचा स्पाइसजेट का विमान था। यह सुबह 09:50 बजे हवाई अड्डे पर उतरा था। अधिकारी ने बताया कि कुछ अन्य उड़ानों के लिए चेक-इन जारी है। कोलकाता हवाई अड्डे से रविवार को दोपहर 12:16 बजे आखिरी विमान ने उड़ान भरी थी।

## प्रधानमंत्री प्रचंड की दौड़धूप बेकार, विपक्षी दल को नहीं मना पाए

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल में चल रहे राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' को आज भी निराशा हाथ लगी। विपक्षी दल और सत्ताधारी दलों के बीच सहमति नहीं हो पाने के कारण संसद में बिना किसी गतिरोध के बजट पेश करने का प्रयास विफल होता नजर आ रहा है।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने आज सत्ताधारी दल और विपक्षी दलों के साथ अलग-अलग और एक साथ बैठक कर सहमति जुटाने का प्रयास किया, लेकिन सहकारी घोटाले पर बनने वाली संसदीय जांच समिति के कार्यादेश को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई है। विपक्षी दलों का कहना है यदि कार्यादेश में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम नहीं लिखा जाता है तो कम से कम उस मीडिया हाउस का नाम लिखा जाना चाहिए, जिसमें सहकारी से पैसे लेकर निवेश किया गया है।

प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार बताते हैं कि विपक्षी दलों की इस मांग पर खुद प्रधानमंत्री सकारात्मक हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और नेकपा एमाले विरोध में हैं। स्वतंत्र पार्टी से संसदीय जांच समिति के की नाजायज माग पर सुनवाई की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने नेपाली कांग्रेस पर राजनीतिक चरित्र नहीं दिखाने और लोकतांत्रिक अभ्यास



कार्यादेश बनाने वाली समिति में रहे शिशिर खनाल ने कहा कि रवि लामिछाने का नाम लिखना या उनके द्वारा संचालित गोरखा मीडिया का नाम लिखना दोनों एक ही बात है। अगर ऐसा होता है तो इस पर सहमति होने का सवाल ही नहीं उठता है।

उधर सत्ताधारी एमाले पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने कहा कि विपक्षी दलों के विपरीत व्यवहार करने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री के करीबी लोगों का कहना है कि विपक्षी दल और सत्तापक्ष के जाल में प्रधानमंत्री इस कदर उलझ गए हैं कि वो चाह कर भी सहमति नहीं करवा पा रहे हैं। इनका विश्लेषण है कि विपक्षी की मांग पर ओके बोल चुके प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार गिरने के डर से सत्तापक्ष की नाजायज बातों को मानना पड़ रहा है।

# बांग्लादेश के तट से टकराया चक्रवात रेमल, आठ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**ढाका (हि.स.)।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' ने रविवार रात बांग्लादेश तट पर दस्तक दी और अधिकारियों ने देश के निचले दक्षिण-पश्चिमी तटीय इलाकों से आठ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। बांग्लादेश के तट पर चक्रवात 'रेमल' के रविवार देर रात तक पहुंचने से पहले, जोखिम वाले इलाकों से 8,00,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

मौसम कार्यालय के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा कि चक्रवात ने रात लगभग 8:30 बजे (स्थानीय समय) बांग्लादेश के मोंगला और खेपुपारा तट के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से से होते हुए भारत के पश्चिम बंगाल तट को पार करना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा कि तूफान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी तटीय इलाकों और पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप से उत्तरी दिशा की ओर बढ़ रहा है तथा



'अगले पांच से सात घंटों में इसके समुद्र तट रेखाओं को पार करने की संभावना है'। चक्रवाती तूफान के रात 12:00-1:00 बजे के बीच बांग्लादेश को पार करने का अनुमान है, जिसके बाद इसके कमजोर होने की उम्मीद है।

अधिकारियों ने कहा कि माना जाता है कि तूफान से एक युवक की मौत हो गई क्योंकि समुद्री लहरें उसे बहा ले गईं और दक्षिण-पूर्वी पटुआखाली में कई लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, क्षमता से दोगुने, 50 से अधिक यात्रियों से भरी एक नौका तूफान के रास्ते में मोंगला बंदरगाह के पास डूब गई। इसमें सवार लोग सुरक्षित स्थान की ओर भाग रहे थे। हालाँकि, लोगों को बचा लिया गया जिन्हें कुछ चोट आई है।

चक्रवाती तूफान के बांग्लादेश तट पर आधी रात तक पहुंचने की संभावना है, जिससे समुद्र में ऊंची लहरें उठने तथा देश के तटीय जिलों सतखीरा और कॉक्स बाजार क्षेत्र में भारी बारिश होने की संभावना है।

बांग्लादेश मौसम विभाग (बीएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम वृहद बारीसाल के लिए अत्यधिक खतरे की चेतावनी संख्या 10, जबकि चटगांव शहर सहित दक्षिण-पूर्वी तटीय क्षेत्रों के लिए अधिक खतरे की चेतावनी संख्या नौ जारी की है। मौसम विभाग के ताजा बुलेटिन के हवाले से कहा गया है कि तटीय जिलों के निचले इलाके और उनके अपतटीय द्वीप में सामान्य ज्वार से 08-12 फुट ऊंचा ज्वार आने से उनके जलमग्न होने की संभावना है।

आपदा प्रबंधन और राहत मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने प्रेस वार्ता में बताया कि आठ लाख से अधिक लोगों को चक्रवात केंद्रों और अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि हमने चक्रवाती तूफान से निपटने के लिए तत्काल आधार पर सभी आवश्यक उपाय किए हैं सभी संबंधित संगठनों को चक्रवात का सामना करने के लिए समन्वित तरीके से काम करने के लिए कहा गया है।

## अफगानिस्तान चीनी कामगारों पर हमले में शामिल टीटीपी आतंकियों को सौंपे: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान ने रविवार को



अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से चीनी कामगारों पर घातक हमले में शामिल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों को सौंपने को कहा है।

अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मार्च में विस्फोटकों से भरे वाहन को एक बस को टक्कर मारने की घटना में चीन के पांच नागरिकों समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। यह परियोजना इस्लामाबाद से लगभग 300 किमी उत्तर में है।

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'चाहे अफगानिस्तान आतंकवादियों पर मुकदमा चलाए या नहीं उसे आतंकवादियों को पाकिस्तान को सौंप देना चाहिए।'

जांच रिपोर्ट के मद्देनजर मंत्री ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने अफगानिस्तान से चीनी नागरिकों पर आतंकी हमले कराए। पाकिस्तान कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) ने गुरुवार को हमले में मारे गए चीनी कामगारों के परिवारों को 25 लाख 80 हजार अमेरिकी डॉलर देने का फैसला किया।

## पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए तैयार



### चीन के जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से 30 मई को प्रक्षेपित किया जाएगा पाकसेट-एमएम-1 को

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान मल्टी-मिशन संचार उपग्रह (पाकसेट-एमएम-1) के प्रक्षेपण के लिए तैयार है। इसे चीन के जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से 30 मई को लॉन्च किया जाएगा। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस पर व्यापक चर्चा की है।

अंतरिक्ष और ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग (सुपारको) के प्रवक्ता के अनुसार मल्टी-मिशन संचार उपग्रह पाकसेट-एमएम-1 सुपारको और चीनी एयरोस्पेस उद्योग का संयुक्त प्रयास है। इसे पाकिस्तान की संचार और कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# अमेरिका के मेक्सिको सिटी में पानी के लिए हाहाकार

**मेक्सिको सिटी (हि.स.)।** अमेरिका के मेक्सिको सिटी के कई इलाके इस समय पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। मेक्सिको सिटी में पानी की कमी लंबे समय से प्रमुख मुद्दा रहा है। इसका खामियाजा शहर के केंद्र के बाहरी इलाके में रहने वाले कम आय के अधिकतर लोगों का भुगतना पड़ रहा है। हाल यह है कि शहर के कुछ आभिजत्य इलाकों में भी जल संकट पैदा हो गया है। गर्म तापमान, कम वर्षा और खराब बुनियादी ढांचे ने विशाल महानगर में जल संकट पैदा कर दिया है। मेक्सिको सिटी के सेंटर फॉर इकोनॉमिक रिसर्च एंड टीचिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रोफेसर क्रिस्टीना बोयस का कहना है कि बरसात से संकट को कम करने में जरूर मदद करेगी, लेकिन यह उस शहर में सुरक्षा की झूठी भावना पैदा कर सकती है, जिसे कम पानी का उपयोग करने और बारिश का उपयोग करने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की आवश्यकता है।




मेक्सिको सिटी को लगभग एक चौथाई पानी की आपूर्ति जलाशयों, जल उपचार संयंत्रों और लंबी नहरों की बड़ी शृंखला से होती है। यह शृंखला सूख रही है। कुछ लोगों का कहना है कि यह शृंखला 26 जून तक पानी उपलब्ध कराने में असमर्थ हो सकती है। मेक्सिको की बेसिन एजेंसी के अनुसार 21 मई को इस जल शृंखला की क्षमता 28 प्रतिशत रही। यह सबसे निचला स्तर रहा। रकेल कैंपोस इलाका तो जनवरी से इस समस्या से दोचार हो रहा है।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुष नसबंदी में प्रयागराज अव्वल

- जिले में परिवार नियोजन में लक्ष्य की सौ फीसदी से अधिक की हुई प्राप्ति
- जनपद में वर्ष 2023-24 में 14,450 ने कराया परिवार नियोजन
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं की बढ़ी भागेदारी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रदेश के समग्र विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण जरूरी है। इसके लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम लागू किया गया। इससे न केवल जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आ रही है बल्कि कम जनसंख्या वृद्धि से आबादी में पहले से मौजूद लोगों के लिए अधिक संसाधनों की उपलब्धि सुनिश्चित हो रही है। लंबी जीवन प्रत्याशा और बेहतर स्वास्थ्य की प्राप्ति होगी। योगी सरकार ने प्रदेश की नई जनसंख्या नीति में भी इसे प्राथमिकता दी है। नीति में प्रस्तावित जन्म दर को प्रदेश में 2026 तक 2.1 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। सिफ्सा के प्रयागराज मंडल के कार्यक्रम प्रबंधक हरित सक्सेना के मुताबिक जनपद प्रयागराज में वर्ष 2023-24 में परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति में लक्ष्य का सौ फीसदी से अधिक हासिल हुआ है। जिले में इस अवधि 12,500 महिलाओं के परिवार नियोजन का संभावित लक्ष्य रखा गया था लेकिन 14146 महिलाओं ने इस अवधि में परिवार नियोजन परिवार करवाया । इस तरह एफएसटी में जनपद में लक्ष्य का 113.17 फीसदी की प्राप्ति हुई है। इसी अवधि में जिले में 260 पुरुषों के परिवार नियोजन का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 314 पुरुषों ने परिवार नियोजन करवाया। इस तरह एनएसवी में जिले ने लक्ष्य का 120.27 फीसदी हासिल किया है। इस तरह जनपद ने पुरुष नसबंदी में प्रथम स्थान हासिल किया है जबकि महिला नसबंदी में जिले का स्थान दूसरा है। प्रयागराज में वर्ष 2022-23 में परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति में लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति नहीं हुई। सिफ्सा के प्रयागराज मंडल के कार्यक्रम प्रबंधक हरित सक्सेना बताते हैं कि जिले में इस अवधि में 18,721 महिलाओं के परिवार नियोजन का संभावित लक्ष्य रखा गया था लेकिन 10,577 महिलाओं ने इसअवधि में परिवार नियोजन परिवार करवाया । इस तरह एफएसटी में जनपद में लक्ष्य का 56.50 फीसदी की प्राप्ति हुई है। इसी अवधि में जिले में 500 पुरुषों के परिवार नियोजन का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 177 पुरुषों ने परिवार नियोजन करवाया। इस तरह एनएसवी में जिले ने लक्ष्य का 35.40 फीसदी हासिल किया है। इस तरह जनपद में परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति में लक्ष्य का 45.95 फीसदी का लक्ष्य हासिल किया गया था।

### तेजी से बढ़ रही है महिलाओं की भागेदारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा लाई गई नई जनसंख्या नीति में इस बात पर जोर दिया गया था कि आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के जनसंख्या की दर में कमी लाना आवश्यक है। इसके लिए महिला और पुरुषों को प्रेरित और जागरुक करने के लिए कई प्रयास किए गए। सिफ्सा के मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक हरित सक्सेना बताते हैं कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर जागरूकता लाने के लिये स्वास्थ्य विभाग की ओर से नयी पहल करते हुए पिछले वर्ष मिस्टर स्मार्ट सम्मलेन शुरू किए गए। इसके तहत परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी को बढ़ावा मिला। स्मार्ट सम्मेलन में परिवार नियोजन के प्रति समझदार दम्पत्तियों की पहचान की गई व उन्हे पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की तरफ से विभिन्न ब्लॉक की इकाइयों और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में फैमिली प्लानिंग बॉक्स लगाए गए।

# अधिवक्ता पर पुलिस द्वारा लाठियां बरसाने पर सपा नेताओं में नाराज़गी

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** 25 मई को मतदान के दौरान मतदाताओं को वोट डालने में करैली थाना पुलिस की तानाशाही और पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को करैली पुलिस द्वारा हिरासत में लेने कि खबर से आगबबूला हुए सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिस प्रकार प्रताड़ित व बर्बर लाठियां भांजी गई वह लोकतंत्र का मज़ाक़ बन कर रह गई। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने अधिवक्ता व पूर्व प्रदेश सचिव व सेक्टर प्रभारी रेहान अहमद पर बरसाई गई लाठियां और बर्बर निशान और गिरफ्तारी की घोर भर्तसना कि कहा करैली पुलिस ने हमारे कार्यकर्ता के साथ जिस प्रकार जानवरों वाला किरदार निभाया है उसका मुझे संज्ञान है। उन्होंने कहा कि यह करैली पुलिस का संविधान और कानून का खुला उलंघन है। महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार पुलिसिया लाठी चार्ज से रेहान अहमद के हाथों पीठ व पैरों में नीले निशान पड़ गए हैं। उनका न तो इलाज कराया गया न कोई दवाई ही खाने दी गई। वह दर्द से कराहते रहे। शहर उत्तरी के विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी रहे संदीप यादव की पहल पर नगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि एडवोकेट , इरशाद अहमद एडवोकेट ने प्रयास कर रेहान अहमद की रिहाई कराई। वहीं सपा नेताओं ने पुलिस पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा पुलिस प्रशासन भाजपा के एजेंट के रुप में कार्य कर रहा था ।लोगों का रुझान इण्डिया गठबंधन की ओर था तो हार की खीज में कुंवर रेवती रमण के समर्थन में आवाज़ बुलंद करने वाले अधिवक्ता रेहान अहमद को मौक़ा देख कर निशाना बनाया गया।

# कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू को किया याद

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को 60 वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रातः नेहरू के पैतृक आवास आनंद भवन में कांग्रेसजनों ने राष्ट्रनेता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेश यादव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा में कहा गया कि नेहरू आधुनिकीकरण, समाजवाद और मिश्रित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। वे विश्व शांति के प्रतीक थे जिनका जीवन मानवता, गुटनिरपेक्ष आंदोलन, निशस्त्रीकरण और सामाजिक प्रगति के लिए आज भी प्रासंगिक है। वे न केवल 17 साल तक प्रधानमंत्री रहे बल्कि 20वीं सदी के महान नेताओं में से एक थे। वैभवशाली जीवन वाले नेहरू ने स्वाधीनता के लिए 14 कठोर साल जेल में रह यातनायें सहीं। वक्ताओं ने कहा कि जिस संविधान को मोदी सरकार आज खत्म करना चाहती है उसके मौलिक अधिकारों की संरचना नेहरू जी ने ही की थी। उन्हें जहां गरीबी, भूख, छुआ-छूत आदि जैसे भेदभावों से नफरत थी वहीं बेरोजगारी तथा अशिक्षा से भी घृणा थी।

यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने संचालन किया। बाद में कांग्रेसजनों ने बालसन चौराहा स्थित नेहरू की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

यूपी कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी, यूपीसीसी सदस्य फुज़ैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, रजनीश विश्राम दास, राकेश पटेल, गौरव पांडेय, हसीब अहमद, मनोज पासी, राज बहादुर गुप्ता, मानस शुक्ला, परवेज़ सिद्दीकी, सुरेश कुशवाहा, अजय श्रीवास्तव, केशव लाल आदि थे।

## सामाजिक समरसता में नाथपंथ का अवदान' विषयक संगोष्ठी आज

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0प्र0 प्रयागराज के तत्वावधान में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ की जन्म जयन्ती के अवसर पर 28 मई अपराह्न 3:30 बजे गाँधी सभागार हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0प्र0, प्रयागराज में 'सामाजिक समरसता में नाथपंथ का अवदान' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 आलोक चौहान - निदेशक. मेरठ इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलजी, मेरठ एवं मुख्य अतिथि डॉ0 शिखा दरबारी, मुख्य आयकर आयुक्त, प्रयागराज की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न होगा। संगोष्ठी के सम्मानित वक्ता के रुप में प्रो0 अमित कुमार उपाध्याय, राजनीति शास्त्र विभाग, दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर, डॉ0 अरुण कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ साहित्यकार, प्रयागराज, डॉ0 सूर्यकान्त त्रिपाठी, असि0 प्रो0, संस्कृत विभाग, दीनदयाल उपाध्याय विश्व विद्यालय, गोरखपुर प्रतिभाग करेंगे।

# अंग्रेजों जैसी कार्यशैली आज की पुलिस का

- अधिवक्ता रेहान को सिर्फ नारे लगाने के एवज में थाने में खींच कर पीटा

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने पुलिस की ज्यादतियों का विरोध करते हुए कहा कि आज की पुलिस अंग्रेजों के जमाने जैसा बर्ताव करने लगीं हैं जैसे अंग्रेज शासन में नारे लगाने पर पाबंदी थीं। उसी तरह का वाकया करैली थाने पर हुआ।

उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को करैली थाने पर 3 घंटे जबरजस्ती रखने के बाद जब खुद ही छोड़ा तो उनके थाने से बाहर आते ही स्वभाविक हैं कि वहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता कुंवर साहब जिंदाबाद के नारे लगाने लगे।

उन्होंने बताया कि उसी में अधिवक्ता रेहान अहमद भी थे जिनकों पुलिस घसीट कर थाने में ले गई और जब मैने उपस्थित अधिकारियों से कहा तो उन्होंने मुझे विश्वास में लिया कि आप जाय मै 10 मिनट में छोड़ दूंगा। जिसे रात भर नहीं छोड़ा और बुरी तरह से थाने में मारा भी दूसरे दिन न्यायालय से जमानत करा कर छुटा।

पूर्व मंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि उसका गुनाह क्या था। वह पढ़ा लिखा अधिवक्ता है। उसका गुनाह सिर्फ इतना है कि वह अपने नेता का जिंदाबाद के नारे लगा रहा था, यह गुनाह था कि वो रेहान अहमद था।

पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने बताया कि कुंवर रेवती रमण सिंह की गिरफ्तारी की सूचना पाकर सपा नेता हरी ओम साहू करैली थाने पहुंचे और सिर्फ इतना बोला कि किस वजह से कुंवर साहब को थाने लाये हैं। इतने में ही एसीपी बैरहना पुष्कर वर्मा ने बीसों थप्पड़ उनकी गाल पर जड़ते हुए कहा कि नेतागिरी करने आये हो यह हाल आज की बेलगाम पुलिस का ऐसे बेलगीम अधिकारियों पर लगाम नहीं लगीं तो जो थप्पड़ आज सपा कार्यकर्ता पर पड़ रहा है यहीं सत्ता परिवर्तन के बाद सत्ताधारी पर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पुलिस जनता की सेवक होती है आज वो मालिक बन रही हैं यह लोकतंत्र के लिए खतरा है।

## लाजमी लापरवाही से युवक की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उतरांव थाना क्षेत्र के बिरगापुर निवासी चंद्र प्रकाश स्वर्गीय दूधनाथ मजदूरी करके अपनी पत्नी और चार बच्चों का भरण पोषण करता है। बताया जाता है कि रविवार की शाम को उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। उसके पेट मे दर्द था। वह गांव के ही क्लिनिक में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के यहां दवा लेने गया तो डॉक्टर ने दवा देने की जगह ग्लूकोज चढ़ाने लगा और आरोप है कि गलत इलाज के कारण कुछ समय बाद ही चंद्र प्रकाश गौतम की मौत हो गयी। चन्द्र प्रकाश की मौत के बाद हंगामा होने लगा सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराने की कोशिश की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए श्रीनिवास मिश्र



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (सिरकोनी)** स्थानीय विकासखंड के गद्दीपुर में स्थित श्रीनिवास बालिका इंटर कॉलेज के संस्थापक श्रीनिवास मिश्र का सोमवार को पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर उनके पौत्र संतोष मिश्रा सग्गू ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कृतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी सोच यह थी की हमारे क्षेत्र बच्चे व बच्चियों को शिक्षा के लिए घर से बहुत दूर जाना पड़ता है। यदि क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना हो जाए तो अभिभावक व छात्रों को लाभ मिलेगा। जिससे अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे इसी सोच के साथ उन्होंने विद्यालय की स्थापना की थी। विद्यालय के समस्त कर्मचारी उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उनके कृतियों को नमन किया।

इस मौके पर विपिन मिश्रा, दिनेश मौर्य,कमलाकर दुबे ,सत्य प्रकाश मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, संतोषी राय, सीमा मिश्रा प्रधानाध्यापक व विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीएम ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को दिए दिशा-निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा के साथ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के मूल्यांकन भवन में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना की तैयारियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 04 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, पीने का पानी, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी, मीडिया गैलरी, माइक व्यवस्था, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति रहे और इसकी वैकल्पिक व्यवस्था भी कर ली जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर पवन कुमार को निर्देशित किया कि मोबाइल टॉयलेट, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि एंबुलेंस की व्यवस्था रहे इसके साथ ही मेडिकल बूथ बनाया जाए जिसमें चिकित्सक उपलब्ध रहे। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल को फ्लेक्सी और बैनर की व्यवस्था करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि मतगणना से सम्बंधित सभी प्रकार की तैयारी 31 मई 2024 तक पूर्ण कर ली जाए ताकि 04 जून को मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भैस और पड़वा भरी कन्टेनर सहित चार तस्कर दबोचे गये

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज टोलप्लाजा पर रविवार की रात को गोरक्षकों की सूचना पर पुलिस ने एक कन्टेनर में लदी 29 भैंसे तथा 40 पंडवा को पकड़ा। कन्टेनर के चालक सहित चार पशु तस्करों को भी पकड़ा गया। मुखबिर से मिली सूचना पर सिरकोनी ब्लॉक के गो सेवा अध्यक्ष सिरकोनी ब्लॉक रतन सिंह परमार, सन्दीप यादव, मिशेल सिंह, राज दुबे टोलप्लाजा पर मौजूद रहे। उन लोगो ने जलालपुर पुलिस को भी मौके पर बुलाया। देर रात को एक कन्टेनर आती दिखी। चालक कन्टेनर भगाने के चक्कर मे था।लेकिन उसे पकड़ लिया गया। कन्टेनर में चालक सहित चार लोग मौजूद रहे। पकड़े गए तस्करों ने बताया कि बिहार के औरंगाबाद जनपद से कन्टेनर में 29 भैंसे तथा 40 पड़वा 20 पण्डिया लादकर कानपुर ले जाया जा रहा था। थानाप्रभारी राजेश यादव ने बताया कि पकड़े गए तस्करों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभा को उभारना: आलोक



**अवधनामा संवाददाता**

- सिटी पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क समर कैंप का शुभारंभ

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को निःशुल्क 25 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर फीता काटकर उद्घाटन किया। समर कैंप में बच्चों ने मनोरंजन करती विधियों के साथ-साथ सीखने का प्रयास तथा खेल एवं कौशल विकास पर ध्यान दिया।समर कैंप के प्रथम दिन 180 बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट तथा पेंटिंग,डांस,खेल व जूडो कराटे आदि अन्य गतिविधियों को प्रस्तुत किया। जिसको लोगों ने खूब सराहना की।इस दौरान प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य एक तरफ जहां बच्चों का सर्वपक्षीय विकास करना है वही उनके भीतर छुपी प्रतिभा को उभारना भी है। उन्होंने सभी बच्चों क एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़े की अपील की। उन्होंने बताया कि बेटियों को स्वालंबी बनने के लिए आत्मरक्षा के गुर व संगीत साहित अन्य गतिविधियों को सिखाया जाएगा।इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव चंद तिवारी,जितेंद्र कुमार, सी.एल बिंद, आकाश शाही, किशन बिंद, भूमिला बिंद,रंजीत गुप्ता,सुभाष मिश्रा,, धृति केसरवानी व धर्मराज आदि लोगों ने सहयोग किया।

## अंकित पर भारी पड़ी हर्षित, सत्येंद्र व विकास की पारी

**प्रयागराज।** चंद्राकला यूनिवर्सल क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित आबिद मूर्तजा स्मारक अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले क्वाटर फाइनल मैच में कालिदास मेडिकल क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं।

इस जीत में हर्षित नारायण तिवारी की नाबाद ( 69 रन, 59 गेंद, 10 चौके ) व सत्येंद्र यादव के ( 78 रन, 48 गेंद, 16 चौके ) और विकास यादव की ( 50 रन, 39 गेंद, 7 चौके व एक छक्का ) की पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। कालिदास मेडिकल क्लब के अंकित यादव ने धमकेदार ( 72 रन, 25 गेंद,6 चौके, सात छक्के ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके।

सोमवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कालिदास मेडिकल क्रिकेट क्लब ने 31.3 ओवर में पूरी टीम 247 रन ( अंकित यादव 72, पियूष मिश्रा 46, रितेश गोंड 45, सत्यम सागर 19 रन, आदित्य मौर्या 3/68, मो. अनसी 2/55, विकास यादव 1/12, कमल चौहान 1/27 ) पर सिमट गई। जवाब में चंद्राकला यूनिवर्सल क्रिकेट क्लब की टीम ने 33.5 ओवर में सात विकेट पर 248 रन ( सत्येंद्र यादव 74, हर्षित नारायण तिवारी 69 नाबाद, विकास यादव 50, सचिन मिश्रा 22 रन, तन्मय केशरवानी 3/48, पियूष मिश्रा 1/19, मो. हम्माद 1/26, संदीप पटेल 1/41) पर बना लिए। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व अरुण कुमार ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कारिंग की।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** सेंट जेवियर्स स्कूल सम्मोपुर में सोमवार को समर कैंप का शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन विद्यालय आवासीय प्रबंध निदेशक अनिरुद्ध जायसवाल, शैक्षिक निदेशक देवेंद्र झा, प्राचार्य विनय पाण्डेय उप प्राचार्य तरनी श्रीवास्तव एवं प्राथमिक प्रभारी अंशिका सिंह आदि ने गुब्बारे उड़ाकर किया। यह समर कैंप 3 जून 2024 तक चलेगा। इस समर कैंप के माध्यम से स्कूल और बाहर के तमाम बच्चे गर्मी की छुट्टियों में कला कौशल सीखेंगें। हर बच्चे के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों को पढ़ाई से हटकर अतिरिक्त गतिविधियों, विभिन्न कलाओं एवं विधाओं में पारंगत करने के उद्देश्य से इस कैंप का आयोजन किया गया है। इस वर्ष समर कैंप में दिल्ली के प्रसिद्ध रंगमंच एवं नाटक कलाकार नवीन चौरे बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए विद्यालय में उपस्थित रहेंगे योगा, जुंबा डांस एवं क्लासिकल डांस के लिए पश्चिम बंगाल प्रसिद्ध एवं अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष शिक्षक इस शिविर में बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए 3 जून तक उपलब्ध रहेंगे। प्रति वर्ष बच्चों को ग्रीष्मावकाश का इंतजार रहता है ताकि वे समर कैंप का हिस्सा बन कर अलग-अलग चीजें सीखें और अपना सर्वोत्तम तथा सर्वांगीण विकास कर सकें। इस समर कैंप में स्विमिंग, स्केटिंग, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, डांस, म्यूजिक, योग,पेंटिंग, मार्शल आर्ट, मेहंदी सजाओ, मिड ब्रेन एक्टिवेशन, जुंबा डांस, टेबल टेनिस, इंडोर गेम आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में भट्ठे के मजदूर की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के निजामाबाद थाना क्षेत्र में बीती रात एक भट्ठा मजदूर की हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हत्या को लेकर मृतक की पत्नी और उसके बेटे पर आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निजामाबाद तहसील क्षेत्र के सराय भाऊ गांव में भठ्ठे पर मजदूरी करने वाले मजदूर श्रीराम पुत्र गंगा राम निवासी कोरबा छत्तीसगढ़ अपनी पत्नी और बच्चे के साथ गुड्डु यादव के भठ्ठे पर काम मजदूरी करता था। बीती रात उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। उसके शरीर पर काफी चोट के निशान थे। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निजामाबाद सच्चिदानंद यादव ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी पर शंका करता था कि उसका किसी से अवैध संबंध है।

इसी बात को लेकर रात में पत्नी धनश्वरी और बेटा राजा राम ने लाठी डंडे से पीटकर कर उसे मार डाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं क्षेत्र में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि हत्या संदिग्ध परिस्थितियों में की गयी है। पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है।

## स्वर साधक ने ससुराल में लगाये पौधे दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जौनपुर (खुटहन)** भजन गजल गायक एक्टर अवनीश तिवारी सोमवार को अपने ससुराल लवायन गाँव पहुंचे।वहा उन्होंने ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया , कहाँ की वृक्षों के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं।आज बढते तापक्रम के प्रभाव से हम सभी परेशान है वृक्षों की कटाई रोकने के साथ अधिक से अधिक पौधारोपण करने की आवश्यकता है। तिवारी ने आगे कहा कि पाकड़ पीपल बर्गद जैसे शितलाई देने वाले वृक्षों की संख्या कम होती जा रही है।

# हार की बौखलाहत से हतास मोदी भूल रहे है शब्दों की गरीमा: संजय

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह का आगमन प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव एडवोकेट के सिधारी स्थित आवास पर हुआ। जहां उन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा अंतिम चरण के चुनाव के लिए दिशा निर्देश दिए। प्रेस वार्ता एवं जलपान करने के उपरांत घोसी लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजीव राय की विभिन्न जनसभाओं के लिए प्रस्थान किया। वह वापस आकर आजमगढ़ में रात्रि विश्राम करने के उपरांत कल बनारस की रैली में सम्मिलित होंगे।

सांसद संजय सिंह ने प्रेस के सवालों का जवाब देते हुये कहा कि मोदी सरकार 2024 में जा रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है जिस तरह से मोदी पूरे विपक्ष को मंच से अनाप-शनाप बोल रहे हैं और जिस तरह से उनकी भाषा का स्तर गिरता जा रहा है उससे स्पष्ट है कि उन्हें जानकारी हो चुकी है कि जनता इस बार अपने देश के संविधान को बचाने के लिए, बेरोजगारी खत्म करने के लिए, सरकारी नौकरियां लेने के लिए, व आरक्षण की रक्षा करने के लिए मोदी के खिलाफ जमकर मतदान कर रही है। पीएम मोदी ने आज बिहार की महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिसे बिहार व देश की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हमें तो अंदेशा है कि जिस तरह से पीएम मोदी की भाषा बिगड़ी है आने वाले दिनों में वह मंच से गालियां भी दे सकते हैं। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर कि इंडिया गठबंधन का प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का प्रधानमंत्री पढ़ा लिखा होगा और पूरे पांच साल सरकार चलाएंगे। इस अवसर पर आजमगढ़ जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव, मऊ जिलाध्यक्ष विक्क्रमजीत सिंह, बलिया जिलाध्यक्ष सुशांत भारत, राजेश सिंह, डॉक्टर अनुराग, राजन सिंह, इंजीनियर सुनील यादव, कृपाशंकर पाठक, रमेश पांडे, रामरूप यादव, सुभाष यादव, गौरव यादव, उमेश यादव, रमेश मौर्य, रूपेश विश्वकर्मा, एमपी यादव, तनवीर रिजवी, डॉक्टर सरफुद्दीन, गोरख यादव, अनिल यादव, रमेश मौर्य, तनवीर रिजवी, सरफुद्दीन आदि साथी उपस्थित थे।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के 10 विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग, एजेंट (STBA) का आबंटन |
| स्टेशन सूची | सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है |
| अर्नेस्ट मनी | ₹2000/- for NSG-06 (रुपये दो हजार केवल NSG-06) वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के पक्ष में देय। |
| कार्य अवधि | NSG-06 (03 वर्ष) |
| आवेदन प्रपत्र का मूल्य | ₹1180/- (रुपये 1000 + 18% GST = 1180) |
| स्थान का नाम व पता जहां से आवेदन प्रपत्र प्राप्त किये जायेंगे | आवेदन, आवेदन बॉक्स नं.–5 जो कार्यालय के मुख्य द्वार पर आर०पी०एफ० कार्यालय के बगल में स्थित है, डाले जायेंगे। |
| आवदेन जमा करने का समय एवं तिथि तथा आवेदन खुलने की तिथि एवं समय | आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय 28.05.2024 को 11:00 बजे से 28.06.2024 समय 14:00 बजे तक। आवेदन खुलने एवं समय 28.06.2024 को 15:00 बजे |
| रेलवे की वेबसाइट का नाम जिसमें पूर्ण आवेदन का प्रपत्र देखा व डाउनलोड किया जा सके | आवेदन का प्रपत्र www.nr.indianrailways.gov.in से प्रपत्र से प्राप्त किये जा सकते हैं |

निविदा सूचना सं.: C/145-01/2024/May/STBA Dated: .05.2024 1574/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मायावती और अखिलेश यादव की सरकार में बंद हो गई चीनी मिलें

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पूर्वांचल के गन्ना किसानों का नब्ज टटोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं आज बहन मायावती और अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं कि कुशीनगर चीनी का कटोरा नाम से प्रसिद्ध था, लेकिन आपके समय में 5-6 चीनी मिलें बंद हुई जबकि हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू करने का काम किया गया है। 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि करने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया है। गन्ने की बुवाई का क्षेत्रफल भी 9 लाख हेक्टेयर बढ़ा है।

**पूर्वांचल के गन्ना किसानों का नब्ज टटोल गए गृहमंत्री अमित शाह**

1995 से 2017 तक सपा-बसपा ने गन्ना किसानों को सिर्फ 23 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया था, जबकि 2017 से 2024 तक 2 लाख 50 हजार करोड़ रूपए का भुगतान भाजपा की सरकार ने किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से गरीब कल्याण की योजनाएं और सबका साथ सबका विकास के आधार पर 140 करोड़ लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी सरकार की योजनाओं में कहीं कोई भेदभाव नहीं है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ विकसित भारत बनाने को मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार देश के 140 करोड़ लोगों के उत्थान व विकास के लिए काम किया है। विपक्षी जरूर वोटबैंक के लिए सरकारी योजनाओं में भेदभाव करते थे। मोदी और योगी सरकार के काम को देखते हुए जनता विपक्ष के दुष्प्रचार में आने वाली नहीं है। देश-प्रदेश के विकास के साथ ही भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने के लिए उसने पहले भी मोदी-योगी को चुना था और आगे भी बनाए रखेगी। जनसभा को राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, जिला प्रभारी शकुंतला चौहान, सांसद व प्रत्याशी विजय कुमार दूबे ने संबोधित किया।



मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते गृहमंत्री

## मंच से विजय दूबे का कद बढ़ा गए गृहमंत्री अमित शाह

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंच पर आते ही जनता का दिल जीत लिया। गृहमंत्री जब मंच पर पहुंचे तभी प्रवेश द्वार पर एक सुरक्षाकर्मी लोगों को आगे बढ़ने से रोक रहा था। यह देखकर श्री शाह अचानक माईक सम्हाल कर कहा कि किसी को मत रोको सबको आगे आने दो। इतना सुनते ही सारा पंडाल मोदी और अमित शाह की जयकारे से गूंज उठा। इसी तरह उत्साहित युवाओं को अपने जिगर का टुकड़ा कहा तो युवा गदगद हो गए। अपने सम्बोधन के समापन से पहले गृहमंत्री ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और भाजपा को वोट देने का सांसद व भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे का भी कद बढ़ा दिया। गृहमंत्री ने कहा कि कुशीनगर के विकास के लिए बाबा (विजय कुमार दूबे) मुझसे भी लड़ जाते हैं। इन्होंने कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय, अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेडिकल कालेज, चमचमाती सड़कें और रिकॉर्ड लोगों को आयुष्मान कार्ड,आवास, किसान सम्मान निधि, हर घर जल, उज्ज्वला कनेक्शन सहित मोदी सरकार की तमाम योजनाओं का सौगात दिलाया है।



जनसभा में उमड़ी भारी भीड़

# सीएम योगी के अपनेपन के भाव से विभोर हो गए श्रद्धालु

## लोकसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्तता के बाद भी मुख्यमंत्री की दिनचर्या जस की तस

अवधनामा संवाददाता



**प्रातःकालीन भ्रमण के दौरान गोरखनाथ मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से पूछा उनका कुशलक्षेम**

**गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी भाजपा के प्रत्याशियों के लिए एक-एक दिन में आधा दर्जन जनसभाओं में शामिल होने के बाद भी मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या और जनता से अनौपचारिक जुड़ाव की उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान उनकी प्रातःकाल की दिनचर्या में प्रभु एवं गुरुजन के प्रति आस्था निवेदन के साथ ही गोसेवा अभिन्न हिस्सा है। वह मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं से कुशलक्षेम पूछना नहीं भूलते हैं तो परिसर में परिजनों संग आए बच्चों को पास बुलाकर दुलारना और आशीर्वाद देना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में ये सारे दृश्य एक-एक करके नजर आए। मंदिर में श्रद्धालुओं के एक बड़े समूह को देखकर जैसे ही सीएम ने उनसे पूछा, कहां से आए हैं, यहां कोई परेशानी तो नहीं हो रही, सभी लोग मुख्यमंत्री के अपनेपन के भाव से विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। लोकसभा चुनाव प्रचार के कई कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। मंदिर परिसर स्थित अपने आवास में रात्र विश्राम करने के बाद रविवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात हर बार की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। इस दौरान परिसर में उनकी नजर बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं पर गई तो वह उनके पास पहुंच गए। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने आए इन श्रद्धालुओं में कुछ स्थानीय थे तो बहुत से लोग गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और छतीसगढ़ से आए थे। **कहां से आना हुआ, कैसे हैं, कोई तकलीफ तो नहीं-** मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से सभी से यह जानने के साथ कि वे कहां से आए हैं, उनका कुशलक्षेम भी पूछा। मुख्यमंत्री के अपनत्व के इस अंदाज से श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ गया और सभी जय श्रीराम, भारत माता की जय, गुरु गोरखनाथ जी महाराज की जय और योगी आदित्यनाथ जी महाराज की जय के नारे लगाने लगे। इन श्रद्धालुओं के साथ उनके बच्चे भी महायोगी गोरखनाथ का दर्शन करने आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को अपने पास बुला लिया, सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद देने लगे। उन्होंने बच्चों से उनका नाम, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा, खूब हंसी ठिठोली की और सभी को चॉकलेट देकर विदा किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोसेवा करना कभी नहीं भूलते हैं। सोमवार सुबह भी वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए वह गोशाला में पहुंचे। यहां गोवंश को उनके नाम से आवाज देकर अपने पास बुलाया। उन्हें रोटी-गुड खिलाकर उनकी सेवा की। कई गोवंश तो उनके हाथों से गुड़ रोटी खाने के बाद उनसे लिपटने लगे। सीएम योगी ने गोशाला के स्वयंसेवकों को भीषण गर्मी में गोवंश की देखभाल के लिए उठाए जाने वाले जरूरी कदमों को लेकर निर्देशित किया।

## .... अपने ही शहर में हम कितने बेगाने हैं




अवधनामा संवाददाता

**गौरीगंज (अमेठी)।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में रविवार को अवधी साहित्य संस्थान की ओर से आयोजित कवि गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना के साथ हुआ। कवि गोष्ठी का प्रारम्भ कवयित्री अर्चना ओजस्वी की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि गोष्ठी में कवियों एवं साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि श्री रामचरितमानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है जो कलिकाल का अमृत है। मुख्य अतिथि प्राचार्य अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अवधी अवध संस्कृति की पहचान है। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अवधी मधुरस ने पढ़ा कि अवधी हमरौ आन हौ अवधी हमरौ शान। याको मीठौ बोल सुनि मिसिरी घुलितौ कान। डॉ अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा कि जरा ने जरा दिया बचपना को भुला दिया देखते ही देखते जवानी को गंवा दिया। सुरेश शुक्ल नवीन ने पढ़ा कि ये गीत नही मेरे दिल के अफसाने हैं अपने ही शहर में हम कितने बेगाने हैं।ओज कवि अनिरुद्ध ने पढ़ा कि तन के उजले लेकिन मन के काले हैं आस्तीन में सांप विषैले पाले हैं। रामवदन शुक्ल पथिक ने पढ़ा कि अरमान अपना तोहर दिली तिरंगा है पहचान दुनिया में जो मिली तिरंगा है। जगदम्बा तिवारी मधुर ने पढ़ा कि जिसने पिया प्रेम का प्याला उसको विष क्या मारेगा।

## ताहिरा गीडा में फ्रेशर पार्टी का किया गया आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ताहिरा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज गीडा गोरखपुर के प्रांगण में फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। सोमवार को कॉलेज परिसर में डिप्लोमा प्रथम वर्ष के नवागत छात्राओं के लिए डिप्लोमा सेकंड ईयर के छात्राओं द्वारा किया गया जिसका शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर राहुल कुमार मिश्रा द्वारा किया गया संस्थान के सचिव द्वारा नवागत छात्र-छात्राओं को बधाई संदेश दिया और अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य के अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक तरह की रीती है जो आगे चलकर काफी यादगार बना होता है इनको यह समझते हुए परंपरा को जारी रखना चाहिए, संस्थान के बाद भी एक दूसरे की समझने का सही अवसर प्रदान करता है। छात्र-छात्राओं अपना प्रदर्शन किया इन छात्र-छात्राओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसके अंतर्गत नीरज कुमार को मिस्टर इवनिंग आरुषि गुप्ता को मिस फ्रेशर एवं प्रेम कुमार कनौजिया, को मिस्टर फ्रेशर से नवाजा गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राहुल कुमार मिश्रा समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षेत्तर गढ़ उपस्थित रहे।

## सर्वसमाज को मोदी की गारंटी पर भरोसा: पाठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, एमएलसी विजय बहादुर पाठक आज देवरिया लोकसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पहुचे और उपस्थित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चुनाव की स्थिति जाना।श्री पाठक 30 तारीख तक देवरिया में रहकर चुनाव को और धार देंगे।इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करती है। देश के सर्वसमाज को प्रधानमंत्री मोदी के गारन्टी पर पूरा भरोसा है इसलिये सर्वसमाज ने छह चरणों मे भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में मतदान किया है। इन चरणों मे भाजपा 400 सीटों के पास तक पहुच चुकी है अंतिम और सातवें चरण में 400 सीटों की संख्या पार कर जायेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने विपक्ष पर हमला बोलते हुये कहा कि सपा-कांग्रेस वाले अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए बाबासाहेब के संविधान को बदलना चाहते हैं। पूर्वांचल की जनता इस साजिश को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। सपा सरकार में पहले जनता थर-थर कांपती थी, लेकिन भाजपा सरकार में अब माफिया थर-थर कांप रहे हैं।

## जमीन कब्जा करने का प्रयास विरोध करने पर माँ बेटे को पीटा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के जीतपुर बाधागाड़ा में नेवासा पर रह रहे संतकबीरनगर जिले के एक व्यक्ति की जमीन को गांव के कुछ मनबढ कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर मां, बेटा को पीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से जनार्दन कन्नौजिया पुत्र स्व प्रद्युम निवासी तामेश्वरनाथ थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर जो गीडा थाना क्षेत्र जीतपुर बाधागाडा में 20 वर्ष से नेवासा पर रहता है। कुछ जमीन खाली थी। जिसमे पिलर खड़ा कर रखा है। गांव के कुछ लोग जमीन कब्जा करने का प्रयास में लगे हुए थे। 26 मई को चार की संख्या में मनबढ भूमि कब्जा करने का प्रयास किए तो पत्नी और बेटे ने विरोध किया तो आरोपी पत्नी कमलावती, बेटा अर्पित को पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने घूरे, मनीष, सुरेंद्र, विजय के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## 29 को आएंगे अमित शाह भाजपा ने की तैयारी बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुरवा स्थित भाजपा के लोकसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में आगामी 29 मई को गृह मंत्री अमित शाह की होने वाली जनसभा की तैयारी के लिए बैठक की गई। मुख्य अतिथि शिक्षक स्नातक विधान परिषद के सदस्य और रैली के प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस रैली को हम जितना सफल बना ले जायेंगे उतना ही चुनाव हमारे पक्ष में अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के जनहित के कार्यों को देखते हुए जनता को मोदी जी पर पूरा भरोसा है अमित शाह जी संगठन के मर्मज्ञ हैं और संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिए आ रहे हैं चूंकि भाजपा के कार्यकर्ता हर समय पार्टी के अभियानों में व्यस्त रहते हैं और इस समय चुनाव अंतिम चरण में पहुंच चुका है थोड़ा सा थकान स्वाभाविक है लेकिन हमारी परंपरा चरैवेति चरैवेति की रही है इसलिए जब तक अंतिम चरण का रण समाप्त नहीं हो जाता हमे पूरे उत्साह के साथ इस रैली को सफल बनाना है। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि सभी लोग अपने अपने प्रभार वाले क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या लायेंगे। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पिछले 26 मई को मोदी जी की सफल रैली के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आगामी 29 मई को देश के गृह मंत्री अमित शाह की रैली को भी और मेहनत करके सफल बनाएंगे।

## अखिलेश प्रताप सिंह ने किया जनसंपर्क

**देवरिया।** इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह आज फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के भठवा, पचरुखिया, परसौनी, नोनियापट्टी, धनहा चौराहा, बेइली, मतिहिनिया, कटाया मैनुद्दीन, बेलवा बाकुलहर, महुआवा, देवीचक, बसडीला दुर्जन, जोकवा खुर्द, सोहंग, महुआवा खुर्द सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि सत्तासीन जनप्रतिनिधियो ने फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से अछूता है इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है ना कृषि के संसाधन ना अच्छी सड़के है इस क्षेत्र के छात्रों के समुचित उच्च शिक्षा की व्यस्था नही है,महिलाओं के स्वरोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण समाज का हर वर्ग परेशान,हताश और निराश है। अगर आपका आशीर्वाद मिला तो ये सभी कार्य मेरी प्राथमिकता में होगी और यहां का विकास अपने आप में एक उदाहरण होगा।

# नशे का आदि कलयुगी औलाद ने चापाकल के हैंडिल से मां-बाप पर किया वार, मौके पर दोनो की मौत

अवधनामा संवाददाता



**मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है**

**गोरखपुर।** जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र गोला थानां के फतेहपुर में हृदय विदारक घटना सामने आया ,जहां एक कलयुगी नशेड़ी पुत्र ने रविवार की रात को सोते समय अपने मां-बाप का सिर फोड़कर हत्या कर दी और फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने घटनास्थल के निरीक्षण करने के साथ परिवार के अन्य लोगों का बयान दर्ज किया।

गांव के अनुसूचित बस्ती के 75 वर्षीय राजपति अपनी पत्नी 73 वर्षीय पत्नी मुराती देवी के साथ घर के बरामदे में सोये थे। घर की महिलाएं व बच्चें गर्मी के कारण छत पर सोए थे। उनके तीन पुत्रों में से बड़े दोनों पुत्र रामआशीष व शंकर मुंबई रहते हैं। एक सप्ताह पूर्व शंकर घर आए थे और रविवार को घर के बगल से दूसरे गांव गई बारात में गए थे। रात करीब एक बजे उनका छोटा पुत्र देवानंद कहीं से आया और घर के चापाकल में लगा हैंडिल निकाल लिया। उसी हैंडिल से सबसे पहले अपने माता के सिर पर हमला कर दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद पिता के सिर पर भा हमला कर दिया। वे गंभीर रूप से घायल हो गए और तड़पने लगे। उसके बाद वह फरार हो गया। शोर सुनकर घर की महिलाएं नीचे आई और घायल पिता को बड़हलगंज स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। मौके पर उपस्थित लोगों का कहना है कि देवानंद नशेड़ी व्यक्ति है। वह शराब के साथ गांजा, भांग आदि का भी सेवन करता है। उसके नशा करने के कारण ही उसकी पत्नी अपने दो पुत्रों और एक पुत्री के साथ मायके में रहती है। माता-पिता नशा करने से रोकते थे। जिसके कारण अक्सर विवाद होता रहता था। उसे लगता था कि उसकी पत्नी और बच्चों को माता पिता ने भड़काया है। इस संबंध थानाध्यक्ष मधुपनाथ मिश्र ने कहा कि शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपित फरार है। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने कहा कि आरोपित की तलाश की जा रही है, जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## पूर्व कांगेसी सांसद के परिवार ने जताई गोरक्षपीठ के प्रति आस्था

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर के पूर्व कांग्रेसी सांसद स्वर्गीय नरसिंह नारायण पांडेय के परिवार ने गोरक्षपीठ एवं गोरक्षपीठाधीश्वर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा को पूर्ण समर्थन देने की बात कही है। इस सिलसिले में पूर्व सांसद के पौत्र रोहन पांडेय ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री से मिलकर परिवार की तरफ से एक पत्र सौंपा और सीएम योगी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम योगी को सौंपा गया यह पत्र पूर्व सांसद नरसिंह नारायण पांडेय की पुत्रवधू बिंदु पांडेय ने लिखा है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार ने 2022 में ही कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। बिंदु पांडेय ने लिखा है कि अस्वस्थ होने के कारण वह खुद मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेने नहीं आ पा रही हैं इसलिए बड़े बेटे रोहन पांडेय के हाथों आस्था प्रकटीकरण और समर्थन का यह पत्र भेज रही हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व बिंदु पांडेय ने मंदिर आकर सीएम योगी का आशीर्वाद लिया था। उनके ससुर नरसिंह नारायण पांडेय गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए थे। वह राज्यसभा और विधान परिषद के भी सदस्य रहे।

## पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चलेगा स्वच्छता अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 29 मई को होने वाले गृह मंत्री अमित शाह की रैली को देखते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में तथा रैली प्रभारी एमएलसी अवनीश सिंह पटेल और प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक की उपस्थिति में शहर के सुभाष चौक पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की सफाई कर शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने दी।

## गैस सिलेंडर फटने से लगी आग

**अमेठी।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के मल्लेपुर मजरे भोजपुर में रविवार देर शाम खाना बनाते समय सिलेंडर में हुए विस्फोट से आग लगने से ग्रामीण का छप्पर के अंदर रखा एक लाख रुपए नगदी और लाखों रुपए के जेवरात सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गई वही मौके पर छप्पर के अंदर परिवार के कोई भी सदस्य मौजूद न होने से परिजन बाल-बाल बच गये है। सोमवार को हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया है। भादर विकास खण्ड के मल्लेपुर मजरे भोजपुर गांव में रविवार की देर शाम ग्रामीण मक्खन यादव के छप्पर के आशियाने में खाना बनते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से विस्फोट हो गया। देखते ही देखते चंद मिनटों में छप्पर के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। गैस सिलेंडर में आग लगने व विस्फोट के समय छप्पर के अन्दर परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं थी। इस लिए परिवार के सभी सदस्य तो बाल-बाल बच गए।

# माकड्रिल के साथ भीषण गर्मी में आग से सुरक्षा को हुआ जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** भीषण गर्मी में बढ़ रही आग की घटनाओं को लेकर एसपी के निर्देश पर फायर सर्विस अमेठी द्वारा सोमवार को जगदीशपुर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित जाफा कामफिड इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में कर्मचारियों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया गया। आग लगने के कारण और आग बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

अग्निशमन उपकरणों के रखरखाव और उपयोग के संबंध में अग्निशमन अधिकारी अमेठी शिवदरस प्रसाद द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया और मॉकड्रिल कराया गया। मॉकड्रिल में ओमप्रकाश सिंह अग्निशमन द्वितीय अधिकारी जगदीशपुर और फायर मैन पवन सिंह आशीष कुमार सिंह और दीपेन्द्र कुमार और फैक्ट्री के एच आर मैनेजर अजीत सिंह यादव सहित सौ से अधिक कर्मचारी शामिल रहे।फायर सर्विस के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मोमबत्ती चिराग अंगीठी का अगर इस्तेमाल करना पड़े तो उसे सुरक्षित स्थान पर करें। कुकिंग गैस सिलेण्डर में लीकेज का आभास होते ही पास-पड़ोस की अन्य जलती हुई वस्तुओं को तुरन्त बुझा दें। जब तक घर का वायुमण्डल शुद्ध न हो जाए माचिस न जलाएं। लीक करने वाले सिलेंडरों को तुरन्त घर के बाहर खुले स्थान पर निकाल कर रख दें और गैस कम्पनी को सूचित कर साथ ही साथ गैस लीकेज बन्द करने का प्रयास करें।रात में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्व बन्द करना न भूलिए। गैस का सिलेण्डर सदैव खड़ा रखें। उपकरणों की खराबी के संबंध में जल संस्थान और अग्निशमन केन्द्र को तुरन्त शिकायत करें। आग लगने पर फायर बिग्रेड को टेलीफोन करके अवश्य बुलवाएं इसकी सेवायें हर समय निःशुल्क उपलब्ध हैं। अपने क्षेत्र के फायर स्टेशन का टेलीफोन नम्बर याद रखें। नम्बर याद न होने पर पुलिस थाने पर भी आग की सूचना दी जा सकती है। बिजली की आग होने पर सबसे पहले बिजली के मेन स्विच ऑफ कीजिए उसके बाद कार्बनडाई आक्साईड या ड्राई पाउडर एक्सटिंग्यूशर या सूखी मिट्टी और बालू से आग को बुझाना चाहिए।

# अनुपस्थित मतगणना कार्मिक आज प्राप्त करें प्रशिक्षण




अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के क्रम में बीते 27 मई, 2024 को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक उदित नारायण इण्टर कालेज, पड़रौना, जनपद कुशीनगर में मतगणना कार्मिकों के प्रथम प्रशिक्षण में 66 पार्टी के कुल 264 मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाना था, जिसमें 21 मतगणना कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। उक्त अनुपस्थित कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि आज 28 मई को प्रातः 10 बजे प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक का वेतन बाधित कर, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अधीन एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**अन्यथा की जायेगी कठोर दंडात्मक कार्यवाही**

## 69 का हुआ पोस्टल बैलेट से मतदान

आज कुल 69 मतदान कार्मिकों के द्वारा पोस्टल बैलेट फैसिटिलेशन सेंटर पर पोस्टल बैलेट से मतदान किया गया जिसमे 38 देवरिया आंशिक कुशीनगर, 31 लोग कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र से हैं, 302 लोगो को ईडीसी जारी किया गया।

## 4 जून को आठ बजे से शुरू हो जाएगी मतगणना

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिला निर्वाचन उमेश मिश्रा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतगणना के सम्बंध में सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 का मतदान दिनांक 01 जून, 2024 को समाप्त होने के पश्चात ईवीएम/वीवीपैट को सुरक्षित उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना में 331-तमकुहीराज एवं 332-फाजिलनगर विधान सभा तथा उदित नारायण इण्टर कालेज, पडरौना में 329-खड्डा, 330-पडरौना, 333-कुशीनगर, 334-हाटा एवं 335-रामकोला (अ0जा0) विधान सभा के बने स्ट्रांग रूम में जमा किया जायेगा। जमा ईवीएम/वीवीपैट से मतों की गणना का कार्य भी उपरोक्त स्थानों पर दिनांक 04 जून, 2024 को किए जाने हेतु स्ट्रांग रूम प्रातः 06:30 बजे खोला जायेगा, एवं प्रातः 08 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से अनुरोध है कि दिनांक 04 जून, 2024 को प्रातः 06 बजे तक उपरोक्त स्थान (मतगणना स्थल) पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

## एक को रहेगा सार्वजनिक अवकाश : डीएम

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया है की राज्यपाल द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोजन के लिए जनपद कुशीनगर में दिनांक 01 जून 2024 दिन शनिवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु दिनांक 01 जून 2024 (शनिवार) को जनपद कुशीनगर में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# कड़ी चाक-चौबन्ध व्यवस्था के बीच 4 जून को मतगणना: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में गणना कार्मिकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर के एमजी कॉलेज में किया गया जिसमें कार्मिकों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच मण्डी समिति शिकोहाबाद में निष्पक्ष, पारदर्शी व्यवस्था के साथ मतगणना सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

मण्डी समिति शिकोहाबाद में पुलिस व जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4 जून को प्रातः 8 बजे से जनपद की सभी पांचो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रारम्भ होगी। मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शहर के एम जी कॉलेज में गणना कार्मिकों के चल रहें प्रषिक्षण में सोमवार को जिलाधिकारी रमेष रंजन ने पहुंचकर कार्मिकों का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हे सम्बोधित किया और प्रषिक्षण की गुणवत्ता को जानने के लिए उन्होने अलग-अलग कार्मिकों से सबाल-जबाव किए तथा मतगणना प्रक्रिया की बारिकियों को भी समझाया। प्रषिक्षण के दौरान उन्होने बताया कि मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मण्डी समिति शिकोहाबाद पर कार्मिकों को प्रातः 6 बजे अनिवार्य रूप से पहुचना है। कार्मिक निर्धारित स्थान पर बने डिकोडिंग काउटर से मतगणना टेबल संख्या का डयूटी आदेष प्राप्त करेंगे। उन्होने कहा कि मतगणना हॉल में कोई भी मतगणना कार्मिक मोबाइल फोन लेकर नही जाएगें, परिचय पत्र एवं डयूटी आदेष लेकर आवंटित



मतगणना टेबल पर बैठेंगे। उन्होने सभी कार्मिकों को स्पष्ट रूप से कहा कि वह गणना के दौरान पूरी तरह निष्पक्ष रहें व दिखें भी, मतगणना के समय पूर्ण गोपनीयता रखें, मतगणना की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारम्भ करें, गणना से पूर्व कंटोल यूनिट पर लगे एड्रेस टैग की भलि भांति जांच कर लें और गणना समाप्त के बाद कंट्रोल यूनिट को स्वीच ऑफकर कैरी कैष में रख दे। उन्होने कहा कि गणना परिणाम पर अभिकर्ता से समय समय पर हस्ताक्षर कराए। उन्होने मतगणना में लगे सभी कार्मिकों को यह भी निर्देष दिए कि वह अपनी निर्धारित मतगणना टेबल छोडकर न जाए, गणना अभिकर्ताओं के साथ परिणाम या वोटिंग ट्रेन्डस पर बातचीत न करें। गणना अभिकर्ताओ से दोस्ती बनाने व निभाने की कोषिष न करें, किसी बहस में न पड़े, किसी भी स्थिति में मतगणना की गोपनीयता भंग न करें और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देषों का अक्षरषः पालन करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुषल मतगणना सम्पन्न कराए।

मतगणना विधानसभा वार मतगणना चक्रों के अनुसार होगी, जिसमें विधानसभा जसराना में गणना चक्रों की संख्या 32 रहेगी, इसी प्रकार से टूण्डला में 31, फिरोजाबाद में 30, शिकोहाबाद में 28 व सिरसागंज में 27 चक्रों की संख्या रहेगी। एक चक्र की गणना में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा इस प्रकार से एक घटें में 6 चक्र की गणना पूरी होने की सम्भावना होगी। मतगणना में अलग से माइक्रो ऑब्जर्वरस भी तैनात रहेंगे जो प्रेक्षक के निर्देषन में कार्य करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है, इसका मुख्य कार्य अपनी मेज पर निष्पक्ष मतगणना की देख रेख करना होगा। मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर प्रत्येक चक्र में अलग-अलग प्रपत्र पर रिपोर्ट तैयार कर प्रेक्षक को उपलब्ध कराएगें और मतगणना के अंत वह प्रेक्षक की आज्ञा के अनुसार ही मतगणना स्थल से प्रस्थान करेंगे। प्रषिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, मास्टर ट्रेनर अशोक अनुरागी, के एम सिंह, अष्वनी जैन, डिप्टी कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार, समस्त एसडीएम व तहसीलदार एवं मतगणना कार्मिक उपस्थित रहें।

# दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पालीवाल पी.जी. कॉलेज शिकोहाबाद में नवाचारों की खोज विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी के दूसरे दिन मुख्य अतिथि प्रो. राजेश धाकरे पूर्व कुलपति महाराजा सूरजमल यूनिवर्सिटी भरतपुर ने समापन समारोह में आए हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विदाई भाषण में आधुनिक समय में प्लास्टिक को सबसे बड़ी समस्या बताया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक आज कल मानव के शरीर के हृदय, किडनी और रक्त वाहिनियों में पहुंच गया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा. विजय कुमार यादव (निदेशक सीड्स और फार्म, सीएसके कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर) ने विचार व्यक्त किए। वहीं अतिथि डा. महेश यादव (प्रधान वैज्ञानिक, एनबीपीजीआर, नई दिल्ली) ने आज के वातावरण के अनुसार स्मार्ट फसल को विकसित करने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया। संगोष्ठी के आयोजक सचिव डॉ मनीष कुमार ने दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रो प्रवीण कुमार प्राचार्य पालीवाल कॉलेज शिकोहाबाद, कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रेम प्रभाकर, पुष्कर सिंह, डॉ. एमपी सिंह, प्रवीन कुमार पालीवाल, डा. विशाल पाठक, डा. अजय करण चौधरी, डा. होज़ेफा सगीर, डा. सुशील कुमार मिश्रा, डा. आर बी पांडेय, डा. शरद मित्तल, सुनील कुमार पटेल, शालू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नाजायज़ चरस सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त चन्द्रशेखर को 2.500 किलोग्राम नाजायज चरस सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त चन्द्रशेखर पुत्र सुरेश राठौर निवासी उमा ग्लास के सामने गली में हिमांयुपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को 2.500 किलोग्राम नाजायज चरस सहित सीएल जैन कालेज के पास नाले की पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के मु0अ0सं0 347/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गोमती मित्रों ने की मानसिक दिव्यांग की सेवा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** विगत कई वर्षो से नगर के अभिजात्य इलाके सिविल लाइन में अलग-अलग स्थान पर भटकता मानसिक दिव्यांग व्यक्ति पड़ा रहता था। जो वर्तमान में अग्निशमन विभाग के पीछे सिंचाई विभाग की कॉलोनी के ठीक सामने खुले आसमान के नीचे चाहे तपती धूप हो,भीषण सर्दी हो,बरसात हो निर्वस्त्र बैठा रहता है। उसे जिला चिकित्सालय में कार्यरत अखिलेश श्रीवास्तव की प्रेरणा से गोमती मित्रों ने सोमवार सवेरे नहलाया धुलाया। उसके नाखून जो लगभग एक-एक इंच लंबे हो गए थे, उन्हें काटा।नए वस्त्र पहनाये।दिनकर सिंह ने बताया की संभवतः किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसका एक पैर भी टूट गया है,जिसके लिए गोमती मित्रों ने विचार किया कि किसी चिकित्सक को दिखा कर उसकी सलाह से ऑपरेशन की व्यवस्था भी की जाएगी। यदि संभव हुआ तो उसे सीता कुंड धाम पर किसी शेड का निर्माण कर वहां स्थाई रूप से स्थानांतरित कर दिया जाएगा।गोमती मित्रों के इस सेवा कार्य की उस मार्ग से आते-जाते राहगीरों ने न केवल प्रशंसा की, बल्कि आशीर्वाद भी दिया।सेवा कार्य में अखिलेश श्रीवास्तव,संजीव शुक्ला,नरेंद्र मिश्रा, राजेश पाठक, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, आलोक तिवारी आदि शामिल रहे।

# माइंड पॉवर इंटरनेशनल स्कूल ने अपने स्टूडेंट्स को उत्तराखंड में कराया ग्रीष्मकालीन शैक्षणिक भ्रमण



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन भ्रमण के अंतर्गत सभी स्टूडेंट्स प्रिंसिपल तरुण शंखधर के सानिध्य में उत्तराखंड के भीमताल में स्थित माइंड पॉवर यूनिवर्सिटी पहुँचे जहाँ 1 रात विश्राम के पश्चात अगले दिन सभी स्टूडेंट्स मनोरा पीक पर बेलूबखान स्थित आर्यभट्ट रिसर्च सेंटर पहुँचे जहाँ के चीफ डायरेक्टर प्रोफेसर बनर्जी ने सभी स्टूडेंट्स को इंस्टीट्यूट में इंट्री परमिट प्रदान किया ,सभी को ज्ञात है इस इंस्टिट्यूट में आसानी से प्रवेश नहीं मिलता है लेकिन माइंड पॉवर यूनिवर्सिटी के चांशलर श्री योगेश यादव की सिफारिश के चलते यहाँ डच्चै के स्टूडेंट्स को आसानी से प्रवेश मिल गया यहाँ एशिया की सबसे बड़ी ऑप्टिकल टेलिस्कोप है यहाँ के वैज्ञानिकों ने सभी स्टूडेंट्स को साइंस से संबंधित प्रयोग सिखाये ,आर्यभट्ट इंस्टिट्यूट का सफर सभी के लिये यादगार रहेगा। अगले दिन स्टूडेंट्स ने मस्ती करते हुए सातताल स्थित एडवेंचर सेंटर पर कई एडवेंचर करके आनंद उठाया ,अगले दिन सभी स्टूडेंट्स ट्रेकिंग के लिये भीमताल के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित चोटी पर गए जहाँ सभी ने बहुत आनंद लिया ,सभी को ज्ञात है कि डच्चै के प्रिंसिपल श्री तरुण शंखधर नैनीताल के मूल निवासी है अपने स्टूडेंट्स को अपने गृह नगर में देखकर उन्होंने बहुत प्रसन्नता व्यक्त की, स्टूडेंट ने साततालमें वोटिंग करने का लुफ्त उठाया ,अन्य दिनों में स्टूडेंट्स हनुमान मंदिर गए। सभी स्टूडेंट्स अपने बीच में श्री योगेश यादव को पाकर बहुत खुश हुए ,श्री योगेश यादव अपने विनम्र स्वभाव की वजह से जाने जाते हैं उनके व्यक्तित्व की एक बहुत बडी खासियत ये है कि वे स्टूडेंट्स के बीच में उनके दोस्त बनकर हंसी हंसी में कई ट्रेनिंग पॉइंट सिखा देते हैं, माइंड पॉवर यूनिवर्सिटी की कुलपति श्रीमती स्वेता गवली जी ने सभी स्टूडेंट्स को मातृ सानिध्य प्रदान किया।

# न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर की अध्यक्षता में 27 मई 2024 को जिला कारागार में औचक निरीक्षण किया गया। जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार में पुरूष बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बैरकों में बन्दियों के स्नानघर और शौचालय तथा पानी की टंकी तथा पीने के पानी का भी निरीक्षण किया गया और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया और बीमार बन्दियों ने बताया कि उनका इलाज समय से हो रहा है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षित किये गये ए.आर.ओ. व मास्टर ट्रेनर्स

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में नियुक्त किये गये 88 मास्टर ट्रेनर्स का कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर, बहराइच में 04 जून 2024 को सम्पन्न होने वाली मतगणना के लिए नियुक्त किये गये मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्ज़र्वर व मतगणना सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गणना का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्मिक पूरी शालीनता, धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गणना का कार्य सम्पन्न करायेंगे। सीडीओ ने सहायक रिटर्निंग आफिसर्स व मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिया कि मतगणना के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का भली प्रकार से अध्ययन कर लें ताकि मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या न आये। सीडीओ ने कहा कि मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यह बात ज़रूर बता दी जाये कि किसी भी प्रकार की शिथिलता, संदिग्धता, संलिप्तता की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए कार्मिक स्वयं उत्तरदायी होंगे। सभी कार्मिक मतगणना समाप्ति के उपरान्त एआरओ से कार्य मुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करके की मतगणना परिसर छोड़ेगे। सभी कार्मिकों द्वारा मतगणना प्रारूप के समस्त कालम को स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरेंगे तथा तथा मतदेय स्थल का क्रमांक तथा जहां कहीं भी अंक लिखने की आवश्यकता होगी वहा अंग्रेज़ी का अंक लिखना अनिवार्य होगा।

प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के वर्मा द्वारा ई.वी.एम. की मतगणना प्रक्रिया, ई.वी.एम. में दर्ज मतों की गणना, ई.वी.एम. मतों और वी.वी.पैट पर्चियों की गणना से सम्बन्धित विशेष मामलों में की जाने वाली कार्यवाही, वीवीपैट पर्चियों की गणना के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही के साथ-साथ डाक मतपत्रों की गणना प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। डाक मतपत्रों की गणना के सम्बन्ध में डाक मतपत्रों का सत्यापन व डाक मतपत्रों की गणना के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर्स तथा मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया अपना राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रेरणा दिवस

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारी हित एवं सामाजिक हित हेतु सदैव अग्रसर रहने वाला एक मात्र संगठन है। जनपद में लोक सभा चुनाव के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ व्यवसायियों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के बावजूद संगठन ने अपने प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रेरणा दिवस को भव्यता पूर्वक किशोरी वाटिका में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष द्वारा की गई सफल संचालन जिला महामंत्री मनीष साहू द्वारा किया गया। 26 मई 1979 में अमीनाबाद लखनऊ में व्यावसायिक हितों के लिए प्रदर्शन करते वक्त हरीश चंद्र अग्रवाल पुलिस की गोली का शिकार हो गए थे, इसी वजह से संगठन हर वर्ष स्वः हरिश्चंद्र अग्रवाल जी के सहादत दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाता है, जिसके अंतर्गत स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 21 व्यवसायीयों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगठन के क्षेत्रीय प्रभारी अवध क्षेत्र अमर बहादुर सिंह ,संरक्षक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय जायसवाल, जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया, जिला वरिष्ठ महामंत्री अम्बरीश, जिला उपाध्यक्ष अवधेश, जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरी, जिला मंत्री अरविंद पांडेय, व चंद्रदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष परितोष गुप्ता, नगर महामंत्री दीपक जायसवाल, जिला युवा महामंत्री अंकित अग्रहरि, नगर उपाध्यक्ष आदित्य अग्रहरि, नगर युवा महामंत्री रोहित चौरसिया,नीलेश कुमार आदि कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# क्यों देते हो झटका, जल्दी भर दो मटका : बु.वि.सेना

- ऐसी क्या जिम्मेदारी निभाते हो, बूंद बूंद को तरसाते हो
- बु.वि.सेना का पेयजल संकट को लेकर जलसंस्थान पर मटका फोड़ प्रदर्शन
- पेयजल व्यवस्था दुरुस्त होने तक टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की जाये

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना का जंगी मटका फोड़ प्रदर्शन सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में जल संस्थान पर किया गया। बैठक में भीषण गर्मी के मौसम में ललितपुर शहर में गहराते पेयजल संकट पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई। इस मौके पर क्यों देते हो झटका, जल्दी भर दो मटका तथा ऐसी क्या जिम्मेदारी निभाते हो, बूंद- बूंद के तरसते हो के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। कार्यकर्ताओं ने पेयजल संकट के विरोध में अपने साथ लाये दर्जनों मटके जलसंस्थान पर फोड़ कर अपना विरोध जताया। अपनी मांगों का एक ज्ञापन अधिशासी अभियन्ता जलसंस्थान को सौंपते हुए निर्बाध जलापूर्ति करने की मांग की गई। सेना प्रमुख ने कहा कि जल संस्थान की अकर्मणता, लापरवाही और घोर संवेदनशून्यता की वजह से शहर में जल संकट व्याप्त हो गया है। उन्होंने कहा है कि हर साल केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा पेयजल के नाम पर करोड़ों का बजट रिलीज किया जाता है परंतु हमेशा की तरह धरातल पर कोई आशा नजर नहीं आती है। सरकार द्वारा वर्तमान पेयजल की अमृत योजना का उद्देश्य घर-घर पेयजल की आपूर्ति करना है, परंतु यह योजना मात्र अखबारों की खबर होकर रह गई है। उन्होंने कहा कि जिला ललितपुर सिटी ऑफ डेम होने के बावजूद आज शहर में पीने के पानी के लिए हाहाकार मची हुई है। गोविन्दसागर बांध के माध्यम से शहर में पीने के पानी की सप्लाई की जाती है। गोविन्द सागर बांध में पानी की क्षमता पर्याप्त होने बाबजूद शहर में निर्बाध गति से सप्लाई नहीं हो पा रही है और जो कुछ भी थोड़ी बहुत पानी की सप्लाई होती है तो उससे नलों में गन्दा बदबूदार पानी आ रहा है। जिस कारण संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि शहर के अनेक घरों के नलों से पानी गायब है। सुबह होते ही पूरे शहर में पानी किए हाहाकार मच जाती है। नेहरू नगर से लेकर, गोविन्द नगर तक तथा गाँधीनगर से लेकर पटेल नगर तक शहर के चारों कोनों में पानी की आपूर्ति लडखड़ाई हुई है। विष्णुपुरा, नारायणपुरा, पठापुरा, खिरकापुरा, लेडिया, नेहरू नगर, स्टेशन क्षेत्र, चौबयाना, सरदारपुरा, छत्रसालपुरा, मउठाना, पुरानी बजरिया में तो कई हफ्तों से नल सूखे हुए हैं। जिलाधिकारी से उन्होंने माँग की है कि स्वच्छ पेयजल की निर्बाध रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने जिलाधिकारी से यह भी माँग की कि जहाँ जहाँ जलसंस्थान के पाईपलाईनों से सप्लाई नहीं हो पा रही है, वहाँ पर टेंकरों द्वारा पानी की सप्लाई की जानी चाहिए तथा टेंकरों को दबंगों के चुंगल से बचाकर सुपात्र जरूरतमंदों को जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। इसके अलावा पूरे शहर में खराब पड़े हेण्ड पम्पों को अबिलम्ब ठीक कराकर उन्हें चालू किया जाये। अन्यथा की स्थिति में बुन्देलखण्ड विकास सेना उग्र आन्दोलन छेडने के लिए बाद्ध हो जायेगी। मटका फोड़ प्रदर्शन के दौरान महेन्द्र अग्निहोत्री, राजमल बरया, सुधेश नायक, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, हेमंत रोड़ा, मगन सोनी, आनन्दमोहन दुबे, परवेज पठान, विनोद साहू, कदीर खां, राजकुमार कुशवाहा, अमरसिंह बुन्देला, लक्ष्मी अहिरवार, महेन्द्र सोनी, प्रेमशंकर गुप्ता, हनुमत, नन्दराम कुशवाहा, गफूर खान, पुष्पेन्द्र शर्मा, गौरव विश्वकर्मा, पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा, नन्दू सोनी, बृजेन्द्र पारासर, दीपक सेन, प्रदीप साहू, कैलाश मुंशी, प्रदीप प्रजापति, गफूर खां, टिंकू सोनी, पुष्पेन्द्र बुन्देला, अमित जैन, प्रमोद धानुक, रवीन्द्र बार, खुशाल बरार, कामता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिविर में विद्वान दे रहे धर्म की सीख

**ललितपुर।** नगर के सिविल लाइन स्थित श्रीस्याद्वाद बाल संस्कार केंद्र एवं श्री वर्णी जैन कान्वेंट स्कूल चांदमारी में पं.टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर द्वारा संचालित श्रीदिगंबर जैन स्वाध्याय मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में वीतराग विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में बालक- बालिकाओं एवं युवाओं को जैन धर्म के मूलभूत सिद्धांतों का ज्ञान कराया जा रहा है। शिविर में देश-विदेश के ख्याति प्राप्त विद्वानों द्वारा व्याख्यान मालाओं एवं प्रौढ़ कथाओं द्वारा श्रावक धर्म के महत्व और आत्मा के स्वरूप को बता रहे हैं। बच्चों को जैनधर्म की शिक्षा देकर उन्हें संस्कारवान बनाया जा रहा है। प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे प्रमुख रूप से डा.मनीष जैन, अखिलेश को जैन दर्शन के प्रचार-प्रसार हेतु डा.विकास जैन, सोनू जैन, गौरव कुमार, प्रीति जैन, ऋषभ जैन, अर्पित, प्रतीक जैन, अंकुर जैन, संयम जैन को शासकीय सेवा के लिए चयनित होने समय सत्य प्रधान दमोह एवं बानपुर की बेटी प्रांजल जैन को नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्टी सुशील कुमार, परमात्म प्रकाश भारिल्ल, मुन्नालाल, अखिलेश, एड.सुरेश जैन, शिखरचंद, पं.कैलाशचंद्र, भानु शास्त्री, ब्र.ब.कमलश्री, राहुल शास्त्री, विवेक जैन, अनुराग जैन, सुशांत जैन, प्रीतिकर शास्त्री मौजूद रहे। संचालन जिनेंद्र शास्त्री ने किया।

## बांसी के दबंग पर रंगदारी मांगने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत चौकी बांसी के वार्ड नं. 1 खिरकन निवासी रामसखी पत्नी हरीशंकर यादव ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये बताया कि उसके ससुर दमरू पुत्र दौलते ने मजरा खिरकन में सरकारी जमीन नीलामी में खरीदी थी और उस पर कब्जा लेकर खेती करते आ रहे हैं। बताया कि ससुर की मृत्यु उपरान्त वह अपने पति के साथ उक्त जमीन पर खेती करते आ रहे हैं। बताया कि बीती 21 मई 2024 को शाम करीब 6 बजे गांव में रहने वाला दबंग व्यक्ति उसके घर में घुस आया और सरकारी जमीन पर खेती करने के एवज में कमीशन के तौर पर 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने लगा। रंगदारी न देने पर जमीन को फिर से सरकारी खाते में दर्ज कराने की धमकी देते हुये खुद कब्जा कर लेने की धमकी देने लगा। आरोप है कि उक्त दबंग ने उसके पति को कट्टा दिखाते हुये 50 हजार रुपये की मांग करते हुये जान से मारने की धमकी दी और घर में रखा सामान अस्त व्यस्त कर दिया। शोरगुल होने पर गोपाल कुशवाहा, गुबिन्दी और वह स्वयं पति को बचाने के लिए पहुंची तो दबंग ने हवा में कट्टा लहराते हुये हवाई फायर झोंक दिया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद से वह व उसका पूरा परिवार भयभीत है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# चित्रकला चरित्र का निर्माण करती है : अभय नारायण

- पेन्टिंग विद् ऑयल कलर्स विशिष्ट कला शिविर का भव्य शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित विशिष्ट कला शिविर पेन्टिग विद् आयल कलर्स 26 मई से 23 जून 2024 तक का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अभय नारायण राय क्षेत्राधिकारी सदर पुलिस एवं अध्यक्षता कर रहीं आवकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवल एवं माँ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने कहा मानव मस्तिष्क की क्षमता बहुत अधिक है। हम जो कुछ देखते है, सुनते हैं, अनुभव करते वह चित्र के रूप में मस्तिष्क में संग्रहीत होते रहे है, वहीं संस्कार बनकर हमारे चरित्र का निर्माण करते है। चित्रकार ब्रह्मा का स्वरूप है, जो नित्य नये सृजन को जन्म देता है। चित्रकला चरित्र का निर्माण करती है। अध्यक्षता कर रही आवकारी निरीक्षक श्रीमती अम्बिका तिवारी ने कहा कि चित्रकला को ललित कलाओं में सर्वोच्च स्थान दिया गया है। यह जीवन में होने वाले अवसाद से बचाता है। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने शिविर के विषय में बताते हुये कहा कि यह शिविर भारतीय चित्रकला के 6 आधारसूत्र - रूप भेद, प्रमाण भाव, लावण्य, सादृश, वर्णिका भंग पर आधारित है। इसमें तैल रंगों का प्रयोग करते हुये उत्कृष्ट कोटि के चित्रों का निर्माण होता है। यह शिविर एक सफल चित्रकार बनने में उपयोगी है एवं आजीविका के मार्ग प्रशस्त करता है। शिविर को डा.दीपक चौबे, इन्टैक ललितपुर चैप्टर संयोजक सन्तोष शर्मा, कवि रविन्द्र पाठक, कृष्णकांत सोनी, महावीर प्रसाद दीक्षित ने भी सम्बोधित किया। शिविर के प्रबन्धन में महेश प्रसाद बिरथरे, इंजी.शुभम बिरथरे का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रीति बिरथरे, संरक्षक संस्कार भारती गोविन्द नारायण व्यास, विनोद त्रिपाठी, प्रदीप रिछारिया, राजेन्द्र राठौर, अवधेश त्रिपाठी के अलावा 25 कला साधक उपस्थित रहे। संचालन ब्रजमोहन संज्ञा ने किया।

# बाबू बालेश्वर के बताएं मार्गों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि



ग्रामीण पत्रकारो के मसीहा स्व बाबू बालेश्वर लाल जी के रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**राठ (हमीरपुर)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी की 37वीं पुण्यतिथि सोमवार को कबीर चौरा मंदिर सिकन्दरपुरा में ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाई गई। पत्रकारों ने उनके चित्र पर दीप जलाकर पुष्पांजलि अर्पित किया। ग्रामीण पत्रकारिता का भविष्य और चुनौतियां विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथियों ने अपने विचार प्रकट किए व विस्तार से पत्रकारिता में चुनौतियां और तमाम अहम बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसोसिएशन के जिला महासचिव जयशंकर त्रिपाठी ने विषय परिवर्तन करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा हर तरफ चुनौतियां हैं। ऐसे में पत्रकारिता से जुड़े लोगों को हमेशा इसका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता तपस्या की तरह है। और पत्रकार को एक साधक का जीवन व्यतीत करना चाहिए। अभाव में अपने स्वभाव को कायम रखने वाला ही जीवन हो सकता है। पत्रकारिता आज बाजारवाद के जबरदस्त प्रभाव में है। बाजारवाद का प्रभाव पत्रकारिता और पत्रकार दोनों को तमाम सारे सही तथ्यों से दूर कर रहा है जो पत्रकारिता के लिए घातक है। ऐसे में पत्रकारों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बाजारवाद के प्रभाव से बचते हुए ईमानदारी और सत्यता के साथ पत्रकारिता करें। कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने संगठन की स्थापना ऐसे दौर में की थी, जब पत्रकारिता और पत्रकार चुनौतियों से गुजर रहे थे। तहसील अध्यक्ष राठ रामसिंह राजपूत ने कहा की पत्रकारों को अपने सम्मान के साथ अपने पेशे से जुड़े लोगों के सम्मान की सुरक्षा के लिए हमेशा आगे आकर प्रयास करना चाहिए। संगठन की उत्पत्ति का आधार ही यही है कि वह पत्रकारों के विषम परिस्थितियों के समय एकजुट होकर संघर्ष करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक मनोज शास्त्री ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कहा कि संगठन पत्रकार हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा से संघर्ष करता रहा है और आगे भी जब कभी किसी पत्रकार के सामने संकट आएगा तो संगठन हमेशा उसके साथ खड़ा रहेगा। ब्लाक अध्यक्ष सुनील राजपूत ने कहा कि पत्रकारों को इस बात को लेकर सतर्क रहना होगा कि उनके द्वारा पत्रकारिता के दौरान कोई ऐसा आचरण न हो जिससे कि सवाल खड़ा हो। इससे पूर्व सभी अतिथियों को बाबू बालेश्वर लाल की स्मृति में प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देवेंद्र राजपूत, शीतू सेंगर, देवेंद्र कुमार, महिपाल लोधी, इरफान अली सहित अनेको पत्रकार मौजूद रहे।

# चार धाम यात्रा हेतु तीर्थ यात्रियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था हुयी लागू

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने बताया है कि मुख्य सचिव उ0 प्र0 शासन, गृह ;पुलिस अनुभाग.3, लखनऊ के पत्र संख्या. 804 पीध /छः.पु.3.2024 दिनांक 24,05,2024 में उल्लेख किया गया है कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा.2024 हेतु तीर्थ यात्रियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। इसके दृष्टिगत यह आवश्यक है कि चार धाम यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जाए। बगैर पंजीकरण यात्रा के लिए जाने पर तीर्थ यात्रियों को असुविधा हो सकती है। मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन द्वारा इच्छुक तीर्थ यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए, मुख्य रूप से निम्न बिन्दुओं पर दिशा.निर्देशों का व्यापक प्रचार.प्रसार करने का अपेक्षा की गई है। अनिवार्य पंजीकरण का प्रवर्तन चार धाम यात्रा के लिए जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं की है, ऐसे श्रद्धालुओं को चारधाम की यात्रा न करने की सलाह दी जाए। ऐसे यात्री, जिनका पंजीयन नहीं है, वे निर्धारित चेक प्वाइन्ट्स पर रोक दिए जाएंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे। यात्रा हेतु पंजीकृत तिथि का अनुपालन यह आवश्यक है कि तीर्थ यात्री उन तिथियों पर ही यात्रा करें जिसके लिए उन्होने पंजीकरण कराया है। इससे श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने तथा धामों पर व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। टूर ऑपरेटरों तथा ट्रैवेल एजेन्टों के उत्तरदायित्व समस्त टूर ऑपरेटर तथा ट्रैवल एजेन्ट यह सुनिश्चित कराएं कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारम्भ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है। इससे तीर्थ यात्रा के दौरान असुविधा अथवा किसी प्रकार के व्यवधान को रोकने में सहायता मिलेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा तथा चार धाम यात्रा.2024 के सफल प्रबन्धन के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि उपरोक्त दिशा.निर्देशों से उत्तर प्रदेश के समस्त इच्छुक तीर्थ यात्रियों को अवगत करा दिया जाए।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने मनाया स्थापना दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने हमीरपुर में स्थापना दिवस जिला परिषद प्रांगण में जिलाध्यक्ष कपिल देव की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें पत्रकारों के हितों की बात की गई और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए हर सम्भव सहयोग की अपील की। अध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा पत्रकारिता में नाना प्रकार की परेशानिया आती है जिनका बड़े ही सुझबुझ के साथ सामना करना होता है। इस दौरान अध्यक्ष कपिल यादव,मुन्ना विश्वकर्मा, नईम अख्तर, उमेश चन्द्र, दीपक सोनी, सुमित, अमित नामदेव, नीरज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# अमृत सरोवर के पास मिला क्षत विक्षत वृद्धा का शव

- 20 मई को लापता हो गई थी घर से
- 22 मई को दर्ज कराई थी गुमशुदी की रिपोर्ट

**अवधनामा संवाददाता**



**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिदोखर में एक सप्ताह पूर्व गायब 75 वर्षीय बृद्धा का क्षत विक्षत शव गांव के अमृत सरोवर के पास मिलने पर सनसनी फ़ैल गई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, शव का आधा भाग गायब होने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। ग्राम विदोखर मेदनी निवासी सुरजी 75 वर्ष पत्नी स्व0 रतीराम वर्मा 20 मई को घर से अचानक गायब हो गई थी, काफी प्रयास के बाद भी उसका पता न चलने पर उसके पुत्र संतोष वर्मा ने 22 को मई थाना सुमेरपुर में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, 27 मई की सुबह बिदोखर पुरई में बने अमृत सरोवर के पास खंडहर में वृद्धा के शरीर का आधा देखा गया जिसमे उसके दोनो पैर गायब थे, ग्राम प्रधान सुंदर लाल प्रजापति द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार पहुंचे और घटना से अधिकारियों को अवगत कराया तो क्षेत्राधिकारी राजेश कमल डॉग स्क्रायड टीम के साथ वहां पहुंचे वृद्धा के आधे धड़ को खोजने का प्रयास किया गया, पुलिस ने आधे अधूरे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, मृतका के पति रतीराम की 20 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी, संतोष, लखन, मदनपाल और चंद्रपाल वृद्धा के चार पुत्र है, बताया जाता है कि वृद्धा अर्ध विक्षिप्त थी, मृतका के पुत्र मदनपाल और संतोष का कहना है कि उनकी मां की हत्या करके आधा धड़ पड़ोसी गांव विदोखर पुरई के अमृत सरोवर के पास खंडहर में फेंक दिया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# दो परिवारों में कराया सुलह



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा हमीरपुर में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में मध्यस्थ अधिवक्ता चन्द्रशेखर गौतम के प्रयास से लालकुमारी पत्नी परमानंद निवासी अमन शहीद जिला हमीरपुर और मान सिंह पुत्र ललऊ सिंह निवासी ग्राम बिदोखर थाना सुमेरपुर के मध्य मूलवाद का सुलह समझौते से निस्तारण कराया गया। जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, अपर जिला जज/सचिव गीतांजलि गर्ग द्वारा दोनों पक्ष को बधाई दी गयी और मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने की ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग, सौंपा डीएम को ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

- आंगनवाड़ी कार्यकत्री जिले भर से कलेक्ट्रेट पहुंची
- ग्रीष्मकालीन अवकाश मिलना जरूरी

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश हमीरपुर में आज दर्जनों आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए गर्मी की छुट्टियों की मांग की है। कार्यकत्रियों ने बताया की आंगनवाड़ी केंद्र जिन भवनों में चल रहे हैं वह प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की तरह सुविधाजनक नहीं हैं, ऐसे में नौनिहाल बच्चे गर्मी के कारण कुपोषित हो रहे हैं। जबकि परिषदीय विद्यालयों को ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाता है। ऐसे में नौनिहालों को गर्मी से बचाने के लिए उन्हें भी ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाए। आपको बता दें कि हमीरपुर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने पहुंचीं यह सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्री जिले भर से कलेक्ट्रेट पहुंची थी। यहां इन्होंने बताया कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। पारा 44 को पार कर चुका है। ऐसे में जिन भवनों में आंगनवाड़ी केंद्र चल रहे हैं वह प्राथमिक या उच्च प्राथमिक विद्यालयों की तरह नहीं हैं। जहां नौनिहालों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें या बच्चों को गर्मी से बचाया जा सके। ऐसे में सभी विद्यालयों की तरह आंगनवाड़ी केंद्रों को भी ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाना चाहिए ताकि बच्चों को गर्मी से बचाया जा सके।

कार्यकत्रियों ने कहा की हम इस बात के लिए संकल्पित हैं कि जो भी सामुदायिक गतिविधियां जैसे ग्रह भ्रमण, टीएचआर का वितरण, टीकाकरण या बच्चों का वजन या लम्बाई नापने का काम हम करते रहेंगे। कार्यकत्रियों ने कहा की शासन प्रशासन के समय-समय पर मिलने वाले निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं। लेकिन नौनिहालों को गर्मी से बचाने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश मिलना जरूरी है।

# स्वच्छता थीम पर आधारित हस्ताक्षर अभियान का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी केन्द्रीय कार्यालय एवं विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी परियोजनाओं में दिनांक 16.05.2024 से 31.05.2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत परियोजना के नगर परिसर में स्वच्छता थीम पर आधारित हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ-साथ सीआईएसएफ के जवान एवं नगरवासियों ने भाग लिया। इस स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उदेश्य आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है।

इस अवसर पर सभी के द्वारा हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया गया कि श्रमदान के द्वारा अपने आस-पास के परिसर को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाना है। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, महा प्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ भारी संख्या में नगरवासी भी उपस्थित रहें।

# तमंचा दिखाकर लोगों को धमका रहे युवक को दबोचा

**अवधनामा संवाददाता**



**भरुआ सुमेरपुर।** पीआरवी की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने कस्बे के वार्ड संख्या 11 के निवासी एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार करके अदालत भेजा है। युवक तमंचे से गायत्री तपोभूमि में धमका रहा था। कस्बे के ऊंछा थोक निवासी दिलीप कुमार मंगलवार को सुबह गायत्री तपोभूमि प्रांगण में लोगों को अवैध तमंचा दिखाकर जान से मार देने की धमकी दे रहा था। इसकी सूचना लोगों ने पीआरवी को दी। सूचना पाकर पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और इस युवक ने तमंचा लहराते हुए पीआरवी टीम को भी धमकाने की कोशिश की। पीआरवी टीम ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर थाने से कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को तमंचे के साथ दबोचकर हवालात पहुंचाया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया युवक से 32 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ है। युवक को न्यायालय भेजा गया है।

# तालाब की सफाई कर दिया गया स्वच्छता का संदेश

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल सीएसआर द्वारा स्वच्छता अभियान 2024 के अंतर्गत एक अभिनव पहल के तहत ग्राम-गहिलगढ़ पश्चिम में तालाब की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में स्थानीय वार्ड पार्षद, एनटीपीसी अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, सभी पर्यावरणीय स्वच्छता को बढ़ावा देने के अपने प्रयास में एकजुट हुए। कार्यक्रम में न केवल तालाब की भौतिक सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया, बल्कि समुदाय में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। निवासियों और अधिकारियों की उत्साही भागीदारी ने एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा आयोजित इस पहल के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करते हुए एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण बनाने की सामूहिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा आयोजित तालाब के सफाई की इस पहल को ग्रामीणों द्वारा काफी सराहा गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) प्रणव वर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक(सीएसआर एवं आर एंड आर) महताब आलम, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं उनकी सीएसआर टीम उपस्थित रही।

## टावर के नीचे की जा रही है खुदाई बड़े हादसा को दी दावत

**सोनभद्र।** सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत लसड़ा मैं खुलेआम हाई टेंशन का टावर के नीचे अवैध जेसीबी ट्रैक्टर ट्राली संचालकों द्वारा मिट्टी खुदाई कर बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं। बतादे की ग्रामीणों ने बताया कि इस तरीके से लाइट टावर के नीचे मिट्टी खुदाई करने के पश्चात टावर कभी भी क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिर सकता है जिससे कि काफी जान्हा होने की संभावना है इस संदर्भ में कई बार संबंधित अधिकारियों से वार्ता की गई उसके बावजूद मन माने तरीके से दबंग जेसीबी संचालक द्वारा जबरन टावर के नीचे मिट्टी खुदाई कर वाहन गड्ढे बना दिए जा रहे हैं उधर इस संदर्भ में नई बाजार चौकी प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामले संज्ञान में आया कि हालांकि इसकी जांच कर कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी और कोड़ी गई मिट्टी पुनःह वापस टावर के नीचे पटवाई जाएगी।

# मतगणना: बिना पास के कोई भी अंदर नहीं जायेगा

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना की तैयारियों के संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 48-बाँदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों / निर्वाचन अभिकताओं के साथ दिनांक 27-5-2024 को प्रातः 11.00 बजे से मतगणना एजेण्ट की नियुक्ति, मतगणना प्रकिया की जानकारी, मतगणना उपरान्त ईवीएम मशीनों की सीलिंग एवं ईवीएम सीलिंग के उपरान्त मण्डी समिति स्थित स्ट्रांग रूमों से ईवीएम वीवीपैट मशीनों को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस में पुलिस अभिरक्षा में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखवाने के संबंध में प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी उपस्थित उम्मीदवार / निर्वाचन अभिकर्ताओं को द्वारा दिनांक 31-5-2024 तक प्रारूप-18 पर मतगणना अभिकर्ता की 2 प्रतियों में 2 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ एकल खिड़की पर जमा करायें जिससे मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति कर पास दिये जा सके। मतगणना एजेण्ट के पास नियुक्ति पत्र एवं मतगणना एजेण्ट का प्रवेश पास अवश्य साथ होना चाहिए विना इसके मतगणना पाण्डाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। जिस विधान सभा के जिस टेबिल हेतु एजेण्ट नियुक्त किये गये हैं वह उसी विधान सभा की टेबिल पर उपस्थित रहकर मतगणना प्रक्रिया का अवलोकन करेगा। दिनांक 4-6-2024 को मण्डी समिति स्थित मतगणना पाण्डालों में प्रातः 8.00 बजे मतगणना प्रारम्भ होगी। मा0 प्रेक्षक महोदया की उपस्थिति में प्रातः 6.00 बजे खोला जायेगा। स्ट्रांग रूम को खोलते समय प्रत्याशी / अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकेंगे। दिनांक 04-06-2024 को रिटर्निंग आफिसर की टेबिल पर प्रातः 8.00 बजे पोस्टल बैलेट की गणना होगी। इस हेतु 1-1 मतगणना एजेण्ट नियुक्ति किया जायेगा। समस्त पोस्टल बैलेट कोषागार बाँदा स्थित डबल लॉक में रखे हुए हैं जिन्हें दिनांक 4-6-2024 को प्रातः 6.00 बजे उप जिलाधिकारी अतर्रा / नोडल अधिकारी (पीवी) द्वारा पुलिस अभिरक्षा में मण्डी समिति स्थित रिटर्निंग आफिसर की टेबिल पर मतगणना हॉल में लाया जायेगा। कोषागार बाँदा में डबल लॉक को खोलते समय प्रातः 6.00 बजे उम्मीदवार / अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकते हैं। पोस्टल बैलेट पेपर लाने वाले वाहन के साथ आप मण्डी समिति तक निगरानी हेतु अपना वाहन / अधिकृत व्यक्ति भी लगा सकते हैं। इसके अतिरिक्त दिनांक 04-6-2024 को मतगणना समाप्ति के उपरान्त मण्डी समिति में स्थापित सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) स्ट्रांग रूम को खोलकर विधानसभावार प्रयुक्त एसएलयू को मण्डी समिति स्ट्रांग रूम से ईवीएम वेयर हाउस में लाकर सुरक्षित रखा जायेगा। उम्मीद (स्वयं / अधिकृत प्रतिनिधि एसएलयू स्ट्रांग रूम खोलते समय उपस्थित रहें। यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 04-06-2024 को मतगणना समाप्ति के उपरान्त रात्रि में ही ईवीएम एवं वीवीपैट (ए एच बी श्रेणी) की मशीनों को मण्डी समिति से लाकर जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस में रखा जायेगा। अतः आपसे अनुरोध है कि ईवीएम वीवीपैट को वेयर हाउस में रखते समय एवं उसे सील करते समय उम्मीदवार अथवा आपका अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकेगा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक / नोडल अधिकारी चुनाव द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि उम्मीदवार के अतिरिक्त किसी को भी वाहन मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं होगा। बगैर प्रेवश पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जायेगा। मोबाइल फोन, माचिस, बीड़ी, तम्बांकू, हथियार, इलेक्ट्रानिक डिवाइस इत्यादि लेकर कोई भी कार्मिक / मतगणना अभिकर्ता मतगणना पाण्डाल में प्रवेश नहीं करेगा।

## ब्लड से ग्रसित 4 साल की तूबा के मसीहा बने अजय

**बाँदा।** सेवर्स ऑफ लाइफ के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने जानकारी दी की आज हमारे पास एक केस आया जिसमे बताया गया की तूबा नाम की 4 साल की बच्ची है जिसको थैलासीमिया नाम की बीमारी है इस बीमारी में हर महीने ब्लड की अवश्यकता होती है पता करने पे बताया गया की बच्ची जब से पैदा हुई है तब से अभी तक हर महीने उसको ब्लड की अवश्यकता पढ़ती है लखनऊ पीजीआई में उसका इलाज चल रहा है आज फिर अचानक से उसकी तबियत बिगड़ी जिसमे तुरंत उसको जिला अस्पताल लेकर आए डॉक्टर ने फौरन ही ब्लड को बोला जिसमे तत्काल ही डिमांड डाली गई और रक्तदाता अजय शिवहरे (माही कम्प्यूटर बाबूलाल चौराहा बांदा) से संपर्क किया अजय जी किसी काम से बाहर जा रहे थे उन्होंने जैसे ही सुना फौरन ही जिला अस्पताल पहुंचे और तूबा खान के लिए रक्तदान किया बच्ची के परिवार वालो ने अजय जी का शुक्रिया अदा किया हम सभी एवं हमारी पूरी टीम अजय जी के उज्वल भविष्य की कामना करती है।

# गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रैली को लेकर जोर शोर से तैयारी शुरू

- 29 मई को लोकसभा एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल के पक्ष में करेंगे रैली को संबोधित



**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/ सोनभद्र।** स्थनीय नगर के रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में बुधवार को लोकसभा के चुनावी समर में एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व विधानसभा उपचुनाव दुद्धी के भाजपा प्रत्याशी श्रवण गोंड़ के पक्ष में रैली को संबोधित करने के लिए अमीत शाह गृह मंत्री भारत सरकार के चुनावी सभा को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही है जहां चोपन भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह अपनी पूरी टीम के साथ देखरेख में लगे हुए हैं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि रेलवे इंटर कालेज में हेलीपैड काम अब लगभग बन गया है वहीं सभा स्थल पर तैयारी जोर-शोर से चल रही है साफ सफाई को लेकर रैली में आने वाली जनता को कोई असुविधा न हो इसको लेकर विषेश ध्यान दिया जा रहा है वहीं आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली अपनी पूरी टीम के साथ व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हुए हैं। सोमवार की सुबह राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़, प्रभारी अनिल सिंह, संजीव त्रिपाठी आदि ने भी तैयारी के बाबत जानकारी ली वहीं दोपहर बाद पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह भी गृहमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, लिपीक अंकित पाण्डेय, विकास सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

# पैरामिलिट्री फोर्स के साथ हुए एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र।** लोकसभा समान्य निर्वाचन -2024 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सोमवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स व स्थानीय पुलिस टीम के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत में फ्लैग मार्च/ एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया। क्रिटिकल मतदान केंद्रों, बूथ व मजरों का भ्रमण कर जनता में सुरक्षा का वातावरण तैयार किया गया। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के दृष्टिगत जनता को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया।

# यूपी सरकार ने माफियाओं को मिट्टी में मिलाया: योगी

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/दुद्धी।** लोकसभा सीट रॉबर्ट्सगंज और विधानसभा दुद्धी सीट पर उपचुनाव के लिए खड़े प्रत्याशियों के समर्थन में सोमवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर पंचायत के टाउन क्लब मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए लोक सभा चुनाव में खड़ी एनडीए की प्रत्याशी रिंकी कोल और उपचुनाव विधानसभा दुद्धी से भाजपा प्रत्याशी श्रवण गोंड के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। सीएम ने कहा कि जिले के सभी गरीबों के लिए प्रधानमंत्री ने आवास देने की घोषणा की है। अभी तक जिन पात्रों को आवास नहीं मिला है जल्द ही उन लोगों का भी भवन बनकर तैयार हो जाएगा। कहा कि यूपी सरकार माफियाओं को मिट्टी में मिलाकर उनके द्वारा अवैध ढंग से कब्जे किए गए जमीन पर गरीबों को मकान बनाकर उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ पात्रों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन में भारत के विकास और विरासत के बारे में संवेदना है। भारत अगला वर्ष जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाएगा। भगवान बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। भारत की आजादी के लिए उन्होंने सर्वस्व न्योछावर करते हुए जनजातीय बंधुओं को इससे जोड़ने के लिए प्राण प्रण से कार्य किया था। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान राज्यमंत्री संजीव गोंड़ सांसद रामशकल, जिला प्रभारी अनिल सिंह, शंकर गिरी, रमेश मिश्र, सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल मौर्य, पूर्व मंत्री जयकुमार जैकी, एमएलसी विनीत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, जय प्रकाश चतुर्वेदी, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, अपना दल एस जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, अमरेश पटेल, पुष्पा सिंह, अनूप तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं के लिए मोदी समर्पित, मोदी के लिए अधिवक्ताः योगी

अवधनामा ब्यूरो

- काशी के सांसद नरेंद्र मोदी के लिए नया रिकॉर्ड बनाने का दिलाया संकल्प
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता हित में किए गए कार्यों को भी गिनाया
- अधिवक्ता और उनकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक हैः मुख्यमंत्री योगी



**वाराणसी/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी कचहरी के निकट रामआसरे वाटिका में अधिवक्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने देश व समाज के लिए खुद को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अधिवक्ताओं की प्राथमिकता में हैं और अधिवक्ता उनकी प्राथमिकता में हैं। आजादी की लड़ाई में अधिवक्ताओं ने प्रैक्टिस रोक कर देश को पूरा समय दिया था। उनके मन में नेशन फर्स्ट था। आज मोदी जी भी नेशन फर्स्ट के अभियान को लेकर चले हैं। एक तरफ नेशन फर्स्ट तो दूसरी तरफ फैमिली फर्स्ट वाले लोग हैं। आज विरासत, सुरक्षा, सम्मान, विकास और गरीब कल्याण के कार्य हो रहे हैं। हमारा अधिवक्ता समुदाय लड़ते-लड़ते थक जाता था, लेकिन अयोध्या का फैसला नहीं आ पाता था। अब तो वहां मंदिर भी बन गया है। काशी में आप कुछ और भी कर रहे हैं। काशी की देखादेखी अब मथुरा में भी आगाज हो गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुशासन के लिए कानून का राज और सुरक्षा पहली शर्त है। हम एक-दूसरे के पूरक हैं। विधायिका के द्वारा बनाए गए अधिनियम को अधिवक्ता समुदाय प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का कार्य करता है। अपनों से पीड़ित व्यक्ति परिवार के सदस्य के कहने पर हस्ताक्षर नहीं करता है, लेकिन अधिवक्ता जहां भी कह दे, वहां हस्ताक्षर कर देता है। आप और आपकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है। पीड़ित को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता सराहनीय और अभिनंदनीय है। गरीब से लेकर समाज के हर तबके को न्याय दिलाने के आपके प्रयास से लाखों लोगों को नया जीवन मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है। इस वर्ग ने देश की ज्वलंत समस्याओं से खुद को कभी अलग नहीं किया, बल्कि चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए सदा अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा। अधिवक्ता समुदाय देश की आजादी की लड़ाई के अग्रिम पंक्ति में था। उन्होंने देश और दुनिया में अच्छी डिग्री ली, लेकिन लगा कि अधिवक्ता पेशा ही सब कुछ नहीं हो सकता तो अच्छी प्रैक्टिस रखकर देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े, तब आजादी कोसों दूर थी, लेकिन उन्होंने नेशन को फर्स्ट रखा। आजादी की लड़ाई में लड़ने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, भीमराव आंबडेकर और मालवीय जी भी अधिवक्ता थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि चौरीचौरा में गोरखपुर के क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी तो उनकी पैरवी के लिए कई घंटों तक मालवीय जी खड़े रहे और कइयों को फांसी के फंदे से बचाया। देश की हर चुनौती के लिए अधिवक्ता समुदाय खड़ा रहा, इसलिए लोकतंत्र के महापर्व में भी अधिवक्ता समुदाय पीछे नहीं रह सकता। दस वर्ष में आपने बदलती काशी, भारत और सात वर्ष में नए उत्तर प्रदेश को देखा है। इसका श्रेय काशीवासियों को जाता है, क्योंकि आपने मोदी जी को प्रतिनिधि के रूप में चुनकर संसद में भेजा। इस बदलाव का लाभ न केवल काशी, उत्तर प्रदेश, बल्कि देश-दुनिया ले रही है। दुनिया में संकट आता है तो दुनिया भारत-मोदी की तरफ देखती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंट स्टेशन से काशी विश्वनाथ धाम तक देश का सबसे बड़ा रोपवे काशी में बन रहा है। यह कार्य इस वर्ष के अंत तक हो जाएगा। प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु इसका प्रयोग करेंगे। काशी की सड़कों से लेकर गलियों के अंदर तक विकास हुआ। झूलते तारों से मुक्ति हुई। काशी के घाटों का सुंदरीकरण हुआ तो गंगा जी अविरल और निर्मल हुई। न केवल सड़क, रेलवे, अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट व वॉटरवे के रूप में काशी से हल्दिया तक जुड़ना दिखाता है कि काशी हर कनेक्टिविटी का केंद्र बना है।

## प्रवास कार्यक्रम

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार 28 मई को गोरखपुर, बलिया, मऊ, चन्दौली व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे जंगल रसूलपुर नं.-2 ब्रम्हपुर ब्लॉक के बगल, चौरी-चौरा, गोरखपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे तालिबपुर का मैदान, बलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:40 बजे बावल पुल के पास, परशुराम निजी आईटीआई कॉलेज के बगल में, गंगऊपुर (कविराजपुर), मधुवन, मऊ में आयोजित घोसी लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 03 बजे नेशनल इंटर कॉलेज, सैयदराजा, चन्दौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 05 बजे कादम्बिनी लॉन, शिवपुर बाईपास, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सायं 07 बजे झूलेलाल मंदिर, लक्सा, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार 28 मई को वाराणसी में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार 28 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह मंगलवार 28 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल मंगलवार 28 मई को गोरखपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री संजीव गौंड

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री संजीव गौंड मंगलवार, 28 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप मंगलवार, 28 मई को गाजीपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम मंगलवार 28 मई को बलिया जिले में जनसम्पर्क करेंगी।

### केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मंगलवार 28 मई को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगी। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सायं 07 बजे आवास कॉलोनी, पाण्डेयपुर, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी।

### केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर मंगलवार 28 मई को देवरिया के प्रवास पर रहेंगे तथा सलेमपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

लखनऊ। केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा मंगलवार 28 मई 2024, को मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे तथा मीरजापुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल मंगलवार 28 मई को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगी। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सायं 04 बजे शाहपुर खेल का मैदान, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी तथा सायं 06 बजे कोरूता तालाब, रोहनियां, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके पश्चात सायं 07:15 बजे बेनीपुर मुबारकपुर, चट्टी चौराहा, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी।

### भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष

**लखनऊ।** भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष जी मंगलवार 28 मई 2024, को बलिया, देवरिया और कुशीनगर के प्रवास पर रहेंगे। माननीय राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष जी सुबह 09:30 बजे केन्द्रीय चुनाव कार्यालय, बेल्थरा रोड, बलिया तथा दोपहर 12 बजे रेणुका इन होटल, सिविल लाइन, देवरिया में आयोजित प्रवासी एवं विस्तारक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे। इसके पश्चात् ओम रेजीडेन्सी, कसया, कुशीनगर में आयोजित बैठक में प्रवासी एवं विस्तारकों के साथ संवाद करेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी जी मंगलवार 28 मई 2024, को चन्दौली व मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय, चन्दौली में संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे तथा सायं 03:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय, मीरजापुर में संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे।

# अबकी बार उ. प्र. में सभी सीटें जीत रही भाजपाः केशव



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर के बांसडीह, बलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2017 में अखिलेश यादव और राहुल गांधी गठबंधन करके उत्तर प्रदेश में आए थे और उत्तर प्रदेश की जनता ने उन्हें चारो खाने चित कर दिया था। 2024 में फिर गठबंधन करके राहुल और अखिलेश आये हैं। अबकी बार उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें भाजपा जीत रही है। सपा, कांग्रेस का यूपी की जनता खाता भी नहीं खुलने देगी। उन्होंने कहा कि सपा की साईकिल की जनता ने पहले चैन उतारी, फिर टायर पंचर कर दिया और अब 4 जून को 4 बजे 400 पार होते ही समाजवादी पार्टी की साईकिल को पार्सल करके जनता अखिलेश यादव के पास भेज देगी।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता ने कमल का बटन दबाया तो अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया। जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो गई और हर घर में तिरंगा फहरा गया। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही पाक अधिकृत कश्मीर में भी तिरंगा फहराएगा।

## कांग्रेस ने मनाई पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि

**लखनऊ।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आधुनिक भारत के महान शिल्पी, भारत के प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सादगी से मनायी गयी। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल ने पंडित नेहरू को युगदृष्टा बताते हुए विश्व पटल पर भारत को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करने, भारत की संस्कृति, सभ्यता और गंगा-जमुनी तहजीब और पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोने और महान भारत की परिकल्पना की थी। पंडित नेहरू ने पंचशील सिद्धांत का प्रतिपादन कर भारत को एक सम्प्रभु राष्ट्र, लोकतंत्र को मजबूत बनाने, एकता-अखण्डता के साथ ही आर्थिक, सामाजिक और सामरिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और विश्व शांति की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता का नकाब उताराः शाहनवाज आलम

- भाजपा राहुल गांधी के अग्निवीर योजना और संविधान बदलने पर सवाल उठाने से डर गयी है

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने आरोप लगाते हुए कहा कि छठवें चरण के बाद भारतीय जनता पार्टी की बुरी हार देख केन्द्रीय चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता का नकाब उतार दिया है। भाजपा उससे विपक्ष पर मुद्दों को न उठाने का दबाव डलवा रही है और आयोग भी केंचुए की तरह रेंगने लगा है। श्री आलम ने कहा कि आयोग अगर सरकार के इतना दबाव में है तो उसे अब यह भी बता देना चाहिए कि विपक्षी नेता कौन-कौन से मुद्दे उठाएं। श्री आलम ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी के अग्निवीर योजना और संविधान बदलने पर सवाल उठाने से डर गयी है। क्यों कि यह मुद्दे सीधे देश के युवाओं और लोगों के आरक्षण जैसे संवैधानिक अधिकारों से जुड़े हैं। राहुल गांधी की रैलियों में सेना की तैयारी करने वाले अग्निवीर विरोधी युवाओं की भारी भीड़ आ रही है, जबकि अग्निवीर योजना के फायदे गिनाने वाले मोदी इस पर चुप्पी साधे हैं। राहुल गांधी के सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को रद्द करने की घोषणा से डरे मोदी जी चुनाव आयोग के जरिए विपक्षी नेताओं पर दबाव डाल इस मुद्दे को दबवाना चाहते हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने अखबार में लेख लिख संविधान बदलने की बात की थी, जिस पर मोदी जी की चुप्पी से साफ हो गया है कि खुद प्रधानमंत्री संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। लेकिन अब राहुल गांधी के यह सवाल उठाने पर वे चुनाव आयोग को आगे कर इस मुद् दे को दबाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। श्री आलम ने कहा कि केन्द्रीय चुनाव आयोग केचुआ सरकार के इतना दबाव में है तो उसे यह भी बता देना चाहिए कि विपक्षी नेता कौन-कौन से मुद्दे उठाएं।

## बृजेश चन्द्र मिश्र की याद में स्मृति सभा आयोजित

**लखनऊ।** अम्बालिका इंस्टीट्यूट एण्ड मैनेजमेण्ट टेक्नोलॉजी के संस्थापक और समाजसेवी स्वर्गीय बृजेश चन्द्र मिश्र की याद में सोमवार को स्मृति सभा आयोजित हुई। स्मृति सभा में समाजसेवियों, शिक्षाविदों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं सहित शिक्षकों व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कैण्ट स्थित बृजेश धाम में हुई स्मृति सभा का आरम्भ राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने स्वर्गीय मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कांग्रेस नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा और अम्बालिका इंस्टीट्यूट के निदेशक अम्बिका मिश्र ने स्वर्गीय मिश्र के चित्र के समक्ष उनकी याद में दीप प्रज्ज्वलित किया। स्मृति सभा में लखनऊ, प्रतापगढ़, रायबरेली, प्रयागराज सहित कई जिलों के शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों से जुड़ी हस्तियों ने शिरकत कर स्वर्गीय मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्वर्गीय मिश्र के प्रपौत्र राघव मिश्र ने अतिथियों का आभार जताया। स्मृति सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा किया।

# माहवारी गर्व की बात, शर्माएं नहीः डॉ. पिंकी



अवधनामा ब्यूरो

- सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित सहज स्वास्थ्य चर्चा में महाप्रबंधक आरकेएसके ने बताईं सरकारी योजनाएं

**लखनऊ।** माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसमें शर्म या हया का बोध क्यों। यह तो किसी महिला के लिए गर्व की बात है। माहवारी के दौरान शरीर की देखभाल मौलिक स्वतंत्रता का अनिवार्य हिस्सा है, फिर भी बड़ी संख्या में माहवारी उत्पादों तथा माहवारी स्वच्छता संबंधी उपायों तक समुदाय की पहुँच नहीं है। विभाग लगातार प्रयासरत है कि एक-एक किशोरी को जागरूक बनाया जाए और उनतक सेनेटरी पैड पहुंचे। इसके अलावा विभाग 10 से 19 वर्ष तक की बेटियों की सेहत का ध्यान रखने के लिए उनके खून की जांच कराने की शुरुआत करने जा रहा है। इससे उनके एनीमिक होने पर उनका इलाज कराया जा सकेगा। यह कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल का। वह माहवारी स्वच्छता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को एसजीपीजीआई में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित सहज स्वास्थ्य चर्चा में डॉ पिंकी ने कहा कि माहवारी कोई अपवित्रता की बात नहीं है। हर माँ को अपनी बेटी को उसकी माहवारी शुरू होने से पहले बात करना चाहिए। अगर मां अपनी पुरानी सोच के चलते बेटी से इस विषय पर बात करने से हिचकिचाती रहेगी तो वह अपनी बेटी की सेहत से खिलवाड़ करेगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में जब किसी बेटी को माहवारी आती है तो परिवार बाकायदा आयोजन करता है। इस तरह मांओं व परिवारों को अपनी बच्चियों की खातिर शर्म का बंधन तोड़ना होगा। माहवारी स्वच्छता दिवस की इस वर्ष की थीम है टुगेदर फॉर ए पीरियडफ्रेंडलीवर्ल्ड अर्थात माहवारी अनुकूल विश्व के लिए एकजुट हों।

# एलडीए ने गोमतीनगर में चलाया अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में अवैध रूप से संचालित ट्रैम्पोलिन पार्क/गेमिंग जोन के खिलाफ सोमवार को बड़े स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान गोमती नगर में 5 और ट्रांसपोर्ट नगर में 1 ट्रैम्पोलीन पार्क बन्द कराया गया। लविप्रा ने इन पार्कों के मालिकों/प्रबंधकों को 15 दिन के भीतर स्वीकृति मानचित्र और किसकी अनुमति से संचालित किये जा रहे हैं संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने का अल्टीमेटम दिया है। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शहर में अवैध रूप से संचालित ट्रैम्पोलीन पार्क/ गेमिंग जोन के खिलाफ अभियान चला कर कार्रवाई के निर्देश दिये। लविप्रा प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को शहर के विभिन्न स्थानों में संचालित ट्रैम्पोलीन पार्क/गेमिंग जोन का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्ट्या कुछ जगहों पर खामियां मिलीं, जिस संबंध में लविप्रा अधिकारियों ने संचालकों से सवाल पूछे तो संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। लविप्रा टीम ने जांच पूरी होने तक गेमिंग जोन बन्द करा दिये साथ ही गेमिंग जोन के मालिकों व प्रबंधकों से निर्माण अनुज्ञा आदि साक्ष्य 15 दिन के भीतर पेश करने के निर्देश दिये। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि गोमती नगर के विकल्प खण्ड में दीपक सिंह व जितेन्द्र छाबड़ा की ओर से संचालित स्काई जम्पर ट्रैम्पोलीन पार्क, विजय खण्ड में कशिश गेमिंग जोन, विवेक खण्ड में वेदांश चौधरी के गेमिंग जोन, विकल्प खण्ड में नीलू गुप्ता की ओर से संचालित प्लेरूम फन जोन और विशेष खण्ड में आदित्य कुमार के मिस्ट्रीरूम एंटरटेंमेण्ट जोन को तत्काल प्रभाव से बन्द करा दिया।

## ईरान के राष्ट्रपति डॉ. अयातुल्लाह इब्राहिम रईसी की याद में शोकसभा यादे सफिराने इंकलाब का आयोजन

# भारत और ईरान की संस्कृति में है समानता : मौलाना इस्तेफाः मौलाना जाबिर जौरासी

अवधनामा ब्यूरो

- डॉ. अयातुल्लाह रईसी की पालिसी पूरी दुनिया के लिए बनी मिसाल
- निगाह में अज़्म कराया शहीद रईसी ने हमेशा मज़लूमों की हिमायत कीः मौलाना इस्तेफा
- डॉ. रईसी भारत के साथ रिश्ते और मज़बूत करने की तैयारी में थे
- ज़रूरी है शहीद डॉ. अयातुल्लाह रईसी पर एक बड़ा सेमिनार होः शकील रिज़वी



**लखनऊ।** ईरान के राष्ट्रपति डॉ अयातुल्लाह इब्राहिम रईसी समेत 9 लोगों की हेलीकाप्टर हादसे में हुई शहादत पर उनको श्रद्धांजलि के लिए शोक सभा यादे सफिराने इंकलाब का आयोजन छोटा इमामबाड़ा में ऐनुल हयात ट्रस्ट, इदारा इल्म व दानिश और हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, अवधनामा के अलावा दर्जनों धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने किया। इस अवसर शहीदों की कामों के याद कर खिराजे अक़ीदत पेश की गयी।

कार्यक्रम की शुरूआत कारी बदर-उल-दुजा ने सूरह बकरा की उन आयतों की तिलावत से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना जाबिर जौरासी ने की और संचालन मौलाना हैदर अब्बास दानिश ने किया।

इस अवसर पर डॉ कल्बे सिब्तैन नूरी ने अपने ख्यालात का इज़हार करते हुए कहा ईरानी सदर के बारे में कुछ मीडिया कि गलत खबर की निंदा की और कहा कि ईरान का इंकलाब पूरी दुनिया में अमन और इन्साफ कि शिक्षा देता है डॉ अयातुल्लाह रईसी की पालिसी पूरी दुनिया के लिए मिसाल बन रही थी उनके खिलाफ साज़िश रची जा रही थी उन्होने कहा कि अयातुल्लाह रईसी कि पालिसी से दुनिया के देश उनकी तरफ दोस्ती कि निगाह से देखें लगे थे आखिर में उन्होने अपनी तक़रीर में शहीद इब्राहिम रईसी और उनके साथियों को याद किया।

मौलाना इस्तेफ़ा रज़ा ने अपने ख्यालात का इज़हार करते हुए कहा कि डॉ अयातुल्लाह रईसी कि पूरी ज़िंदगी मुजहेदना ज़िन्दगी रही उनको ज़िंदगी ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट इंसान कि तरक्की में नहीं बन सकती बास्दिल में नियत नेक होनी चाहिए उन्होने अपने इरादे से दुनिया की निगाह में अज़्म कराया शहीद रईसी ने हमेशा मज़लूमों की हिमायत की। रईसी साहब की शख्सियत हमारे लिए आइडियल बन सकती है। उन्होने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

अवधनामा के शकील रिज़वी ने सम्बोधित करते हुए डॉ. आयतुल्लाह रईसी हमारे देश भारत के साथ रिश्ते और मज़बूत करने की तयारी में थे वह चाबहार समझौते की मुद्दत को और आगे बढ़ाने के साथ ही भारत से और भी व्यापारिक सांस्कृतिक आदि रिश्ते मज़बूत करने के हामी थे शकील रिज़वी ने कहा की भारत ने भी उनकी दोस्ती को क़ुबूल किया एससी ओ का सदस्य बनने में ईरान की मदद की और भारत आने का न्योता दिया था उनकी शहादत पर भारत ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया और उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ ने ईरान जाकर ईरानी प्रेसिडेंट शहीद रईसी को श्रद्धांजलि अर्पित की शकील रिज़वी ने कहा की शहीदों को सिर्फ श्रद्धांजलि अर्पित करना ही मोहब्बत का इज़हार नहीं है बल्कि उनसे कुछ सीख कर उनके कामों पर अमल भी करना चाहिए उन्होने कहा की ज़रूरी है शहीद डॉ अयातुल्लाह रईसी पर एक बड़ा सेमिनार हो जिसमे दूसरे धर्मो के लोगों, जज, वकील, मंत्री आदि को बुलाकर रईसी साहब के बारे में बताया जाये जिससे की वेस्टर्न कन्ट्रीज के बेबुनियाद आरोपों की पोल खुल सके और रईसी साहब की जद्दो जहद बहरी ज़िंदगी के बारे में लोग जान सके इस सेमिनार के आयोजन में अवधनामा हर संभव सहायता को तैयार है।

मौलाना इस्तिफा रजा को आमंत्रित किया जिन्होंने कहा कि कभी-कभी नाम का असर किरदार में देखने को मिलता है। हज़रत इब्राहीम जो तौहीद के मुनादी थे, उन्होंने अपने दुश्मनों से कभी समझौता नहीं किया उसी तरह आयतुल्लाह शहीद इब्राहिम रइसी ने भी कभी भी दुश्मनों से समझौता नहीं किया

मौलाना अख्तर अब्बास जौन ने कहा की डॉ अयातुल्लाह रईसी कई पदों पर आसीन रहे लेकिन किसी पद की आरज़ू नहीं की वह ीमम रज़ा के रौज़े के खादिम रहना चाहते थे शहीद रईसी हर फील्ड के माहिर थे रहबरे इंकलाब के बाद अगर कोई ऐसा राइसे मुल्क नहीं मिला जिसको रईसकहा जा सके उनकी मान का घर देखकर उनकी ईमानदारी का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। उनकी शहादत के बाद दुनिया भर में गम मनाया जा रहा है इससे उनके मेयार का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। दुशमन के लिए खौफ थे वह आलिम दीनके साथ हुकूमत में भी सख्त फैसले वाले थे।

मौलाना सैयद मुशाहिद आलम रिजवी थे, जिन्होंने कहा कि आज क्रांति के राजदूतों की शहादत पर सच्चाई और हक़ के सभी दीवाने शोक में हैं। अयातुल्लाह इब्राहिम रईसी ईरान के एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने तीन साल की अवधि में राजनीति को सेवा, मजलूमों की सहायता और जनता की समस्याओं के समाधान का बेहतरीन जरिया बनाया।

अपनी सदारतीतक़रीर में मौलाना जाबिर जौरासी ने कहा की भारत और ईरान की संस्कृति में समानता है, इसका प्रमाण हिंद और ईरान की अज़ादारी है। भारत के उपराष्ट्रपति शहीद रईसी की शहादत पर जब उपस्थित हुए, तो उन्होंने काला वस्त्र पहनकर यह साबित किया कि भारत और ईरान में सांस्कृतिक समानता है। मौलाना जाबिर जौरासी ने कहा की मज़लूमों के ज़बरदस्त हमदर्द थे शहीद रईसी की शहादत से इंकलाबी अफ़राद को ताक़त दे दी उन्होने कहा की शहादत बहुत दर्दनाक है लेकिन सबक दे गयी मज़लूमों से हमदर्दी का आखिर में मौलाना ने कर्बला के शहीदों की शहादत ब्यान की।

कार्यक्रम के संचालक मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी ने मौजूदा हालात का मुख्तसर खाका पेश किया और हिन्दुस्तन में रहबरे इंकलाब अयातुल्लाह ख़ामेनाइ के प्रतिनिधि अयातुल्लाह मेहदवीपुर का संदेश पढ़ा। जलसे में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरूषों ने शिरकत की।